उज्जैन
मंगलवार
01
सितम्बर, 2026
मूल्य- 2 रु.
वर्ष-12
अंक-298
मालवा डिवीजन 402/2024-2026
आर एन आई क्रमांक 2013/57651

# दैनिक ब्रह्मास्त्र

3 ▸ राहुल गांधी के खिलाफ एससी-एसटी एक्ट में केस का विरोध
7 ▸ पीसीबी ने कोच समेत 7 प्लेयर्स को वापस बुलाया

# कॉमर्शियल सिलेंडर 11.50 और दूध 9 रुपये तक महंगा

## टाटा-हुंडई की कारों की कीमतें 25 हजार रुपये तक बढ़ीं, बिना ई केवायसी अटक सकती है एलपीजी सब्सिडी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

आज यानी 1 सितंबर 2026 से कॉमर्शियल सिलेंडर औसतन 11.50 रुपए महंगा हो गया है। वहीं, मुंबई में आज से दूध 9 रुपए प्रति किलो तक महंगा हो गया है। इसके अलावा जिन उपभोक्ताओं ने एलपीजी कनेक्शन की ई-केवायसी पूरी नहीं की है, उन्हें सब्सिडी का फायदा लेने में परेशानी हो सकता है। ई-केवायसी कराने की समयसीमा 31 अगस्त थी।

### कॉमर्शियल गैस सिलेंडर औसतन 11.50 रुपए महंगा

**बदलाव:** तेल कंपनियों ने कॉमर्शियल गैस सिलेंडर औसतन 11.50 रुपए तक महंगा कर दिया है। कोलकाता में इसकी



कीमत 2884 हो गई है। पहले ये 2872.50 में मिल रहा था।
इसके अलावा 5 किलो वाले एलपीजी का दाम भी 2 रुपए बढ़ गया है। अब इसे रिफिल कराने के लिए 764 रुपए देने होंगे।

### मुंबई में आज से दूध 9 रुपए प्रति लीटर महंगा

**मुंबई:** बॉम्बे मिल्क प्रोड्यूसर्स एसोसिएशन ने 1 सितंबर से थोक दूध की कीमतों में 9 रुपए प्रति लीटर की बढ़ोतरी का ऐलान किया है। इससे थोक दर 93 रुपए से बढ़कर 102 रुपए प्रति लीटर हो गई है, जो 28 फरवरी 2027 तक लागू रहेगी।
**तमिलनाडु:** एविंस दूध के खरीद मूल्य में 3 रुपए प्रति लीटर की बढ़ोतरी की गई है। यह दर 41 रुपए से बढ़कर 44 रुपए प्रति लीटर हो गया है। दो हफ्तों से भी कम समय में यह दूसरी बढ़ोतरी है, जिससे कुल मिलाकर खरीद मूल्य में 6 रुपए प्रति लीटर का इजाफा हुआ है।
**कारण:** पशुओं के हरे चारे, भूसे और खली के दामों के साथ-साथ उनके रख-रखाव और ट्रांसपोर्ट के खर्चों में भारी बढ़ोतरी हुई है। इस वजह से दूध के दाम बढ़े हैं।

### ई-केवायसी नहीं कराई, अटक सकती है एलपीजी सब्सिडी

**बदलाव:** एलपीजी सब्सिडी का फायदा जारी रखने के लिए ई-केवायसी कराने की आखिरी तारीख 31 अगस्त थी। तेल कंपनियों ने सभी घरेलू एलपीजी ग्राहकों से इस काम को पूरा करने को कहा था।

### विदेश जाने के लिए बोर्डिंग पास पर स्टैम्प की जरूरत नहीं

**बदलाव:** भारत से विदेश जाने वाले यात्रियों के लिए 1 सितंबर 2026 से इमिग्रेशन काउंटर पर बोर्डिंग पास पर स्टैम्प लगवाने का नियम खत्म कर दिया गया है। अब प्रोसेस डिजिटल हो गई है।
अब यात्री इमिग्रेशन के समय अपने फोन में ई-बोर्डिंग पास दिखा सकते हैं। हालांकि, सही पासपोर्ट, वीजा और सुरक्षा जांच से जुड़े बाकी सभी नियम पहले की तरह ही लागू रहेंगे।

### आज से महंगी होंगी टाटा और हुंडई की कारें

**बदलाव:** टाटा मोटर्स ने आज से अपनी गाड़ियों के सभी मॉडल्स और वैरिएंट्स को 25,000 रुपए तक महंगा कर दिया है। हुंडई मोटर इंडिया ने भी कीमतों में 1% तक का इजाफा किया है।
**कारण:** कच्चे माल (कमोडिटी) के बढ़ते दाम, परिचालन लागत (ऑपरेटिंग कॉस्ट) और महंगाई के दबाव को कम करने के लिए कंपनियों ने यह फैसला लिया है।

### मुंबई में सीएनजी और घरेलू पीएनजी की कीमतें बढ़ीं

महानगर गैस लिमिटेड ने मुंबई में सीएनजी और घरेलू पीएनजी की कीमतें बढ़ा दी हैं। मुंबई में सीएनजी की कीमत 2 रुपए प्रति किलोग्राम बढ़ाकर 88 रुपए कर दी है, जबकि घरेलू पीएनजी की कीमत में 1 रुपए प्रति एससीएम की बढ़ोतरी की गई है। घरेलू एयरलाइंस के लिए हवाई फ्यूल की कीमतों में 5.46% या 6.28 रुपए प्रति लीटर की बढ़ोतरी की गई है। कीमत 115 रुपए प्रति लीटर से बढ़ाकर 121.28 रुपए प्रति लीटर कर दी गई है, जो लगातार दूसरे महीने हुई बढ़ोतरी है।



## नेपाल बाढ़ में फंसी एक्ट्रेस मानसी भारत लौटीं

ब्रह्मास्त्र ▸▸ मुंबई

नेशनल अवॉर्ड विनिंग एक्ट्रेस मानसी पारेख कैलाश मानसरोवर यात्रा के दौरान नेपाल-तिब्बत सीमा पर आई भीषण बाढ़ के बीच फंसने के बाद सुरक्षित मुंबई लौट आई हैं। मुंबई एयरपोर्ट पर वे अपने पति और बेटी को गले लगाकर भावुक दिखाई दीं। तिब्बत में भूस्खलन होने के कारण उन्हें 4 घंटे तक बस में इंतजार करना पड़ा। इसके बाद वे पैदल खराब रास्ता पार कर नेपाल सीमा पहुंचीं और काठमांडू होते हुए मुंबई अपने परिवार के पास पहुंचीं। मानसी ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर इस पूरे अनुभव को शेयर करते हुए जंग जीतने जैसा बताया है।

### देश

- पित्रोदा बोले- गरीब-दलित, अल्पसंख्यकों की बात करना दिमागी नक्सल नहीं, मुस्लिम-ईसाई, यहूदी और बौद्धों से पूछिए भारत में कैसा महसूस करते हैं
- अन्ना हजारे की तबीयत बिगड़ी, मुंबई के बॉम्बे हॉस्पिटल में भर्ती, दावा- किडनी में इन्फेक्शन हुआ
- तेलंगाना में बीजेपी-कांग्रेस कार्यकर्ताओं में झड़प, एक-दूसरे के दफ्तर और घर पर हमले
- प्रयागराज एयरफोर्स स्टेशन के पास पटाखा फैक्ट्री में विस्फोट, 11 की मौत, इनमें 3 परिवारों के 8 बच्चे, डीएम ने गोदाम पर बुलडोजर चलवाया
- राजस्थान, जेन-जी और जेन-अल्फा पर लाठीचार्ज नहीं, आंदोलन-विरोध प्रदर्शनों में मौके पर जाकर बातचीत करेंगे अफसर, गृह विभाग एसओपी तैयार करने में जुटा
- चिकन के ज्यादा पीस खाने पर दोस्त का मर्डर, मोबाइल चलाने पर छोटे भाई ने बड़े भाई को चाकू घोंपा

### विदेश

- अगले साल इंसानों से ज्यादा समझदार हो जाएगा एआई, मस्क बोले- डिजिटल काम चुटकियों में करेगा, इंटरनेट और हैकिंग के लिए बनेगा बड़ा खतरा
- भारतीय इकोनॉमी आरबीआई के अनुमान से ज्यादा तेजी से बढ़ी, पहली तिमाही में जीडीपी ग्रोथ 7.8% रही, आईटी-रियल एस्टेट सेक्टर्स में बढ़त का असर
- चीन ने युद्ध की तैयारी के लिए बदला रक्षा कानून, आम लोगों के संसाधन इस्तेमाल कर सकेगी सरकार, आदेश नहीं मानने पर सजा होगी
- किर्गिस्तान में पुतिन-मोदी की मुलाकात, दोनों लीडर गले मिले, पीएम ने ब्रिक्स के लिए न्योता दिया, एक ही कार में बैठकर नोमैड गेम्स सेरेमनी में पहुंचे

### व्यापार

- सेंसेक्स में 100 अंकों की गिरावट, 76,900 पर कारोबार कर रहा, निफ्टी भी 50 अंक नीचे, फार्मा और रियल्टी शेयर्स में ज्यादा बिकवाली
- सुभाष चंद्रा केस में एनसीएलटी ने 5 सदस्यीय बेंच बनाई, 22 हजार करोड़ के दावों पर सिर्फ 6.5 करोड़ के भुगतान की पेशकश, आज सुनवाई

### कार्टून..




#### असम में दर्दनाक हादसा : डिवाइडर पार कर ट्रक से टकराई कार

# हादसे में 6 की मौत, कई घायल

ब्रह्मास्त्र ▸▸ कामरूप

असम के कामरूप (मेट्रो) जिले में राष्ट्रीय राजमार्ग-27 पर बीती रात एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। खेतड़ी थाना क्षेत्र के नलगेदरा इलाके में एक तेज रफ्तार यात्री वाहन अनियंत्रित होकर डिवाइडर लांघते हुए सामने से आ रहे ट्रक से जा टकराया। इस भीषण भिड़ंत में मरने वालों की संख्या बढ़कर 6 हो गई है, जबकि कई लोग गंभीर रूप से घायल हैं।

जानकारी के अनुसार, यात्री वाहन नगांव से गुवाहाटी की ओर जा रहा था। खेतड़ी के पास अचानक चालक ने वाहन पर से नियंत्रण खो दिया, जिसके कारण गाड़ी डिवाइडर को पार कर सीधे दूसरी लेन में चली गई और सामने से आ रहे ट्रक से जोरदार टक्कर हो गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि एक महिला सहित कई लोगों की मौके पर ही जान चली गई।



## आतंकी पम्मा की गैंगस्टर गोल्डी बराड़ को धमकी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ लुधियाना

ब्रिटेन में बैठे खालिस्तानी आतंकी परमजीत सिंह पम्मा ने गैंगस्टर गोल्डी बराड़ को धमकी दी है। पम्मा ने कहा कि बहाने से बात कर गोल्डी ने कॉल रिकॉर्डिंग लीक कर दी। कनाडा में हरदीप निज्जर को मरवाकर अच्छा नहीं किया। गोल्डी बराड़ एजेंसियों का बंदा है। पम्मा ने कहा कि गोल्डी बराड़ ने 40 गोलियों की बात की है, हम 4 हजार चलाएंगे और तेरे पूरे शरीर को छन्नी बना देंगे। तुझे निज्जर के कत्ल का हिसाब चुकाना पड़ेगा।

## लंबे इंतजार के बाद उज्जैन में बारिश भीगी सड़कें और बदला मौसम

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन



लंबे समय के इंतजार के बाद मंगलवार को उज्जैन में बारिश हुई। सुबह से ही रुक-रुककर हल्की बारिश का दौर शुरू हुआ, जिसने सुबह करीब 9 बजे के बाद रफ्तार जरूर पकड़ी, लेकिन बारिश इतनी तेज नहीं थी कि जलभराव की स्थिति बने। हल्की से मध्यम बारिश के कारण शहर की सड़कें भीग गईं और मौसम में बदलाव देखने को मिला।

पिछले कई दिनों से बारिश का इंतजार कर रहे शहरवासियों को मंगलवार सुबह हुई बारिश से राहत मिली। बारिश के बाद उमस और गर्मी से कुछ राहत महसूस की गई तथा मौसम सुहावना हो गया। लंबे इंतजार के बाद हुई इस बारिश को लोग राहत के रूप में देख रहे हैं। हालांकि शहर में तेज बारिश नहीं हुई, लेकिन लगातार गिरती फुहारों और बारिश से सड़कें भीग गईं।

# चित्रकूट में बाढ़ से 80 मकान गिरे

### बिहार में पुल के ऊपर से 2 फीट पानी बहा, उत्तराखंड में नदी में कार बही, 2 की मौत

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

यूपी में मानसूनी बारिश जारी है। चित्रकूट में मंदाकिनी नदी में आई बाढ़ से 80 से ज्यादा कच्चे मकान गिर गए हैं। बिहार के जहानाबाद में दरधा नदी में अचानक पानी आने के कारण जाफरगंज पुल के ऊपर 2 फीट से ज्यादा पानी बह रहा है। उत्तराखंड के देहरादून में देर रात तेज बरसाती बहाव में क्रेटा कार बह गई। हादसे के वक्त कार में तीन लोग थे। एसडीआरएफ टीम ने रेस्क्यू अभियान चलाकर एक को बाहर निकाला, वहीं दो लोगों की मौत हो गई।



# बाइक की भिड़ंत में छात्र और सेवानिवृत्त शिक्षक गंभीर

ब्रह्मास्त्र ▸▸ महिदपुर रोड

सोमवार को नगर के मुख्य मार्ग पर स्कूली छात्रों और एक सेवानिवृत्त शिक्षक की मोटरसाइकिलों में आमने-सामने जोरदार भिड़ंत हो गई। हादसे में स्कूली छात्र सहित सेवानिवृत्त शिक्षक गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए रेफर किया गया।



पुलिस, प्रत्यक्षदर्शियों और संबंधितों से मिली जानकारी के अनुसार ग्राम गोगापुर निवासी तीन स्कूली छात्र एक ही मोटरसाइकिल पर सवार होकर महिदपुर रोड स्थित हायर सेकेंडरी स्कूल पढ़ने आ रहे थे। इसी दौरान ग्राम कानाखेड़ी-एकलासपुर के शासकीय विद्यालय से सेवानिवृत्त शिक्षक एवं वर्तमान में नगर निवासी रतनलाल आसोड़िया अपनी मोटरसाइकिल से घर से बाजार की ओर जा रहे थे।

बताया गया कि संपत ज्वेलर्स एवं पुराने जैन मंदिर के सामने मुख्य मार्ग पर बने सड़क कट को पार करने के दौरान दोनों मोटरसाइकिलों में तेज गति से भिड़ंत हो गई। दुर्घटना इतनी जोरदार थी कि दोनों बाइक सवार सड़क पर गिर पड़े।

हादसे में ग्राम गोगापुर निवासी कक्षा नौवीं का छात्र मुकेश पिता गंगाराम एवं उसके साथी घायल हो गए। वहीं सेवानिवृत्त शिक्षक रतनलाल आसोड़िया को भी गंभीर चोटें आईं। सभी घायलों को उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर घायलों को बेहतर इलाज के लिए रेफर कर दिया गया। पुलिस मामले की जांच कर दुर्घटना के कारणों का पता लगा रही है।

## फोनपे से भी बिना इंटरनेट यूपीआई पेमेंट कर सकेंगे

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

फिनटेक कंपनी फोनपे ने आज से फीचर फोन इस्तेमाल करने वाले यूजर्स के लिए एक नई पेमेंट सर्विस शुरू की है। कंपनी ने 'फोनपे यूपीआई 123पे' फीचर लॉन्च किया है, जिससे बिना इंटरनेट कनेक्शन के यूपीआई ट्रांजैक्शन किया जा सकेगा। साथ ही 12 भाषाओं में अक वाइस असिस्टेंस से मदद भी मिलेगी। इसके साथ ही फोनपे देश का पहला ऐसा बड़ा थर्ड-पार्टी एप्लिकेशन प्रोवाइडर बन गया है, जिसने फीचर फोन यूजर्स के लिए यह डिजिटल पेमेंट सर्विस शुरू की है। इसका फायदा देश में फीचर फोन इस्तेमाल कर रहे 20 करोड़ से ज्यादा यूजर्स को मिलेगा। बता दें कि ये फीचर अभी सिर्फ सरकारी एप भीम वढक में मिलता है।

# निर्माण टेंडरों पर सख्ती, गड़बड़ी मिली तो अफसर भी नपेंगे

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) के तहत सड़कों और बड़े भवनों के निर्माण कार्यों में होने वाली टेंडर संबंधी गड़बड़ियों पर अब अधिकारियों की व्यक्तिगत जवाबदेही तय होगी। पूरे प्रदेश के साथ ही अब उज्जैन जिले में भी टेंडर प्रक्रिया में तकनीकी खामियों, वित्तीय अनियमितताओं या किसी तरह की लापरवाही सामने आने पर संबंधित अधिकारियों को जवाब देना होगा।

अब तक निर्माण कार्य में गड़बड़ी मिलने पर कई मामलों में कार्रवाई ठेकेदार तक सीमित रह जाती थी। ठेकेदार को नोटिस देने, जुमार्ना लगाने या ब्लैकलिस्ट करने की कार्रवाई तो होती थी, लेकिन टेंडर की जांच और स्वीकृति प्रक्रिया से जुड़े इंजीनियर तथा अन्य अधिकारी जवाबदेही से बच जाते थे। नई व्यवस्था में ऐसा नहीं होगा।

विभाग ने टेंडर प्रक्रिया के अलग-अलग स्तरों पर गठित तकनीकी और वित्तीय जांच समितियों की जिम्मेदारियां नए सिरे से निर्धारित की हैं। इसके तहत टेंडर दस्तावेजों की जांच, तकनीकी पात्रता, दरों के परीक्षण और वित्तीय पहलुओं की समीक्षा करने वाले अधिकारियों की भूमिका स्पष्ट की गई है।

### प्रत्येक स्तर पर निर्धारित नियमों के अनुसार जांच करनी होगी

- उज्जैन जिले में सड़क, पुल, भवन और अन्य बड़े निर्माण कार्यों के लिए जारी होने वाले टेंडरों में अब संबंधित अधिकारियों को प्रत्येक स्तर पर निर्धारित नियमों के अनुसार जांच करनी होगी। जांच के दौरान किसी तरह की चूक, लापरवाही या पक्षपात सामने आने पर संबंधित समीक्षा समिति के अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की जा सकेगी।
- विभाग ने प्रमुख अभियंताओं, मध्यप्रदेश सड़क विकास निगम तथा भवन विकास से जुड़े अधिकारियों की जिम्मेदारियां भी निर्धारित की हैं। माना जा रहा है कि नई व्यवस्था से टेंडर प्रक्रिया में पारदर्शिता बढ़ेगी और निर्माण कार्यों में गुणवत्ता तथा वित्तीय अनुशासन सुनिश्चित करने में मदद मिलेगी।

# नेपाल में प्रिंसिपल ने 900 छात्रों की जान बचाई

ब्रह्मास्त्र ▸▸ काठमांडू

नेपाल में 26 अगस्त को आई भीषण बाढ़ के दौरान एक स्कूल प्रिंसिपल के समय पर लिए फैसले से करीब 900 छात्रों की जान बच गई। त्रिशूली सेकेंडरी स्कूल के प्रिंसिपल राजेंद्र दवाड़ी को बाढ़ की चेतावनी मिली तो उन्होंने तुरंत स्कूल खाली करा दिया और छात्रों को ऊंची जगह भेज दिया। स्कूल में कुल 1,643 छात्र पढ़ते थे। हादसे के वक्त करीब 900 छात्र कैंपस में मौजूद थे। दवाड़ी छात्रों के साथ पास की पहाड़ी पर पहुंचे। कुछ ही देर बाद पानी, कीचड़, चट्टानों और मलबे का तेज बहाव स्कूल की पूरी इमारत को बहा ले गया। स्कूल के दो कर्मचारी समय पर बाहर नहीं निकल सके और अब भी लापता हैं। 26 अगस्त को तिब्बत में ग्लेशियर टूटने के बाद नेपाल के कई इलाकों में अचानक बाढ़ और भूस्खलन हुआ।




#### नौकरियों की बहार : 8 हजार पुलिस और 10 हजार शिक्षकों के पद शामिल

# मध्यप्रदेश में 2 लाख पदों पर होगी भर्ती

ब्रह्मास्त्र ▸▸ भोपाल

मध्य प्रदेश में रोजगार को लेकर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने बड़ा ऐलान किया है। ओरछा में आयोजित कार्यक्रम के दौरान सीएम ने कहा कि प्रदेश में 2 लाख पदों पर भर्ती की जाएगी। इनमें पुलिस विभाग में 18 हजार से अधिक और शिक्षकों के करीब 10 हजार पदों पर भर्ती की तैयारी की जा रही है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में 18 हजार से अधिक पुलिस पदों पर भर्ती की जाएगी। इसके साथ ही स्कूल शिक्षा विभाग में भी करीब 10 हजार शिक्षकों की भर्ती की तैयारी है। उन्होंने कहा कि सरकार युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने के लिए बड़े स्तर पर भर्ती प्रक्रिया आगे बढ़ा रही है।

### किसानों को दिन में मिलेगी पर्याप्त बिजली

ओरछा में मुख्यमंत्री ने किसानों के लिए भी बड़ा ऐलान किया। उन्होंने कहा कि किसानों को अब दिन में भी पर्याप्त बिजली उपलब्ध कराने की दिशा में काम किया जाएगा। सरकार का फोकस किसानों को बेहतर बिजली आपूर्ति और कृषि क्षेत्र को मजबूत करने पर है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार गांवों का विकास, गरीबों का सम्मान, युवाओं को रोजगार और किसानों को सहयोग जैसे चार प्रमुख आधारों पर आगे बढ़ेगी। उन्होंने दावा किया कि सरकार की योजनाएं आर्थिक कारणों से बंद नहीं की गई हैं और बजट की कोई कमी नहीं है।

## खबर एक नजर...

### खराब रिजल्ट वाले कॉलेजों के प्राचार्यों की होगी समीक्षा बैठक

**उज्जैन।** सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय प्रशासन ने बीए प्रथम वर्ष की मुख्य परीक्षा का परिणाम घोषित कर दिया है। विद्यार्थी विश्वविद्यालय के अधिकृत वेब पोर्टल पर अपना परीक्षा परिणाम ऑनलाइन देख सकते हैं। परीक्षा परिणाम जारी होने के साथ ही विश्वविद्यालय प्रशासन ने अंक सुधार और समीक्षा के लिए दिशा-निर्देश भी जारी किए हैं। जो विद्यार्थी अपने परिणाम से संतुष्ट नहीं हैं और पुनर्मूल्यांकन या पुनर्योग कराना चाहते हैं, उन्हें निर्धारित समयावधि के भीतर संबंधित महाविद्यालयों के प्राचार्यों के माध्यम से अपने आवेदन पत्र जमा करने होंगे। विश्वविद्यालय प्रशासन ने परीक्षा परिणामों को गंभीरता से लेते हुए शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार का निर्णय लिया है। जिन महाविद्यालयों का बीए प्रथम वर्ष का परीक्षा परिणाम असंतोषजनक रहा है, उनके प्राचार्यों की शीघ्र ही समीक्षा बैठक आयोजित की जाएगी। इस बैठक में परीक्षा परिणामों में गिरावट के कारणों का विश्लेषण किया जाएगा।

### अमर शहीदों की स्मृति में पर्यावरण प्रेमी मंच ने किया पौधारोपण

**उज्जैन।** अमर शहीदों की स्मृति में पर्यावरण प्रेमी मंच उज्जैन के सौजन्य से शहर व आसपास के विभिन्न क्षेत्रों में पौधारोपण किया गया। इसके तहत मयंक नगर पुलिस कॉलोनी नवाखेड़ा परिसर में शहीद राजाभाऊ महाकाल एवं अन्य शहीदों की याद में 51 आम के पौधे रोपे गए। पौधारोपण के पूर्व गायत्री परिवार के अनिल राजपुरोहित और गोविंद पाटीदार ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पौधों का पूजन संपन्न कराया। इसके पश्चात उपस्थित लोगों द्वारा विधिवत रूप से पौधों का रोपण किया गया। मंच द्वारा पुलिस कॉलोनी के अलावा अन्य तीन स्थानों पर भी शहीदों की स्मृति में पौधे लगाए गए। इनमें गौशाला ग्राम रातड़िया में 51 आम, विक्रम विश्वविद्यालय परिसर में 101 नीम व 10 फलदार पौधे तथा हनुमान मंदिर परिसर निनोरा में 51 आम के पौधों का रोपण किया गया।

### 3 अक्टूबर को होगी भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा

**उज्जैन।** युवा पीढ़ी में भारतीय संस्कृति, नैतिक मूल्यों और राष्ट्र निर्माण की भावना जाग्रत करने के उद्देश्य से अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार द्वारा 3 अक्टूबर को भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा आयोजित की जा रही है। यह परीक्षा सभी विद्यालयों और महाविद्यालयों में एक साथ संपन्न होगी। जिला संयोजक बाबूलाल बड़ोलिया ने बताया कि परीक्षा शनिवार 3 अक्टूबर को 12 से 1 बजे तक विद्यार्थियों की अपनी ही शैक्षणिक संस्थाओं में आयोजित होगी। इसमें कक्षा 5 से 12वीं तक और महाविद्यालयों के विद्यार्थी शामिल हो सकेंगे। परीक्षा का मुख्य उद्देश्य युवाओं में भारतीय संस्कृति का गौरवबोध, नैतिकता, चरित्र निर्माण, कर्तव्यपरायणता और सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना विकसित करना है।

### नगर निगम ने वितरित की 7.41 लाख रुपए की अनुदान राशि

**उज्जैन।** फूलडोल चल समारोह को भव्य एवं गरिमामय स्वरूप प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाली संस्थाओं के प्रोत्साहन के लिए नगर निगम द्वारा प्रतिवर्ष अनुदान राशि प्रदान की जाती है। इसी क्रम में वित्तीय वर्ष 2025-26 के अंतर्गत सोमवार को महापौर श्री मुकेश टटवाल की उपस्थिति में फूलडोल चल समारोह में शामिल होने वाली 47 संस्थाओं को कुल 7 लाख 41 हजार रुपए की अनुदान राशि आरटीजीएस के माध्यम से उनके खातों में अंतरित की गई। महापौर मुकेश टटवाल ने कहा कि फूलडोल चल समारोह शहर की धार्मिक एवं सांस्कृतिक परंपरा का महत्वपूर्ण हिस्सा है। समारोह में प्रतिवर्ष विभिन्न संस्थाओं द्वारा आकर्षक फूलडोल एवं झांकियां तैयार कर सहभागिता की जाती है।

# 12 सितंबर को लगेगी नेशनल लोक अदालत, बिजली चोरी के मामलों में मिलेगी भारी छूट

## उज्जैन सहित सभी तहसील न्यायालयों में होगा आयोजन, 10 लाख तक के प्रकरणों में ब्याज पूरी तरह माफ

**ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन**

राष्ट्रीय और राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निदेर्शानुसार जिले में 12 सितंबर को नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। प्रधान जिला न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष पी.सी. गुप्ता के मार्गदर्शन में उज्जैन जिला न्यायालय परिसर के साथ ही खाचरौद, नागदा, तराना, महिदपुर और बड़नगर के सिविल न्यायालयों में भी लोक अदालत लगेगी। इसमें पक्षकार आपसी सहमति से अपने मामलों का निपटारा कर सकेंगे।

लोक अदालत में राजीनामा योग्य दांडिक, सिविल, चेक बाउंस, पारिवारिक, वैवाहिक और बिजली से जुड़े मामलों का निराकरण किया जाएगा। इसके अलावा नगरीय निकाय के संपत्तिकर और जलकर से संबंधित प्री-लिटिगेशन प्रकरणों में भी शासन की ओर से विशेष छूट दी जाएगी। प्रधान जिला न्यायाधीश पी.सी. गुप्ता ने आमजन से अपील की है कि वे इस अवसर का लाभ उठाकर अधिक से अधिक प्रकरणों का निराकरण कराएं और जटिल अदालती प्रक्रियाओं से मुक्ति पाएं।

### प्री-लिटिगेशन स्तर

कंपनी द्वारा आकलित सिविल दायित्व की राशि पर 30 प्रतिशत और उस पर लगने वाले ब्याज पर 100 प्रतिशत की छूट मिलेगी।

### लिटिगेशन स्तर

न्यायालय में लंबित मामलों में सिविल दायित्व की राशि पर 20 प्रतिशत और ब्याज पर 100 प्रतिशत की पूरी छूट दी जाएगी।



### छूट के लिए रहेंगी यह शर्तें

यह छूट 10 लाख रुपये तक की सिविल दायित्व राशि वाले प्रकरणों में ही मिलेगी। निर्धारित छूट के बाद शेष राशि का एकमुश्त भुगतान करना होगा। अपराध शमन फीस नियमानुसार अलग से लगेगी। आवेदक को अपने नाम पर दर्ज अन्य बिजली कनेक्शनों की बकाया राशि भी पूरी भरनी होगी। जिनके पास वैध कनेक्शन नहीं है, उन्हें छूट का लाभ लेने के लिए नया वैध कनेक्शन लेना होगा।

### बिजली उपभोक्ताओं को मिलेगी यह विशेष राहत

बिजली अधिनियम की धारा 135 के तहत बिजली चोरी के लंबित मामलों में निम्नदाब श्रेणी के घरेलू, कृषि, 5 किलोवाट तक के गैर घरेलू और 10 एचपी तक के औद्योगिक उपभोक्ताओं को विशेष राहत दी जाएगी। यह लाभ केवल पहली बार बिजली चोरी करने वालों को ही मिलेगा। पूर्व की लोक अदालतों में छूट ले चुके उपभोक्ता इसके पात्र नहीं होंगे। सामान्य बिजली बिलों की बकाया राशि पर भी कोई छूट नहीं दी जाएगी।

# आरक्षण में क्रीमी लेयर और एट्रोसिटी एक्ट में संशोधन का प्रस्ताव पारित

## सवर्ण व ब्राह्मण समाज तैयार करेगा नया राजनीतिक विकल्प, जानापाव में हुआ राष्ट्रीय मंथन

### आगामी दिनों में दिल्ली में होगा बड़ा आंदोलन, देशभर के पदाधिकारी हुए शामिल

**ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन**

भगवान परशुराम की जन्मस्थली जानापाव महू में आयोजित राष्ट्रीय ब्राह्मण संवाद कार्यक्रम में देशभर के सवर्ण व ब्राह्मण प्रतिनिधियों ने बड़ा निर्णय लिया है। सभी राजनीतिक दलों से निराशा के बाद अब ब्राह्मण और सवर्ण समाज देशभर में अपना नया राजनीतिक विकल्प तैयार करेगा। इसके साथ ही सवर्ण आंदोलन को नई दिशा देते हुए आगामी दिनों में दिल्ली में एक बड़े आंदोलन और प्रदर्शन का निर्णय लिया गया है।




संयुक्त ब्राह्मण समन्वय समिति मध्य प्रदेश और अखिल भारतीय ब्राह्मण समाज के तत्वावधान में 30 अगस्त को यह एक दिवसीय मंथन हुआ। भगवान परशुराम की साक्षी में आयोजित इस राष्ट्रीय संवाद में कई अहम प्रस्ताव पारित किए गए। इनमें सर्वोच्च न्यायालय के निर्णय के अनुसार आरक्षण में क्रीमी लेयर लागू करने, एट्रोसिटी एक्ट में संशोधन करने, यूजीसी रोलबैक करने और सवर्ण आयोग के गठन की मांग प्रमुख है।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रसिद्ध अभिभाषक और सवर्ण नेता पं. अनिल मिश्रा ने कहा कि कांग्रेस, सपा और बसपा ने सवर्णों और ब्राह्मणों को पहले ही निराश किया था। भाजपा से आशा थी, लेकिन उन्होंने भी निराश किया है। अब ब्राह्मण व सवर्ण समाज के पास राजनीतिक विकल्प के अलावा और कोई मार्ग शेष नहीं है। राष्ट्रीय अध्यक्ष पं. सुरेंद्र चतुर्वेदी और प्रदेश अध्यक्ष नर्मदा शंकर भार्गव ने कहा कि यह संवाद कार्यक्रम देश में ब्राह्मण व सवर्ण आंदोलन को नई दिशा तय करेगा। संवाद कार्यक्रम में देशभर के प्रमुख ब्राह्मण पदाधिकारी शामिल हुए। इनमें अयोध्या से विष्णु राजोरिया व कृपानिधान तिवारी, वाराणसी से उपेंद्रनाथ त्रिपाठी, सुभाष तिवारी व रघु मिश्रा, हापुड़ से नानकचंद शर्मा, बिहार से इंजीनियर आशुतोष झा, दिल्ली से राधेश्याम शर्मा, माधवी झा व तीर्थ प्रकाश फरसा वाला, महाराष्ट्र से विजया अवस्थी, हरियाणा से किरण पांडे, कानपुर से अरविंद उपाध्याय व पंकज त्रिपाठी, राजस्थान से तिलोक नाथ तिवारी, इंदौर से अनुप मिश्रा, विंध्य से राजीव शुक्ला, निमाड़ से जयप्रकाश पुरोहित तथा भोपाल से राकेश चतुर्वेदी, गौरीशंकर शर्मा और रामनारायण अवस्थी मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

# मालवा-निमाड़ को गन्ना-डेयरी-ऊर्जा क्लस्टर बनाने की मांग

## सांखला ने सीएम को सौंपा 14 सूत्रीय ज्ञापन

**ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन**

भाजपा पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सुरेंद्र सांखला ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को 14 सूत्रीय मांग पत्र सौंपकर मालवा-निमाड़ में गन्ना कृषि को पुनर्जीवित करने की मांग की है। उन्होंने इस क्षेत्र को गन्ना, डेयरी और ऊर्जा क्लस्टर के रूप में विकसित कर एमपी एग्रो को नोडल एजेंसी बनाने का सुझाव दिया है।

सांखला ने कहा कि नदी जोड़ो परियोजनाओं से अब सिंचाई के लिए 12 महीने पर्याप्त पानी और 24 घंटे बिजली उपलब्ध है, जिससे मालवा-निमाड़ गन्ने की खेती के लिए पूरी तरह तैयार है। उन्होंने 14 सूत्रीय मॉडल के माध्यम से मुख्यमंत्री के सामने रखे हैं, बंद मिलों की भूमि का उपयोगः सीहोर की 10 हजार बीघा के साथ बड़वाह, खंडवा, जावरा, देवास और महिदपुर की बंद शुगर मिलों की अतिक्रमित भूमि पर काबिज किसानों को हटाए बिना एमपी एग्रो के जरिए उन्हें गन्ना उत्पादक बनाया जाए। कृषि विभाग की अनुपयोगी भूमि भी डेमो फार्म के लिए एमपी एग्रो को लीज पर दी जाए।

कृषि बजट और अनुदानः राज्य के कृषि बजट में गन्ने के लिए विशेष पैकेज मिले। उन्नत बीज किस्मों पर 75 प्रतिशत अनुदान दिया जाए और गन्ना विकास परिषद के समस्त कार्य बीज विकास, प्रशिक्षण और सर्वे अब एमपी एग्रो को सौंपे जाएं।

महिदपुर में एकीकृत प्रोजेक्टः महिदपुर की बंद मिल की जमीन पर शुगर, इथेनॉल, बायो-सीएनजी, बगास से बिजली और जैविक खाद का 5-इन-1 एकीकृत प्रोजेक्ट लगाया जाए।

सब्सिडी और यूपी-महाराष्ट्र मॉडलः इथेनॉल नीति के तहत औद्योगिक कनेक्शन और सोलर पंप पर 75 प्रतिशत सब्सिडी दी जाए। यूपी की तरह 14 दिन में भुगतान और महाराष्ट्र की तर्ज पर सहकारी एवं केन डेवलपमेंट फंड का संयुक्त मॉडल लागू किया जाए।

# सवारी में निगम के स्वच्छता रथ ने दिया स्वच्छता का संदेश

## महापौर मुकेश टटवाल द्वारा हरी झंडी दिखाकर स्वच्छता रथ को रवाना किया

**ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन**

बाबा महाकाल की सवारी में नगर पालिक निगम उज्जैन द्वारा स्वच्छता रथ के माध्यम से श्रद्धालुओं एवं आमजन को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया। इसी क्रम में सोमवार को महापौर मुकेश टटवाल द्वारा स्वच्छता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।



बाबा महाकाल की सवारी में नगर पालिक निगम उज्जैन द्वारा निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा के निर्देश अनुसार स्वच्छता रथ के माध्यम से श्रद्धालुओं एवं आमजन को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया। स्वच्छता रथ के द्वारा उज्जैन नगर पालिक निगम द्वारा स्वच्छता जन जागरण में किए जा रहे कार्यों के बारें में नागरिको को जानकारी दी गई साथ ही स्वच्छता रथ में आकर्षक प्रस्तुतियों के माध्यम से लोगों को स्वच्छता का संदेश दिया गया। स्वच्छता का जादू द्वारा नागरिकों को गीले एवं सूखे कचरे को अलग-अलग रखने और उचित तरीके से निस्तारण करने का संदेश दिया गया। वहीं प्लास्टिक के दानव के माध्यम से सिंगल यूज प्लास्टिक के दुष्परिणामों के बारे में लोगों को जागरूक किया गया तथा प्लास्टिक का उपयोग नहीं करने की अपील की गई।

नगर पालिक निगम उज्जैन एवं आईईसी के सदस्य एवं सहयोगी संस्थाओं की इस अनूठी पहल स्वच्छता रथ की प्रस्तुति ने बाबा महाकाल की सवारी में शामिल बच्चों एवं श्रद्धालुओं को मनोरंजन के साथ-साथ स्वच्छता, कचरा पृथक्करण एवं प्लास्टिक मुक्त वातावरण का महत्वपूर्ण संदेश दिया गया।

### काव्य महोत्सव में युवा कवियों ने बांधा समां

**ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन**

जैन कवि संगम द्वारा आयोजित युवा रचनाकार सम्मान समारोह एवं काव्य महोत्सव में देश के तीन युवा रचनाकारों को सम्मानित किया गया। वर्तमान समय में उत्कृष्ट सृजन कर रहे नीमच के चिराग जैन चैतन्य, इंदौर की पलक जैन और डूंगरपुर के नैतिक जैन को यह सम्मान प्रदान किया गया।

समारोह में लघु कथाओं के लिए डॉ. मीरा जैन, नवीन काव्य संग्रह 'ओढ़नी' के लिए संगीता तल्लेरा और पदोन्नति पर अमित जैन का भी सम्मान किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जैन कवि संगम के संस्थापक व राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. नरेन्द्रपाल जैन थे।



# सीएम ने थामी तलवार, पहना सिंहस्थ महाकुंभ का मुकुट

**ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन**

श्री महाकालेश्वर भगवान की श्रावण-भादौ मास की पांचवीं सवारी में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव शिव भक्ति में पूरी तरह लीन नजर आए। सवारी के दौरान उन्होंने पूरी तन्मयता के साथ झांझ और डमरू बजाते हुए आमजन का अभिवादन किया। रामघाट पर ही मुख्यमंत्री डॉ. यादव की भेंट 'स्वामी मुस्कुराके मंडली' से हुई। मंडली को देखकर वे अभिभूत हो गए और उन्होंने सांस्कृतिक क्षेत्र में मंडली द्वारा की जा रही 39 वर्षों की निरंतर सेवाओं की जमकर प्रशंसा की।रामघाट पर मुख्यमंत्री ने सिंहस्थ महाकुंभ का मुकुट सिर पर धारण किया और हाथ में चमचमाती तलवार थामी। इस दौरान स्वामी गुदगुदाके, मोहित गहलोत और पप्पू तलवार ने भी विशेष रूप से सहभागिता की।

वैभव यादव ने बहनों से बंधवाई राखी, महिलाओं को बांटे गए उपहार

# रक्षाबंधन महोत्सव में उमड़ी मातृशक्ति, मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने वर्चुअली दिया संदेश

**ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन**

राधा कृष्ण गार्डन में उज्जैन दक्षिण विधानसभा क्षेत्र के ग्राम सिकंदरी, गोठड़ा, ढेडिया और मेंडिया का संयुक्त एवं भव्य रक्षाबंधन महोत्सव आयोजित किया गया। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के मार्गदर्शन और वैभव यादव के नेतृत्व में हुए इस आयोजन में बड़ी संख्या में महिलाओं ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम में वैभव यादव ने उपस्थित महिलाओं से राखी बंधवाकर उन्हें उपहार वितरित किए। आयोजन के दौरान मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़कर बहनों से सीधा संवाद किया और उन्हें रक्षाबंधन की शुभकामनाएं दीं। महाराजवाड़ा मंडल मीडिया प्रभारी महेंद्र जायसवाल ने बताया कि यह कार्यक्रम भाजपा महाराजवाड़ा मंडल अध्यक्ष सतीश सिंदल की उपस्थिति में संपन्न हुआ।



बांटी साड़ियां व अभिनंदन पत्र

# महाकाल सवारी में शामिल होने वाली 60 महिलाओं का हुआ सम्मान

### शयन आरती भक्त परिवार का आयोजन

**ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन**

शयन आरती भक्त परिवार द्वारा भगवान सत्यनारायण की कथा, ब्राह्मण भोज और साड़ी वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान भगवान महाकाल की सवारी में शामिल होने वाली 60 महिलाओं का सम्मान करते हुए उन्हें साड़ियों का वितरण किया गया और साथ ही अभिनंदन पत्र भी प्रदान किए गए। कार्यक्रम की अध्यक्षता महेंद्र कटियार ने की। कथा और ब्राह्मणों को भोजन कराने के पश्चात सभी अतिथियों का शॉल-श्रीफल से सम्मान किया गया। कार्यक्रम में संत संदन जी महाराज, श्रीमती 108 श्री गुरु हरिप्रिया गिरी जी, राघवेंद्र दास जी गुरुजी, नानाखेड़ा गौशाला के गुरुजी राघवेंद्र जी और सिविल जज योगेश गुप्ता विशेष रूप से उपस्थित रहे। राजेश अग्रवाल, हरि सिंह यादव, रवि राय, वकील शैलेंद्र परिहार और नागराज माली, पंडित चंद्रशेखर वशिष्ठ ने भी अतिथि के रूप में शिरकत की।

# शकील पटवारी ने मुशायरों से उज्जैन को दिलाई वैश्विक पहचान




### पूर्व पार्षद जफर सिद्दीकी और मुशायरा कन्वीनर शकील सिद्दीकी का किया सम्मान

**ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन**

शहर के अमरपुरा स्थित रफीक शादमानी हॉल में पूर्व पार्षद जफर अहमद सिद्दीकी और मुशायरा कन्वीनर शकील अहमद सिद्दीकी पटवारी का संयुक्त जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। आयोजन उज्जैन मुशायरा कमेटी की ओर से संस्था के सक्रिय सदस्य जब्बार शेख और भूरु शेख के नेतृत्व में किया गया।

समारोह में शॉल-श्रीफल, पुष्पगुच्छ और उपहार भेंट कर दोनों का स्वागत किया गया। इसके बाद केक काटकर उनकी लंबी उम्र की कामना की गई। कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि जफर सिद्दीकी ने पार्षद रहते हुए जो विकास कार्य कराए, वह आज भी नजीर हैं। वहीं शकील सिद्दीकी पटवारी ने मुशायरों के जरिए उज्जैन को साहित्य के क्षेत्र में विश्व पटल पर पहचान दिलाई है।

इस अवसर पर मंच पर बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष पं. योगेश व्यास, नगर निगम नेता प्रतिपक्ष रवि राय, देवास के पूर्व सभापति हाजी अंसार अहमद हाथी वाले, सरफराज कुरैशी, डॉ. शादाब अहमद सिद्दीकी, परवेज इकबाल, नईम खान, तोपखाना व्यापारी एसोसिएशन अध्यक्ष सैयद फारूक पहलवान, अल्पसंख्यक मोर्चा के पूर्व अध्यक्ष जब्बार शेख और मुस्लिम रिलीफ कमेटी अध्यक्ष रफीक कुरैशी बतौर अतिथि मौजूद रहे।

पुलिस को शिकायत कर कहा सख्त कार्रवाई करें

# शव की मयार्दा दूषित करने वाली कथित महिला की हरकतों की अघोर अखाड़ा ने की निंदा

**ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन**

धार्मिक नगरी उज्जैन में सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे एक आपत्तिजनक वीडियो ने सनसनी फैला दी है। वीडियो में खुद को ह्यअघोरीह्न बताने वाली एक महिला द्वारा श्मशान घाट पर अंतिम संस्काराधीन मानव देह के साथ कथित तौर पर छेड़छाड़ और धारदार हथियार से क्रियाएं की जा रही है। इस कृत्य की अघोर अखाड़ा उज्जैन ने निंदा की है। अखाड़ा के पीठाधीश्वर राष्ट्रीय अध्यक्ष खड़ेश्वरी अघोरी बाबा विष्णु नाथ ने पूरे मामले की शिकायत पुलिस से की है और सनातन व अघोर परंपरा के नाम पर पाखंड फैलाने वाले के खिलाफ प्रशासन से कठोर कार्रवाई की मांग की है।

बाबा विष्णु नाथ ने बताया कि प्रसारित वीडियो में स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहा है कि उक्त महिला जलती हुई चिता के अत्यंत निकट पहुंचकर धारदार हथियार या औजार की मदद से चिता की सामग्री और कथित मानव शरीर के अवशेषों के साथ छेड़छाड़ कर रही है। शिकायत में यह आशंका जताई गई है कि यदि यह कृत्य वास्तविक मानव शव के साथ छेड़छाड़ का है, तो यह न केवल अत्यंत अमानवीय और घृणित है, बल्कि यह सीधे तौर पर भारतीय न्याय संहिता, 2023 (बीएनएस) की धारा 301 के तहत दंडनीय अपराध की श्रेणी में आता है।



### मीडिया से अपील

पीठाधीश्वर विष्णु नाथ बाबा ने मीडिया, सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स से अपील की है कि ऐसे आपत्तिजनक और भ्रामक कंटेंट को तुरंत हटाएं, ताकि समाज में अघोर संतों के प्रति भ्रम की स्थिति फैलने से रोका जा सके।

### त्वरित हस्तक्षेप की मांग

शिकायत में पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों से यह पुरजोर मांग की गई है कि इस वायरल वीडियो के डिजिटल साक्ष्यों को आधार बनाते हुए तकनीकी व फोरेंसिक जांच कराई जाए ताकि धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने वाले तत्वों पर लगाम लगाई जा सके।

### अघोर परंपरा और नाथ संप्रदाय की गरिमा का हनन

आवेदन में अघोर अखाड़ा की ओर से कहा गया कि इस बात पर विशेष जोर दिया गया है कि उज्जैन प्राचीन काल से ही शैव, नाथ और अघोर साधना की पवित्र भूमि रही है। अघोर साधना कोई पब्लिसिटी स्टंट या सोशल मीडिया पर सनसनी फैलाने का माध्यम नहीं है, बल्कि यह एक कठोर अनुशासित और गुरु-परंपरा पर आधारित आध्यात्मिक साधना है। पीठाधीश्वर विष्णु नाथ अघोरी ने बताया आरंभिक जानकारी के अनुसार, उक्त महिला के किसी भी प्रमाणित और मान्य अघोर गुरु या परंपरा से जुड़े होने के पुख्ता प्रमाण नहीं मिले हैं। केवल लाइक्स, व्यूज और सोशल मीडिया पर फॉलोअर्स बढ़ाने के लिए श्मशान जैसी पवित्र जगहों की मयार्दा को तार-तार करना और समाज में भ्रामक संदेश फैलाना सनातन संस्कृति का अपमान है।

उज्जैन
मंगलवार
01
सितम्बर, 2026

दैनिक
# ब्रह्मास्त्र

बन्धनानि खलु सन्ति बहूनि प्रेमरज्जुकृतबन्धनमन्यत्।
दारुभेद निपुणोऽपि षडङ्घ्रि निष्क्रियो भवति पङ्कजकोशे।।

**अर्थः** बंधन तो बहुत हैं लेकिन प्रेम बंधन जैसा नहीं है। लिली के खोल में लकड़ी भेदने का भ्रम (केवल प्रेम के बंधन के कारण) निष्क्रिय हो जाता है।

## खबर एक नजर...

### इंदौर जोन-4 के डीसीपी को स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति की मंजूरी



**इंदौर।** इंदौर जोन-4 के डीसीपी सुनील मेहता ने स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति के लिए जून 2026 में शासन को पत्र लिखा था। राज्य शासन ने उनका आवेदन मंजूर कर लिया है। सोमवार को उन्हें स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति की अनुमति से संबंधित आदेश मिल गया। भोपाल से सोमवार रात जारी आदेश में सुनील मेहता को स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति की अनुमति दी गई है। उन्होंने 1 जून 2026 को शासन को पत्र लिखकर पारिवारिक कारणों के चलते सेवानिवृत्ति देने का अनुरोध किया था। उन्होंने 31 अगस्त तक इसकी अनुमति दिए जाने की मांग की थी। पुलिस विभाग की ओर से जारी आदेश में कहा गया है कि सेवानिवृत्ति के बाद एक साल तक सुनील मेहता किसी भी व्यावसायिक पद पर नियुक्त नहीं हो सकेंगे। उनका सेवाकाल करीब दो साल से अधिक बचा हुआ था।

### सड़क सुरक्षा समिति बैठक हादसे घटे, फिर भी मौतें ज्यादा

**इंदौर।** शहर में बदहाल सड़क पर हादसों की संख्या में मामूली कमी आई, लेकिन हादसे पहले से ज्यादा जानलेवा साबित हुए हैं। 1 जनवरी से 15 अगस्त तक 2026 में 2250 दुर्घटनाएं हुईं, जबकि 2025 में 2275 हादसे दर्ज हुए थे। यानी 25 हादसे कम हुए, लेकिन मौतें 167 से बढ़कर 187 हो गईं। यह करीब 12% की वृद्धि है। हादसों में मौत का अनुपात भी हर 100 दुर्घटनाओं पर 7.3 से बढ़कर 8.3 हो गया। दुर्घटनाओं की संख्या में 1.1% की कमी के बावजूद प्रत्येक 100 हादसों के मुकाबले मौतों का अनुपात बढ़ा है। सोमवार को जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में रखी पुलिस रिपोर्ट में यह आंकड़े सामने आए। गंभीर घायलों की संख्या में सबसे ज्यादा बढ़ोतरी हुई है। 2025 में इस अवधि में 21 गंभीर घायल हुए थे, जबकि इस साल 44 हुए। साधारण घायल भी 1784 से बढ़कर 1895 हो गए। इस तरह कुल घायलों की संख्या 1805 से बढ़कर 1939 हो गई।

### महिला से मकान बेचने के नाम पर 20 लाख ठगे

**इंदौर।** एरोड्रम क्षेत्र में 60 वर्षीय महिला से मकान बेचने के नाम पर 20 लाख रुपए की धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। महिला ने जनसुनवाई में शिकायत की थी। जांच के बाद एरोड्रम पुलिस ने पांच लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी की एफआईआर दर्ज की है। पुलिस के मुताबिक अखंड नगर निवासी मंजू वर्मा ने शिकायत में बताया कि कृष्णबाग कॉलोनी में तल मंजिल का 15 बाय 45 फीट का मकान बेचने का सौदा किया गया था। संदीप उर्फ गोलू राठौर, पंकज यादव और अन्य के साथ मिलकर राजू नरवरिया ने खुद को मकान मालिक बताया। दिसंबर 2024 से मार्च 2025 के बीच महिला से 20 लाख रुपए लिए गए। पैसे संदीप उर्फ गोलू, पंकज और अन्य साथियों के खातों में ट्रांसफर कराए गए। पैसे लेने के बाद आरोपी कई महीने तक रजिस्ट्री के लिए टालमटोल करते रहे। महिला को बाद में पता चला कि जिस मकान का सौदा किया गया था, वह राजू नरवरिया के नाम पर नहीं है। मकान रमण कोठना के नाम पर है, जिसने इसे वर्ष 2012 में ताराबाई से खरीदा था। सच्चाई सामने आने पर मंजू ने राजू और अन्य आरोपियों से पैसे वापस मांगे। आरोपियों ने रुपए लौटाने का आश्वासन दिया, लेकिन बाद में फोन करने पर टालमटोल करते रहे। मई 2025 में महिला ने शुभम कुशवाह को फोन किया तो उसने कहा कि ₹तुम्हारा रुपया हम खा गए हैं। शिकायत के बाद पुलिस जांच में सामने आया कि शुभम कुशवाह और उसके साथी पहले भी इसी तरह की धोखाधड़ी के मामले में जेल जा चुके हैं। मामले की जांच के बाद एरोड्रम पुलिस ने संदीप उर्फ गोलू पुत्र मथुरालाल राठौर, पंकज यादव, राजू नरवरिया, शुभम कुशवाह और राकेश प्रजापत के खिलाफ धोखाधड़ी का केस दर्ज किया है। पुलिस आरोपियों की भूमिका और रकम के लेनदेन की जांच कर रही है।

### गाड़ी चलाते हुए मोबाइल पर बात कर रहा था युवक

**इंदौर।** त्योहार के बाद ट्रैफिक पुलिस ने एक बार फिर कार्रवाई तेज कर दी है। सोमवार को ट्रैफिक पुलिस के अधिकारी सड़क पर उतरे और नियम तोड़ने वाले वाहन चालकों के खिलाफ कार्रवाई की। हुकुमचंद घंटाघर चौराहे पर टीम ने 100 से ज्यादा चालान बनाए। कार्रवाई के दौरान ट्रैफिक पुलिस ने दोपहिया वाहन पर मोबाइल पर बात करते हुए जा रहे एक युवक को रोकने का प्रयास किया। युवक पुलिस से बचने के लिए भागने लगा, लेकिन टीम ने उसे पकड़ लिया। पुलिस के रोकने के बाद भी वह लगातार मोबाइल पर बात करता रहा। ट्रैफिक पुलिस अधिकारी ने युवक से वाहन और उसकी जानकारी मांगी। इस दौरान युवक ने अधिकारी की किसी व्यक्ति से मोबाइल पर बात करा दी। पुलिस अधिकारी ने भी उस व्यक्ति से बात कर ट्रैफिक नियमों की जानकारी दी और युवक के खिलाफ कार्रवाई की बात कही। ट्रैफिक पुलिस के मुताबिक, युवक के खिलाफ कुल 4500 रुपए की चालानी कार्रवाई की गई। इसमें बिना लाइसेंस वाहन चलाने पर 1000 रुपए, अनधिकृत व्यक्ति को वाहन चलाने देने पर 1000 रुपए, पुलिसकर्मियों के आदेश की अवहेलना करने पर 500 रुपए, वाहन चलाते समय मोबाइल पर बात करने पर 1000 रुपए और वाहन का इंश्योरेंस नहीं होने पर 1000 रुपए का जुर्माना शामिल है।

---

श्वेता ने तैयार कर लिया था संगठित गिरोह, सागर की रेशू के साथ मिलकर ब्लैकमेलिंग की

# हनी ट्रैप मामले में पूरक चालान कोर्ट में पेश

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर**

मध्य प्रदेश में सात साल पहले सामने आए चर्चित हनी ट्रैप कांड की परछाई एक बार फिर सत्ता और प्रशासन के गलियारों तक पहुंचती नजर आ रही है। इंदौर से जुड़े ब्लैकमेलिंग कांड की जांच जैसे-जैसे आगे बढ़ रही है, वैसे-वैसे पुराने हनी ट्रैप प्रकरण से जुड़े नाम भी सामने आ रहे हैं। जांच में श्वेता विजय जैन और सागर की रेशू चौधरी के बीच संपर्क की कड़ी सामने आने का दावा किया जा रहा है।

दरअसल इस मामले में पुलिस ने 14 अगस्त को कोर्ट में चालान पेश किया है। इसमें अब तक की जो जांच की गई है उससे जुड़े तथ्य और मामले से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां हैं। मामला शराब कारोबारी हितेंद्र सिंह चौहान उर्फ चिंटू ठाकुर से कथित ब्लैकमेलिंग और आपत्तिजनक फोटो-



वीडियो वायरल करने की धमकी से जुड़ा है। मामले में अभी भी क्राइम ब्रांच की जांच जारी है, लेकिन पूरक चालान में उल्लेख है कि हनी ट्रैप-1 की सरगना श्वेता जैन ने जेल में ही संगठित गिरोह तैयार कर लिया था। पुलिस जांच में रेशू चौधरी को इस नेटवर्क की प्रमुख कड़ी माना जा रहा है। मामले में रेशू सहित कई आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है और उनसे पूछताछ जारी है।

### पहले हनी ट्रैप से जुड़े नाम की फिर एंट्री

जांच की सबसे अहम कड़ी यह है कि ब्लैकमेलिंड कांड जांच के दौरान पहले चर्चित हनी ट्रैप मामले की आरोपी श्वेता विजय जैन का नाम भी सामने आया। उपलब्ध रिपोर्टों के मुताबिक, जांच एजेंसियां रेशू और श्वेता के बीच संपर्क तथा पूरे नेटवर्क में उनकी भूमिका को खंगाल रही हैं।

पुलिस की जांच का फोकस अब यह पता लगाने पर है कि कथित नेटवर्क में कौन-कौन लोग जुड़े थे, किस तरह रसूखदार लोगों से संपर्क बनाया जाता था और फोटो-वीडियो का इस्तेमाल किस तरह दबाव बनाने के लिए किया जाता था।

### नेताओं और अफसरों से जुड़े वीडियो की भी जांच

मामले ने राजनीतिक हलकों में इसलिए भी हलचल पैदा की है क्योंकि जांच के दौरान कई रसूखदार लोगों से जुड़े फोटो और वीडियो होने की बात सामने आई है। हालांकि, इन वीडियो की वास्तविकता, उनमें मौजूद लोगों की पहचान और उनका किसी अपराध से संबंध है या नहीं, यह जांच पूरी होने के बाद ही स्पष्ट होगा। पुलिस डिजिटल डिवाइस और अन्य साक्ष्यों की पड़ताल कर रही है। जांच एजेंसियों को उम्मीद है कि मोबाइल फोन, लैपटॉप और दूसरे इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों से नेटवर्क की गतिविधियों और संपर्कों से जुड़े महत्वपूर्ण सुराग मिल सकते हैं।

### राजनीतिक कनेक्शन ने बढ़ाई हलचल

रेशू चौधरी के राजनीतिक संपर्कों को लेकर भी चर्चा तेज है। रिपोर्टों के मुताबिक वह पहले भाजपा से जुड़ी रही हैं और वर्ष 2023 के विधानसभा चुनाव में टिकट की दावेदारी भी कर चुकी थीं। हालांकि, किसी राजनीतिक दल से जुड़ाव अपने आप में अपराध में लिप्तता का प्रमाण नहीं है। मामले में उनकी भूमिका का निर्धारण जांच और न्यायिक प्रक्रिया में सामने आने वाले साक्ष्यों से ही होगा। फिलहाल पुलिस की जांच का दायरा आरोपों और ब्लैकमेलिंग नेटवर्क से जुड़े लोगों तक बढ़ रहा है। आने वाले दिनों में डिजिटल साक्ष्यों की जांच से यह स्पष्ट हो सकता है कि नेटवर्क कितना बड़ा था और इसमें किन-किन लोगों की भूमिका रही। पूरक चालान में उल्लेख है कि हनी ट्रैप-1 की सरगना श्वेता जैन ने जेल में ही संगठित गिरोह तैयार कर लिया था। जमानत पर बाहर आते ही राजनीति से जुड़ी महत्त्वाकांक्षी युवती सागर की रेशू के साथ मिलकर राजनेताओं, प्रॉपर्टी कारोबारियों, बड़े बिजनेसमैन और शराब कारोबार से जुड़े लोगों को टारगेट कर रही थी।

### एक करोड़ की मांग से शुरू हुआ मामला

ब्लैकमेलिंग का मामला 18 मई को शराब कारोबारी हितेंद्र सिंह चौहान उर्फ चिंटू ठाकुर की शिकायत के बाद सामने आया था। आरोप है कि उनकी आपत्तिजनक फोटो-वीडियो सार्वजनिक नहीं करने के बदले एक करोड़ रुपए की मांग की गई थी। पुलिस जांच आगे बढ़ने पर अलका दीक्षित, उसके बेटे जयदीप, लाखन चौधरी, हेड कांस्टेबल विनोद शर्मा, जितेंद्र पुरोहित समेत अन्य नाम सामने आए। बाद में रेशू चौधरी और श्वेता जैन की कथित भूमिका भी जांच के दायरे में आई।

---

राहुल गांधी के खिलाफ एससी-एसटी एक्ट में केस का विरोध, संविधान लेकर पहुंचीं सेतिया

# महिला कांग्रेस ने जलाया मनुस्मृति का पोस्टर

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर**

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के खिलाफ एससी-एसटी एक्ट के तहत दर्ज मामले के विरोध में रीगल चौराहे पर सोमवार शाम महिला कांग्रेस ने विरोध प्रदर्शन किया। मध्यप्रदेश महिला कांग्रेस की प्रदेश अध्यक्ष रीना बौरासी सेतिया हाथों में संविधान लेकर पहुंची, कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने भाजपा और आरएसएस के खिलाफ नारेबाजी की।

इस दौरान मनुस्मृति का पोस्टर जलाकर विरोध दर्ज कराया गया। महिला कांग्रेस ने आरोप लगाया कि खड़गे के अपमान की घटना को कई दिन बीतने के बावजूद जिम्मेदार लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज नहीं की गई है। कार्यकर्ताओं ने प्रशासन से मामले में तत्काल कार्रवाई की मांग की।

सेतिया बोलीं- मनुस्मृति नहीं चलेगी रीना बौरासी सेतिया ने कहा कि मनुस्मृति में शूद्रों और महिलाओं को समाज में नीचे रखा गया और महिलाओं के अधिकारों और स्वतंत्रता को सीमित करने वाले प्रावधान थे। इसके विपरीत संविधान हर नागरिक को अधिकार, शिक्षा, स्वतंत्रता और आगे बढ़ने का अवसर देता है।

उन्होंने कहा- हमने मनुस्मृति को नकारते हुए संविधान को अपनाया है। देशवासियों को भी समझना चाहिए कि हमें



मनुस्मृति नहीं, बल्कि संविधान चाहिए। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा और आरएसएस से जुड़े लोगों ने खड़गे के उत्तराखंड दौरे के बाद उस स्थान का शुद्धिकरण और हवन कराया था। सेतिया ने कहा कि आजादी के करीब 80 साल बाद भी दलित समाज के साथ इस तरह का भेदभाव होना गंभीर चिंता का विषय है।

राहुल के खिलाफ कार्रवाई पर भी सवाल सेतिया ने कहा कि कांग्रेस दलित, आदिवासी, युवा और वंचित समाज के अधिकारों की बात उठा रही है, लेकिन राहुल गांधी के खिलाफ एससी-एसटी एक्ट के तहत मामला दर्ज किया जा रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार कांग्रेस नेतृत्व की आवाज दबाने के लिए झूठे मुकदमों का सहारा ले रही है।

उन्होंने बेरोजगारी, पेपर लीक और परीक्षाओं के रद्द होने का मुद्दा उठाते हुए कहा कि युवाओं में सरकार के प्रति आक्रोश बढ़ रहा है। प्रदर्शन में महिला कांग्रेस की कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों ने संविधान की रक्षा और सामाजिक समानता के समर्थन में आवाज उठाई।

### डेली कॉलेज से कार्यक्रम के लिए स्थान मांगा

वरिष्ठ अधिवक्ता अजय बागड़िया ने डेली कॉलेज के प्राचार्य को पत्र लिखकर कार्यक्रम के लिए स्थान उपलब्ध कराने का अनुरोध किया है। उन्होंने पत्र में खुद को डेली कॉलेज का पूर्व छात्र (1986 बैच) बताया है।

### राहुल गांधी के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने के विरोध में राजवाड़ा पर प्रदर्शन

लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किए जाने के विरोध में राजवाड़ा स्थित अहिल्या प्रतिमा पर कांग्रेस नेताओं ने धरना देकर प्रदर्शन किया।

- शहर कांग्रेस अध्यक्ष चिंटू चौकसे ने बताया कि कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष के कार्यक्रम स्थल को कार्यक्रम के बाद भाजपा नेताओं ने धोकर साफ किया था। कांग्रेस ने इस घटना की राष्ट्रीय स्तर पर निंदा की और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की थी। अब तक कार्रवाई नहीं होने का मुद्दा जब राहुल गांधी ने लोकसभा में उठाया, तो उनके खिलाफ ही फर्जी मुकदमा दर्ज कर दिया गया।
- धरने में मध्यप्रदेश महिला कांग्रेस अध्यक्ष रीना बौरासी सेतिया, पूर्व अध्यक्ष अर्चना जायसवाल, कांग्रेस नेता राजेश चौकसे, पार्षद राजू भदौरिया, विनय बाकलीवाल सहित अन्य नेता और कार्यकर्ता मौजूद थे।

---

# इंदौर में 6 केंद्रों पर 2428 अभ्यर्थी होंगे शामिल

### राज्य सेवा मुख्य परीक्षा-2026 का आयोजन 7 से 12 सितंबर तक, 90 मिनट पहले पहुंचा जरूरी

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर**

मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग की राज्य सेवा मुख्य परीक्षा-2026 का आयोजन 7 से 12 सितंबर तक किया जाएगा। छह दिनों तक चलने वाली यह परीक्षा प्रदेश के 12 संभागीय/जिला मुख्यालयों पर एक ही सत्र में सुबह 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक आयोजित होगी। इंदौर में परीक्षा के लिए कुल छह केंद्र बनाए गए हैं, जहां 2428 अभ्यर्थी परीक्षा देंगे।

परीक्षा को सुरक्षित, व्यवस्थित और पारदर्शी तरीके से संपन्न कराने के लिए आयोग ने इस बार परीक्षा केंद्रों पर नई त्रिस्तरीय जांच प्रक्रिया लागू की है। इसके तहत सीसीटीवी सर्विलांस, बायोमेट्रिक प्रमाणीकरण, ई-प्रवेश पत्र की स्कैनिंग, एचएचएमडी के माध्यम से तलाशी और वीओआईपी व्यवस्था की गई है।

आयोग के निर्देशों के अनुसार अभ्यर्थियों को परीक्षा शुरू होने के निर्धारित समय से 90 मिनट पहले परीक्षा केंद्र पर अनिवार्य रूप से पहुंचना होगा। केंद्र पर अभ्यर्थियों की चरणबद्ध तरीके से जांच की जाएगी। एचएचएमडी के माध्यम से तलाशी भी की जाएगी।

पुरुष अभ्यर्थियों की तलाशी पुरुष वीक्षकों और महिला अभ्यर्थियों की जांच महिला वीक्षकों द्वारा निर्धारित केबिन में की जाएगी। वहीं, ट्रांसजेंडर अभ्यर्थियों को महिला अथवा पुरुष कर्मी से अपनी तलाशी करवाने का विकल्प दिया जाएगा। आयोग ने स्पष्ट किया है कि अभ्यर्थी परीक्षा केंद्र पर अपने साथ केवल बॉल पेन, पानी की एक पारदर्शी बोतल, ई-प्रवेश पत्र और आईडी कार्ड ला सकेंगे। आवश्यक दवाइयां साथ रखने की भी अनुमति होगी। एमपीपीएससी ने अभ्यर्थियों से अपील की है कि वे निर्धारित समय से पहले परीक्षा केंद्र पहुंचें।

---

# इंदौर के वार्ड 58 और 60 में उपचुनाव की घोषणा

### 16 सितंबर को होगी नामांकन पत्रों की जांच, 29 को मतदान, 3 अक्टूबर को नतीजा

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर**

इंदौर नगर निगम के वार्ड 58 और 60 में पार्षद पद के उपचुनाव का कार्यक्रम जारी हो गया है। मध्य प्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग ने नगरीय निकाय उप निर्वाचन-2026 (पूर्वार्ध) के तहत दोनों वार्डों में चुनाव कराने की तारीखों की घोषणा कर दी है। इसके साथ ही दोनों वार्डों में राजनीतिक गतिविधियां भी तेज होने की संभावना है।

निर्वाचन कार्यक्रम के अनुसार 8 सितंबर 2026 को चुनाव की अधिसूचना जारी होगी और इसी दिन से उम्मीदवारों के नामांकन की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी। प्रत्याशी 15 सितंबर तक नामांकन पत्र जमा कर सकेंगे। नामांकन प्रक्रिया पूरी होने के बाद 16 सितंबर को नामांकन पत्रों की जांच की जाएगी। वहीं, चुनाव मैदान से नाम वापस लेने की अंतिम तारीख 18 सितंबर निर्धारित की गई है। इसके बाद दोनों वार्डों में चुनावी तस्वीर पूरी तरह साफ हो जाएगी और प्रत्याशी प्रचार अभियान में जुट जाएंगे। राज्य निर्वाचन आयोग के कार्यक्रम के मुताबिक दोनों वार्डों में 29 सितंबर को मतदान कराया जाएगा। मतदान के बाद 3 अक्टूबर को मतगणना होगी और इसी दिन चुनाव परिणाम घोषित किए जाएंगे।

**इसलिए हो रहे हैं इन दोनों वार्डों के उप चुनाव-** वार्ड 58ः यहां कांग्रेस पार्षद अनवर कादरी का पार्षद पद समाप्त कर दिया गया था। उपलब्ध रिपोर्टों के अनुसार नगर निगम परिषद ने उन्हें अयोग्य घोषित किया था। इसके बाद यह सीट रिक्त हो गई और अब यहां उपचुनाव कराया जा रहा है।

**वार्ड 60ः** यहां कांग्रेस पार्षद सुनेहरा अंसारी का निर्वाचन इंदौर जिला न्यायालय ने शून्य घोषित कर दिया था। कोर्ट के अनुसार नामांकन के दौरान शपथपत्र में संपत्ति, देनदारियों और अन्य आवश्यक जानकारियों का पूरा खुलासा नहीं किया गया था। कोर्ट ने दूसरे स्थान पर रही प्रत्याशी को भी सीधे निर्वाचित घोषित नहीं किया, इसलिए सीट रिक्त होने पर उपचुनाव जरूरी हुआ।

---

इंदौर में नहीं बढ़ेंगे दूध के दामः इंदौर दूध विक्रेता संघ की बैठक में फैसला

# संघ ने की ऑक्सीटोसिन इंजेक्शन पर रोक की मांग

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर**

इंदौर में दूध के दाम फिलहाल नहीं बढ़ेंगे। इंदौर दूध विक्रेता संघ की बैठक में तय किया गया कि दूध का बंदी भाव 62 रुपए प्रति लीटर और दुकानों पर खुला दूध 65 रुपए प्रति लीटर ही रहेगा।

संघ ने कहा कि प्राकृतिक परिस्थितियों और उत्पादन लागत को देखते हुए फिलहाल भाव यथावत रखने का फैसला लिया गया है। परिस्थितियां और पशुआहार के भाव प्रतिकूल होने पर आगे दूध के दाम पर दोबारा विचार किया जाएगा। संघ अध्यक्ष भारत मथुरावाला की अध्यक्षता में हुई बैठक में दूध की गुणवत्ता, उत्पादकों को मिलने वाले दाम



और दूध की खरीद-बिक्री की व्यवस्था पर चर्चा हुई।

संघ के अनुसार दूध विक्रेता वर्तमान में उत्पादकों को 8.90 रुपए प्रति फैट का भुगतान कर रहे हैं, जो साँची दूध संघ की तुलना में 20 पैसे प्रति फैट यानी करीब 1.20 रुपए प्रति लीटर अधिक है।

संघ ने आरोप लगाया कि गांवों में बैठे ठेकेदार दूध उत्पादकों का शोषण कर रहे हैं। साथ ही खाद्य सुरक्षा मानकों के तहत दूध उत्पादकों और दूध वाहनों के जरूरी रजिस्ट्रेशन का पालन नहीं किए जाने का दावा किया। संघ ने प्रशासन से शहर में आने वाले प्रत्येक दूध वाहन और दूध उत्पादक का रजिस्ट्रेशन सुनिश्चित कराने की मांग की है।

संघ ने हाईकोर्ट के आदेश का हवाला देते हुए शहर में आने वाले दूध की गुणवत्ता जांचने के लिए एंट्री पॉइंट पर बूथ और मोबाइल लैब शुरू करने की मांग की। संघ का कहना है कि दूध की खरीद-बिक्री में फैट प्रणाली लागू है, इसलिए उत्पादकों से दूध खरीदते समय भी फैट के आधार पर भुगतान व्यवस्था सख्ती से लागू होनी चाहिए। दूध डेरियों पर उपभोक्ताओं की सुविधा के लिए दूध में कितने फैट की मात्रा है, इसकी जानकारी लिखित में प्रदर्शित करने की मांग भी की गई।

---

शहर में बढ़ते यातायात दबाव और सड़क हादसों को कम करने के लिए प्रशासन ने ट्रैफिक व्यवस्था में सुधार की कवायद की तेज

# चौराहों के लेफ्ट टर्न होंगे चौड़े, सड़कों पर होगी जेब्रा क्रॉसिंग और रोड मार्किंग

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर**

शहर में बढ़ते यातायात दबाव और सड़क हादसों को कम करने के लिए प्रशासन ने ट्रैफिक व्यवस्था में सुधार की कवायद तेज कर दी है। कलेक्टर शिवम वर्मा ने सोमवार को जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक ली। इसमें शहर और ग्रामीण क्षेत्रों में यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाने के साथ सड़क सुरक्षा से जुड़े कई अहम निर्देश दिए गए।

कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी प्रमुख चौराहों के लेफ्ट टर्न चौड़े किए जाएं और यातायात सिग्नल को व्यवस्थित किया जाए। चौराहों और तिराहों पर जेब्रा क्रॉसिंग, रोड



मार्किंग, कैट्स आई और डेलिनेटर की व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा गया। उन्होंने जरूरत वाले स्थानों पर यातायात पुलिस की तैनाती कर जाम की स्थिति रोकने के निर्देश भी दिए।

भारी वाहनों के शहर में प्रवेश को नियंत्रित करने के लिए निर्धारित नो-एंट्री पॉइंट की लगातार निगरानी करने को कहा गया। कलेक्टर ने कहा कि जरूरत पड़ने पर इन स्थानों पर ऑटोमेटिक हाइड्रोलिक बैरियर लगाए जाएं। रिंग रोड और बायपास पर यातायात का दबाव कम करने के लिए भी विशेष इंतजाम करने के निर्देश दिए गए।

- **मुख्य मार्गों पर ई-रिक्शा का दबाव नियंत्रित होगा-** कलेक्टर ने कहा कि मुख्य रास्तों पर ट्रैफिक का दबाव बढ़ाने वाले ई-रिक्शा को नियंत्रित करने के साथ ही सड़क किनारे होने वाली अवैध पार्किंग पर भी प्रभावी कार्रवाई करें। उन्होंने कहा कि जहां भी ट्रैफिक व्यवस्था में विद्युत पोल बाधा बन रहे हैं, उन्हें दूसरी जगह शिफ्ट किया जाए।
- **ब्लैक स्पॉट की पहचान कर हादसे रोकने की तैयारी-** कलेक्टर ने जिले के शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में मौजूद ब्लैक स्पॉट चिन्हित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि ऐसे स्थानों पर जरूरी सुरक्षा इंतजाम किए जाएं, ताकि सड़क दुर्घटनाओं को रोका जा सके।
- **सिग्नल आपस में होंगे सिंक्रोनाइज-** यातायात सिग्नल व्यवस्था की भी समीक्षा की गई। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि जहां ऑटोमेटिक व्हीकल क्यू-बेस्ड सिस्टम लगा है, वहां उसकी कार्यप्रणाली की नियमित निगरानी की जाए। सभी प्रमुख सिग्नलों को आपस में सिंक्रोनाइज करने पर भी जोर दिया गया, ताकि वाहनों की आवाजाही सुचारू बनी रहे।

# मौसम विभाग ने मप्र में अगले 4 दिन भारी बारिश का अलर्ट जारी किया

## 'सतना-रीवा समेत 17 जिलों में आज तेज बरसात होगी; सितंबर में 9.6 इंच पानी की जरूरत

ब्रह्मास्त्र ▸▸ भोपाल

इस मानसूनी सीजन में मध्य प्रदेश में 74% यानी, औसत 27.7 इंच बारिश हो चुकी है। अकेले अगस्त महीने में ही 12 इंच पानी गिरा। अब सितंबर में 9.6 इंच पानी की जरूरत है। इसके बाद प्रदेश की सामान्य बारिश 37.3 इंच का आंकड़ा पार होगा। हालांकि, अगले 4 दिन प्रदेश के कई जिलों में अति भारी और भारी बारिश का अलर्ट है। ऐसे में आंकड़े में बढ़ोतरी की उम्मीद है।

मौसम केंद्र भोपाल के अनुसार, बंगाल की खाड़ी में लो प्रेशर एरिया (निम्न दाब क्षेत्र) और ट्रफ की वजह से 4 सितंबर तक जबलपुर, रीवा, शहडोल, सागर, भोपाल, नर्मदापुरम, उज्जैन और ग्वालियर-चंबल संभाग में तेज बारिश होगी। मौसम विभाग ने मंगलवार को उमरिया और बालाघाट में अति भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है।



पन्ना, सतना, रीवा, मऊगंज, सीधी, सिंगरौली, कटनी, मैहर, शहडोल, अनूपपुर, डिंडौरी, जबलपुर, मंडला, सिवनी और छिंदवाड़ा में भारी बारिश हो सकती है।

वहीं, भोपाल, रायसेन, सीहोर, राजगढ़, विदिशा, इंदौर, धार, आलीराजपुर, बुरहानपुर, बड़वानी, खंडवा, खरगोन, झाबुआ, उज्जैन, नीमच, आगर-मालवा, मंदसौर, शाजापुर, देवास, रतलाम, नर्मदापुरम, बैतूल, हरदा, ग्वालियर, गुना, शिवपुरी, दतिया, अशोकनगर, मुरैना, भिंड, श्योपुर, नरसिंहपुर, पांढुर्णा, सागर, दमोह, छतरपुर, टीकमगढ़ और निवाड़ी में कहीं तेज तो कहीं हल्की बारिश होगी।

मौसम विशेषज्ञों की माने तो 1 और 2 सितंबर को पूर्वी हिस्से में तेज बारिश का दौर रहेगा। 3 सितंबर को भोपाल व ग्वालियर संभाग में भारी की चेतावनी जारी की गई है। 4 सितंबर को सिस्टम उज्जैन, भोपाल, नर्मदापुरम, ग्वालियर और चंबल संभाग के जिलों में तेज बारिश कराएगा।

लगातार बारिश की वजह से प्रदेश के डैमों की स्थिति सुधरी है। अधिकांश डैम में 70 प्रतिशत तक पानी आ गया है। कुछ डैम के गेट तो खोल दिए गए हैं। इंदौर और उज्जैन संभाग के डैमों की स्थिति ठीक नहीं है। भोपाल के बड़ा तालाब में पानी का लेवल 1666.50 फीट तक पहुंच गया है। अब यह सिर्फ 0.30 फीट ही खाली है। बड़ा तालाब फुल भरने के बाद भदभदा डैम के गेट खुलेंगे। यहां से छोड़ा जाने वाला पानी कलियासोत डैम में पहुंचेगा और इसमें भी पानी का लेवल बढ़ जाएगा। मौसम केंद्र की माने तो प्रदेश में अब तक 702.9 मिमी यानी, 27.7 इंच बारिश हो चुकी है। हालांकि, यह अब तक की सामान्य बारिश 30.8 इंच (782.6 मिमी) की तुलना में 3.1 इंच कम है। वहीं, ओवरऑल 10 प्रतिशत कम पानी गिरा है।

### 39 जिलों में 2% से 57% तक कम बारिश

प्रदेश के पूर्वी हिस्से- जबलपुर, रीवा, सागर और शहडोल संभाग में 5 प्रतिशत तक कम बारिश हुई है। बालाघाट, छतरपुर, डिंडौरी, छिंदवाड़ा, दमोह, जबलपुर, कटनी, मैहर, मंडला, मऊगंज, नरसिंहपुर, निवाड़ी, पांढुर्णा, पन्ना, रीवा, सागर, सिवनी, टीकमगढ़, डिंडौरी, निवाड़ी में 4 प्रतिशत से 53 प्रतिशत तक कम बारिश हुई है। वहीं, पश्चिमी हिस्से के आगर-मालवा, आलीराजपुर, अशोकनगर, बैतूल, दतिया, देवास, धार, हरदा, इंदौर, झाबुआ, मुरैना, मंदसौर, नर्मदापुरम, नीमच, बड़वानी, खंडवा, रायसेन, रतलाम, सीहोर, शाजापुर, श्योपुर, शिवपुरी, उज्जैन और विदिशा में औसत से 4 प्रतिशत से 53 प्रतिशत कम पानी गिरा है।

### जून के बाद जुलाई-अगस्त में भी अच्छी बारिश

मौसम विभाग के अनुसार, जून में 14% कम बारिश हुई थी। जुलाई की शुरूआती दिनों में तेज बारिश होने से यह बढ़ गया। इसके बाद मानसून दो बार ब्रेक हुआ और कई दिन तक बारिश नहीं हुई। आखिरी सप्ताह में फिर से स्ट्रॉन्ग सिस्टम एक्टिव हो गया। बावजूद इसके 13 प्रतिशत कम बारिश हुई है। हालांकि, जुलाई और फिर अगस्त का भी फुल हो गया, लेकिन जून की भरपाई नहीं हो पाई। यही वजह से अब तक भी प्रदेश में 10 प्रतिशत कम पानी गिरा है। प्रदेश की सामान्य बारिश 37.3 इंच है। भोपाल, इंदौर, जबलपुर और ग्वालियर जिले की सामान्य बारिश 38 से 39 इंच तक है।

### भोपाल में 4 साल से कोटे से ज्यादा बारिश

भोपाल में सितंबर महीने की औसत बारिश 7 इंच है, लेकिन पिछले 5 साल से कोटे से ज्यादा पानी बरस रहा है। ओवरऑल रिकॉर्ड की बात करें तो साल 1961 में पूरे सितंबर माह में 30 इंच से ज्यादा पानी गिरा था। वहीं, 24 घंटे में सर्वाधिक 9.2 इंच बारिश का रिकॉर्ड 2 सितंबर 1947 को बना था। इस महीने औसत 8 से 10 दिन बारिश होती है। वहीं, दिन में तापमान 31.3 डिग्री और न्यूनतम तापमान 22.2 डिग्री सेल्सियस तक रहता है।

### रतलाम में पशु चोरों पर शिकंजा, 4 आरोपी गिरफ्तार

**रतलाम।** रतलाम जिले के बरखेड़ाकला में खेत पर बने बाड़े से चार दिन पहले चोरी हुई दो भैंस, एक पाड़ा और एक पाड़ी के मामले का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। पुलिस ने चोरी के आरोप में चार लोगों को पकड़ा है, जिनमें एक नाबालिग भी शामिल है। आरोपियों के कब्जे से चोरी किए गए पशु और वारदात में इस्तेमाल पिकअप वाहन बरामद किया गया है। बरखेड़ाकला थाना प्रभारी पातीराम डावरे ने बताया कि ग्राम बामनखेड़ी निवासी मांगीलाल (45) पिता शंकरलाल पाटीदार ने 29 अगस्त को थाने में शिकायत दर्ज कराई थी। उन्होंने बताया था कि 28 अगस्त की रात खेत पर बने बाड़े से दो भैंस, एक पाड़ा और एक पाड़ी चोरी हो गई। चोरी गए पशुओं की कुल कीमत करीब 95 हजार रुपए बताई गई थी। शिकायत के बाद पुलिस ने अज्ञात आरोपियों और चोरी गए पशुओं की तलाश के लिए टीम गठित की। मुखबिर सूचना और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर पुलिस ने आरोपियों तक पहुंचकर उन्हें पकड़ लिया।

# मध्यप्रदेश के शिक्षकों की पात्रता परीक्षा को लेकर फिर सुप्रीम कोर्ट में याचिका

## 2005 से 2009 के बीच नियुक्त शिक्षकों को परीक्षा से बचाने टीडब्ल्यूटीए ने लगाया आवेदन

ब्रह्मास्त्र ▸▸ भोपाल

शिक्षक पात्रता परीक्षा को लेकर कर्मचारी चयन मंडल द्वारा आवेदन बुलाए जाने और परीक्षा तिथि का ऐलान किए जाने के बीच एक बार फिर सुप्रीम कोर्ट में विविध आवेदन दायर किया गया है। ट्राइबल वेलफेयर टीचर्स एसोसिएशन मध्यप्रदेश ने वर्ष 2005 से 2009 के बीच नियुक्त शिक्षकों को दोबारा शिक्षक पात्रता परीक्षा देने की अनिवार्यता से राहत दिलाने के लिए सर्वोच्च न्यायालय में यह विविध आवेदन दायर किया है। ट्राइबल वेलफेयर टीचर्स एसोसिएशन मप्र की ओर से दायर आवेदन का डायरी क्रमांक 53251/2026 है ' स्कूल शिक्षा विभाग पहले ही इस मामले में याचिका लगा चुका है।

ट्राइबल वेलफेयर टीचर्स एसोसिएशन मध्यप्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष डीके सिंगौर ने कहा कि राज्य सरकार की ओर से पुनर्विचार याचिका में एक महत्वपूर्ण मुद्दा बहस के दौरान उठाया गया था, लेकिन वह आधार पुनर्विचार याचिका में उसी मजबूती और विस्तार से लिखित रूप में सामने नहीं आया।

न्यायालय में मौखिक रूप से कही गई बात और याचिका में विधिवत उठाए गए कानूनी आधार का प्रभाव अलग होता है। सिंगौर ने कहा कि सरकार एक प्रतिवादी के रूप में कानून, प्रशासनिक व्यवस्था और अपने निर्णयों के दायरे में रहकर ही अपना पक्ष रख सकती है।



इसके विपरीत प्रभावित शिक्षक अपने व्यक्तिगत अधिकारों, नियुक्ति की परिस्थितियों, वर्षों की सेवा, अर्जित अधिकारों और नौकरी पर पड़ने वाले वास्तविक प्रभाव को सीधे और व्यापक रूप से न्यायालय के समक्ष रख सकते हैं। यह याचिका नई दिल्ली में 30 अगस्त को शिक्षकों के देशव्यापी प्रदर्शन के बीच लगाई गई है।

एसोसिएशन का कहना है कि मध्यप्रदेश शासन की पुनर्विचार याचिका और ट्राइबल वेलफेयर टीचर्स एसोसिएशन द्वारा दायर विविध आवेदन में अंतर है। दोनों के उद्देश्य में कुछ समानता दिखाई दे सकती है, लेकिन प्रभावित पक्ष की स्थिति, नियुक्ति की वैधानिकता, उस समय प्राप्त पात्रता और बाद में लागू किए गए शिक्षक पात्रता परीक्षा के प्रावधानों के प्रभाव जैसे मुद्दों को एसोसिएशन ने शिक्षकों के दृष्टिकोण से व्यापक रूप से उठाया है। डीके सिंगौर ने कहा कि हमारा उद्देश्य शिक्षक पात्रता परीक्षा का विरोध करना नहीं, बल्कि उन शिक्षकों के अधिकारों की रक्षा करना है, जिन्होंने उस समय लागू वैधानिक व्यवस्था के अनुसार नियुक्त होकर वर्षों तक शिक्षक के रूप में सेवा दी है। उनके ऊपर बाद में लागू व्यवस्था को किस सीमा तक प्रभावी किया जा सकता है, यही इस पूरे विवाद का महत्वपूर्ण प्रश्न है।

### पटवारी की नियुक्ति के बाद भी 900 से केस लंबित

**गुना।** गुना नगरपालिका में नामांतरण प्रकरणों के निराकरण के लिए राजस्व विभाग के पटवारी को अतिरिक्त प्रभार दिए जाने के बावजूद व्यवस्था में सुधार नहीं हो पाया है। नामांतरण के लंबित मामलों की संख्या घटने के बजाय बढ़कर 900 से ज्यादा हो गई है। वर्तमान में ये सभी प्रकरण और राजस्व निरीक्षक स्तर पर लंबित बताए जा रहे हैं। गुना नगरपालिका में लंबित नामांतरण प्रकरणों के भौतिक परीक्षण के लिए राजस्व विभाग के एक पटवारी को जिम्मेदारी दी गई थी। प्रदेश की नगरपालिकाओं में यह पहला मामला बताया गया, जब इस तरह नामांतरण के परीक्षण के लिए राजस्व विभाग के पटवारी को प्रभार दिया गया। कलेक्टर के निर्देश पर करीब दो महीने पहले आदेश जारी किया था। इसके तहत गुना ग्रामीण तहसील के बरखेड़ा गिर्द के पटवारी सौरभ बंसल को एक महीने के लिए नामांतरण प्रकरणों के परीक्षण की जिम्मेदारी सौंपी गई थी।

### टीकमगढ़ में कलेक्टर निरीक्षण के बाद भी स्वास्थ्यकर्मी नदारद

**टीकमगढ़।** टीकमगढ़ के ग्राम पंचायत सापौन स्थित उप स्वास्थ्य केंद्र में पदस्थ कम्युनिटी हेल्थ ऑफिसर रितु अहिरवार ने बताया कि कलेक्टर के निरीक्षण के दौरान ग्रामीणों के आरोपों से वह घबरा गई थीं। उन्हें स्टाफ का सहयोग नहीं मिलता और केंद्र में बिजली-पानी जैसी बुनियादी सुविधाएं भी नहीं हैं। उन्होंने यह भी बताया कि कलेक्टर के दौरे के बाद से वह डिप्रेशन में हैं और उनकी तबीयत ठीक नहीं है। दरअसल, शनिवार को टीकमगढ़ जिले के कलेक्टर विवेक श्रोतिय ने सापौन उप स्वास्थ्य केंद्र का अचानक निरीक्षण किया था। इस दौरान उल्टा रितु अहिरवार एक महिला मरीज का ब्लड प्रेशर ठीक से नहीं ले पाईं।

# आज फिर सरकार लेगी 3,600 करोड़ का कर्ज, आरबीआई के जरिए होगी सिक्योरिटी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ भोपाल

राज्य सरकार विकास और उत्पादक योजनाओं एवं परियोजनाओं के नाम पर आज एक बार फिर कुल 3,600 करोड़ का कर्ज लेने जा रही है। इसके लिए सरकार 1 सितंबर को भारतीय रिजर्व बैंक , मुंबई कार्यालय के माध्यम से दो अलग-अलग सरकारी सिक्योरिटी की नीलामी करेगी। अब कर्ज का कुल आंकड़ा चालू वित्त वर्ष में 51400 करोड़ रुपए हो जाएगा। वहीं नए कर्ज के बाद राज्य सरकार पर कुल कर्ज बढ़कर 5 लाख 40 हजार 114 करोड़ रुपए हो जाएगा। राज्य सरकार की ओर से अधिसूचना जारी कर दोनों कर्ज की अवधि, राशि, नीलामी और भुगतान की प्रक्रिया स्पष्ट की गई है। पहला कर्ज 1,600 करोड़ 18 साल के लिए होगा। नीलामी प्लेटफॉर्म RBI का Core Banking Solution (E-Kuber) होगा। इस राशि की ब्याज के साथ अदायगी सरकार जुलाई 2044 तक 7.61 प्रतिशत सालाना ब्याज पर करेगी। ब्याज का हर साल भुगतान 8 जनवरी और 8 जुलाई को किया जाएगा। दूसरा कर्ज 2,000 करोड़ रुपए का 30 साल के लिए लिया जा रहा है। इसकी मूलधन वापसी सितंबर 2056 तक नीलामी में तय होने वाली कट-ऑफ यील्ड ब्याज के जरिये की जाएगी।



### किससे लिया जाएगा कर्ज

यह कर्ज किसी एक बैंक से सीधे नहीं लिया जा रहा है। प्रदेश सरकार सरकारी सिक्योरिटीज बेचकर निवेशकों से पैसा जुटाएगी। इनकी नीलामी फ्इकके मुंबई कार्यालय से होगी। इसमें बैंक, वित्तीय संस्थान और पात्र निवेशक बोली लगा सकेंगे। इसके अलावा नॉन-कॉम्पिटिटिव बिडर्स के लिए भी सरकारी प्रतिभूतियों में हिस्सा लेने की व्यवस्था रखी गई है। नॉन-कॉम्पिटिटिव श्रेणी में पात्र व्यक्तियों और संस्थाओं को कुल नोटिफाइड राशि के 10 प्रतिशत तक सिक्योरिटीज आवंटित की जा सकती हैं, जबकि एकल बोलीदाता के लिए अधिकतम सीमा नोटिफाइड राशि की 1 प्रतिशत रखी गई है। सरकार को कर्ज की राशि का भुगतान 2 सितंबर 2026 को भुगतान करना होगा। इसके पहले मोहन सरकार ने 18 अगस्त को सिक्योरिटी की नीलामी के बाद 7.58 प्रतिशत और 7.39 प्रतिशत ब्याज दर पर 1,400 करोड़ और 1,000 करोड़ रुपए के दो कर्ज उठाए हैं। इन दोनों कर्ज की राशि पर सरकार जनवरी और जुलाई में छमाही आधार पर ब्याज का भुगतान करेगी। दोनों कर्ज की अवधि क्रमशः 12 साल और 8 साल है। अगस्त महीने में ही 4 अगस्त को 1,600 करोड़ और 2,000 करोड़ रुपए के कुल 3,600 करोड़ रुपए कर्ज लिए गए थे। 31 मार्च 2026 की स्थिति में राज्य सरकार पर 4 लाख 88 हजार 714 करोड़ रुपए का कर्ज था। एक सितम्बर को होने वाली नीलामी के बाद लिए गए कर्ज का कुल आंकड़ा चालू वित्त वर्ष में 51400 करोड़ रुपए हो जाएगा। नए कर्ज के बाद राज्य सरकार पर कुल कर्ज बढ़कर 5 लाख 40 हजार 114 करोड़ रुपए हो जाएगा।

### मप्र हाईकोर्ट को मिलेगा नया चीफ जस्टिस

ब्रह्मास्त्र ▸▸ जबलपुर

सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम ने गुजरात हाईकोर्ट के जस्टिस अल्पेश यशवंत कोगजे को मध्यप्रदेश हाईकोर्ट का मुख्य न्यायाधीश नियुक्त करने की सिफारिश की है। 31 अगस्त 2026 को हुई कॉलेजियम की बैठक में विभिन्न हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस की नियुक्ति और स्थानांतरण पर फैसला लिया गया।

कॉलेजियम की सिफारिश अब केंद्र सरकार के पास जाएगी। केंद्र की मंजूरी और जरूरी प्रक्रिया पूरी होने के बाद नियुक्ति की अधिसूचना जारी होगी। इसके बाद जस्टिस कोगजे मप्र हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस का कार्यभार संभालेंगे। सुप्रीम कोर्ट और हाईकोर्ट के जजों की नियुक्ति और तबादले की सिफारिश करने वाली व्यवस्था को कॉलेजियम सिस्टम कहा जाता है। इसमें भारत के मुख्य न्यायाधीश और सुप्रीम कोर्ट के चार वरिष्ठतम न्यायाधीश शामिल होते हैं। सिफारिशें केंद्र सरकार को भेजी जाती हैं। आपत्ति होने पर पुनर्विचार के लिए लौटा सकती है, लेकिन दोबारा वही नाम भेज दे तो सरकार को नियुक्ति करनी होती है।

# शादी से इनकार किया तो प्रेमी ने गला घोंटकर मारा, बॉयफ्रेंड का साथी गिरफ्तार

ब्रह्मास्त्र ▸▸ ग्वालियर

ग्वालियर में 17 वर्षीय किशोरी की हत्या की गुत्थी पुलिस ने 12 घंटे में सुलझा ली। पुलिस ने किशोरी के परिजन के संदेह पर काम करते हुए उसके प्रेमी ईशान खान और उसके दोस्त व रिश्ते के भाई अरबाज खान को गिरफ्तार किया है। पूछताछ में दोनों ने अपराध कबूल कर लिया। पुलिस ने वारदात में इस्तेमाल बलेनो कार भी जब्त कर ली है। बता दें कि किशोरी का शव सोमवार को कैंसर पहाड़िया पर झाड़ियों में मिला था।

पुलिस के मुताबिक ईशान और किशोरी के बीच करीब दो साल से प्रेम संबंध थे। दोनों परिवारों को रिश्ते की जानकारी थी, लेकिन हाल में किशोरी उससे दूरी बनाने लगी थी। परिजन उसका रिश्ता कहीं और तय कर रहे थे। इसी बात से नाराज ईशान ने अरबाज के साथ मिलकर उसकी हत्या की साजिश रची।

आरोपियों ने पहले रैकी की





और रविवार रात में जब किशोरी साड़ी की दुकान से वापस घर जा रही थी तभी दोनों आरोपियों ने उसे केआरजी कॉलेज के पास से जबरन उठा लिया। उसे बलेनो कार में बैठाया और कैंसर पहाड़िया पर ले गए। वहां ईशान ने उससे शादी करने के लिए कहा, तो किशोरी ने इनकार कर दिया।

शादी से मनाही ईशान के गले नहीं उतरी। उसके इशारे पर अरबाज ने उसके हाथ पकड़ लिए और ईशान ने चुनरी से गला घोंट दिया। हत्या के बाद दोनों शव को झाड़ियों में छोड़कर फरार हो गए। सोमवार सुबह झाड़ियों में शव मिलने पर कंपू थाना पुलिस मौके पर पहुंची। गले पर कसने के निशान मिले। फोरेंसिक टीम ने भी घटनास्थल से साक्ष्य जुटाए। किशोरी नया बाजार स्थित एक साड़ी सेंटर में काम करती थी। रविवार रात घर नहीं लौटने पर परिजन ने गुमशुदगी और अपहरण की शिकायत दर्ज कराई थी। उन्होंने ईशान पर संदेह जताया था।

जांच के दौरान सीसीटीवी फुटेज में ईशान किशोरी की दुकान के बाहर रैकी करता दिखाई दिया। पुलिस ने वारदात में इस्तेमाल कार के नंबर के आधार पर उसके मालिक का पता लगाया।

### जंगली सुअर के अवैध शिकार में पांच आरोपी गिरफ्तार

**उमरिया।** उमरिया के बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व के मानपुर बफर क्षेत्र में जंगली सुअर के अवैध शिकार के मामले में वन विभाग ने पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है। बिजौरी के पटपरहा टोला में कार्रवाई के दौरान टीम ने पकाया हुआ मांस, हंसिया, कढ़ाई, बर्तन और खून लगी बोरी समेत अन्य सामग्री जब्त की। डॉग स्क्वाड की मदद से जंगली सुअर के दांत और बाल भी बरामद किए गए। बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व को सूचना मिली थी कि ग्राम बिजौरी के पटपरहा टोला में कुछ लोगों ने जंगली सुअर का शिकार किया है। सूचना के आधार पर मानपुर बफर क्षेत्र की वन विभाग की टीम ने मौके पर दबिश दी। यहां विनोद बैगा, प्रेमलाल बैगा और छल्लु बैगा को पकड़ा गया।

### भोपाल नगर निगम ने सिर्फ 7 प्रतिष्ठान सील किए

**भोपाल।** भोपाल के रहवासी इलाकों में कमर्शियल गतिविधियों पर सोमवार को नगर निगम ने अब तक की सबसे बड़ी कार्रवाई की। 109 संस्थान बंद हुए, पर निगम ने इनमें से सिर्फ 7 पर सील लगाई। बाकी 102 कारोबारियों के खुद लगाए तालों को ही निगम ने ह्वबंदह्ल मान लिया। जिन जगहों पर निगम ने खुद सीलिंग की, वहां भी कार्रवाई में लापरवाही सामने आई। एक महीने में यह दूसरी बड़ी कार्रवाई है। पिछली कार्रवाई में भी कई प्रतिष्ठानों पर ताले लगाकर कारोबार बंद कराया गया था, पर अगले ही दिन ताले खुल गए और गतिविधियां फिर शुरू हो गई थीं। इसके बावजूद इस बार 102 प्रतिष्ठानों को उनके खुद के ताले के भरोसे छोड़ दिया गया। कार्रवाई के दौरान अरेरा कॉलोनी में हंगामा भी हुआ। आर्य समाज मंदिर के पास दुकानदारों ने निगम पर पक्षपात का आरोप लगाया। उनका कहना था कि उनकी दुकानें बंद कराई जा रही हैं, जबकि दूसरे बड़े प्रतिष्ठानों पर वैसी कार्रवाई नहीं हो रही। विरोध बढ़ने पर निगम अमला आगे बढ़ गया।

## नाबालिग बेटे-बेटी को भी पीटा, 30-40 मिनट बेहोश रहे

# 'बॉयकट लुक रखती हो' बोलकर पिता ने ही बेटी को मार डाला

### नंदनी के मुंह बोले भाई को भी पीटा

ब्रह्मास्त्र ▸▸ ग्वालियर

मध्य प्रदेश के ग्वालियर जिले में चाचा और पिता ने बड़ी बेटी को बॉयकट बाल रखने और नौकरी करने पर डंडे से पीटा। उसका सिर दीवार पर पटका और गला दबाकर हत्या कर दी। छोटी बेटी को भी घसीट-घसीटकर पीटा और गला दबाने की कोशिश की। नाबालिग बेहोश हो गई।

वारदात डबरा के पतरिया पुरा गांव की है। मृतक की पहचान अनु उर्फ नंदनी यादव (21) के रूप में हुई है। पिता भगवान सिंह यादव और उनके भाई संतोष सिंह यादव पर हत्या का आरोप है। भगवान सिंह ने पत्नी को भी कमरे में बंद कर पीटा और लड़की के मुंह बोले भाई की भी पिटाई की।

पुलिस के मुताबिक, अनु उर्फ नंदनी कर्नाटक के विजयपुर के एक मॉल में नौकरी करती थी। वह रक्षाबंधन पर घर आई थी। परिवार उसके बाहर नौकरी करने और बॉयकट बाल रखने से नाराज था। पुलिस की शुरूआती जांच में इन्हीं बातों को हत्या की वजहों में शामिल किया गया है। सोमवार दोपहर घर में भगवान सिंह और संतोष पहुंचे। दोनों ने पहले 17 वर्षीय छोटी बेटी के साथ मारपीट की। उसे घसीट-घसीटकर पीटा और गला दबाने की कोशिश की। मां ने बीच-बचाव कर उसे छुड़ाया। नाबालिग करीब 30-40 मिनट तक बेहोश रही। इसी दौरान नंदनी दूसरे घर में अपने मुंह बोले भाई मनमोहन पांडे के साथ थी। आरोप है कि पिता और चाचा ने पहले मनमोहन के साथ मारपीट की। भगवान सिंह ने उसका सिर कई बार दीवार में पटका। इस दौरान उसके चेहरे और गले पर चोट आई और वह बेहोश हो गया। इसके बाद दोनों ने नंदनी को पीटा। उसका सिर दीवार में पटका और डंडे से सिर पर कई वार किए। इसके बाद साफी से गला दबाकर उसकी हत्या कर दी।





मृतक
नंदनी यादव

### छोटी बेटी के लापता होने का मामला भी सामने आया

पुलिस जांच में नंदनी की 17 वर्षीय बहन से जुड़ा पुराना मामला भी सामने आया है। नाबालिग दो बार घर से लापता हो चुकी थी। पुलिस दोनों बार उसे दस्तयाब कर चुकी है। वारदात के दौरान नंदनी की मां को भी कमरे में बंद कर मारपीट की गई।

### हत्या के बाद दोनों आरोपी फरार

हत्या के बाद भगवान सिंह और संतोष मौके से फरार हो गए। सूचना मिलते ही पिछोर थाना प्रभारी शिवम सिंह राजावत पुलिस टीम के साथ गांव पहुंचे। पुलिस ने नंदनी का शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा और आरोपियों की तलाश शुरू की।

### पुलिस बोली- ऑनर किलिंग का मामला

एसडीओपी सौरभ कुमार ने बताया कि पिछोर में ऑनर किलिंग का मामला सामने आया है। पुलिस ने मुख्य आरोपी भगवान सिंह को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि संतोष की तलाश जारी है। नंदनी की हत्या की पूरी वजह और नाबालिग बेटी से जुड़े पुराने मामलों की जांच की जा रही है।

# एक ही परिवार के 3 लोगों समेत 4 की मौत, अशोकनगर में दो बाइकें भिड़ीं



ब्रह्मास्त्र ▸▸ अशोक नगर

अशोकनगर जिले में सोमवार शाम दर्दनाक सड़क हादसे में चार लोगों की मौत हो गई। आरोन रोड पर तौकली गांव के पास दो बाइकों की आमने-सामने भिड़ंत में एक ही परिवार के तीन लोगों समेत चार लोगों की जान चली गई, जबकि दो लोग घायल हो गए। घायलों का जिला अस्पताल में इलाज चल रहा है।

जानकारी के मुताबिक, करैया राय निवासी शिवराज (35) अपनी पत्नी धनकुबेर (32) और सात वर्षीय बेटे कल्ला के साथ बाइक से अशोकनगर लौट रहे थे। शिवराज अशोकनगर में अंबेडकर भवन के पास फोटोग्राफी की दुकान चलाता था। रक्षाबंधन पर वह परिवार के साथ गांव गया हुआ था। परिजनों के अनुसार, बेटे का स्कूल मंगलवार से खुलना था, इसलिए दंपती उसे लेकर अशोकनगर वापस आ रहे थे। तौकली गांव के पास उनकी बाइक सामने से आ रही दूसरी बाइक से टकरा गई। हादसे में सात वर्षीय कल्ला और उसकी मां धनकुबेर की मौके पर ही मौत हो गई।

# नेपाल बाढ़ में फंसी एक्ट्रेस मानसी भारत लौटीं



## एयरपोर्ट पर बेटी को गले लगाकर भावुक हुईं; लैंडस्लाइड के बाद पैदल बॉर्डर पार किया

नेशनल अवॉर्ड विनिंग एक्ट्रेस मानसी पारेख कैलाश मानसरोवर यात्रा के दौरान नेपाल-तिब्बत सीमा पर आई भीषण बाढ़ के बीच फंसने के बाद सुरक्षित मुंबई लौट आई हैं। मुंबई एयरपोर्ट पर वे अपने पति और बेटी को गले लगाकर भावुक दिखाई दीं।

तिब्बत में भूस्खलन होने के कारण उन्हें 4 घंटे तक बस में इंतजार करना पड़ा। इसके बाद वे पैदल खराब रास्ता पार कर नेपाल सीमा पहुंचीं और काठमांडू होते हुए मुंबई अपने परिवार के पास पहुंचीं। मानसी ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर इस पूरे अनुभव को शेयर करते हुए जंग जीतने जैसा बताया है।

पैदल पार किया लैंडस्लाइड वाला रास्ता एक्ट्रेस मानसी पारेख ने इंस्टाग्राम पर पोस्ट शेयर कर इस पूरे मामले की जानकारी दी है। भूस्खलन हकी वजह से रास्ता साफ होने तक उनकी बस 4 घंटे तक वहीं खड़ी रही। इसके बाद करीब 40 मील का सफर तय करके उनकी टीम नेपाल बॉर्डर पहुंची। वहां एक और लैंडस्लाइड की वजह से रास्ता पूरी तरह बंद था। ऐसे में बस छोड़कर पैदल ही क्षतिग्रस्त इलाके को पार करना पड़ा, ताकि दूसरी तरफ खड़ी बसों तक पहुंचा जा सके।

'जंग जीतने जैसा था मुंबई वापस लौटना' मानसी ने अपनी पोस्ट में लिखा कि चीन से निकलकर नेपाल सीमा तक पहुंचना किसी जंग को जीतने जैसा महसूस हो रहा था। नेपाल सीमा पार करने के बाद काठमांडू तक का 4 घंटे का बस सफर उनके जीवन का सबसे मुश्किल सफर रहा। मानसी ने लिखा कि तमाम मुश्किलों के बाद भी मुंबई वापस आना, अपने परिवार से मिलना और बेटी को गले लगाना सबसे राहत देने वाला पल था।

## शादी के 5 महीने बाद अलग हुए; पहली पत्नी जैस्मिन से 2020 में अलग हुए थे

# रैपर बादशाह ने दूसरी पत्नी ईशा रिखी से लिया तलाक



रैपर बादशाह और पंजाबी एक्ट्रेस ईशा रिखी ने अपनी शादी के 5 महीने बाद ही एक-दूसरे से अलग होने का ऐलान कर दिया है। दोनों ने सोमवार रात अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर जैसी पोस्ट शेयर कर तलाक की पुष्टि की।

बादशाह ने अपनी पोस्ट में कहा कि यह फैसला दोनों की आपसी सहमति से लिया गया है। उन्होंने फैंस और मीडिया से इस समय में उनकी प्राइवेसी का सम्मान करने और किसी भी तरह का अंदाजा न लगाने का अनुरोध किया है।

पिछले कुछ हफ्तों से दोनों के रिश्ते में अनबन की खबरें आ रही थीं। पोस्ट में बादशाह ने लिखा कि वे और ईशा रिखी आपसी सम्मान के साथ अलग-अलग रास्तों पर आगे बढ़ रहे हैं। बादशाह ने लिखा, ₹हमारा यह फैसला आपसी सहमति से लिया गया है। हम सभी से गुजारिश करते हैं कि इस समय हमारी प्राइवेसी का ध्यान रखें। इस मुद्दे पर हमारा यह पहला और आखिरी बयान है, इसलिए हमारी रिलेशनशिप को लेकर आगे कोई अंदाजा न लगाया जाए।₹ ईशा रिखी ने भी अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर यही बयान शेयर किया है।

### जुलाई से सामने आ रही थीं अनबन की खबरें

बादशाह और ईशा रिखी के रिश्ते में तनाव की खबरें जुलाई के महीने में आनी शुरू हुई थीं। 26 जुलाई को ईशा ने बादशाह के साथ अपनी कई तस्वीरें और वीडियो शेयर करते हुए एक पोस्ट लिखी थी। इसमें उन्होंने 'हर तूफान एक सीख है' लिखकर दिल टूटने वाला इमोजी लगाया था। इसके बाद ईशा ने एक नोट में लिखा था कि वे लंबे समय तक डर की वजह से चुप रहीं, लेकिन अब वे अपने आत्मसम्मान के लिए बोल रही हैं। इसी बीच ईशा की मां पूनम रिखी ने भी सोशल मीडिया पर कर्म से जुड़ी पोस्ट शेयर की थीं।

### जून में ही किया था शादी का खुलासा

ईशा रिखी ने इसी साल जून में इंस्टाग्राम पर 'आस्क मी एनीथिंग' सेशन के दौरान बादशाह के साथ अपनी शादी की पुष्टि की थी। हालांकि शादी के बाद भी दोनों सार्वजनिक रूप से एक-दूसरे के बारे में ज्यादा बात करने से बचते रहे। वहीं अब रिपोर्ट्स में दावा किया जा रहा है कि ईशा रिखी जल्द ही सलमान खान के रियलिटी शो 'बिग बॉस 20' का हिस्सा बन सकती हैं। यह रैपर बादशाह का दूसरा तलाक है। इससे पहले उन्होंने 2012 में जैस्मिन मसीह से शादी की थी। साल 2017 में दोनों की एक बेटी हुई, जिसका नाम जेसेमी ग्रेस मसीह सिंह है।



### तलाक के ऐलान के बीच बादशाह का नया गाना रिलीज

बादशाह, जिनका असली नाम आदित्य प्रतीक सिंह सिसोदिया है, ने अपने संगीत सफर की शुरूआत साल 2006 में 'माफिया मुंडीर' ग्रुप से की थी। साल 2013 में दिलजीत दोसांझ के साथ आए पंजाबी गाने 'प्रॉपर पटोला' और साल 2015 के 'डीजे वाले बाबू' से उन्हें देशभर में बड़ी पहचान मिली। इसके बाद साल 2014 में उन्होंने फिल्म 'हम्प्टी शर्मा की दुल्हनिया' के गाने 'सैटरडे सैटरडे' और 'खूबसूरत' के गाने 'अभी तो पार्टी शुरू हुई है' से बॉलीवुड में कदम रखा। पर्सनल लाइफ में चल रही हलचल के बीच बादशाह का नया मराठी हिप-हॉप गाना 'चिमना' 31 अगस्त को रिलीज हुआ है।

## कृति सेनन एड विवाद, करीना कपूर का बोलने से इनकार

एक्ट्रेस कृति सेनन के रक्षाबंधन एडवर्टाइजमेंट में कपड़ों को लेकर शुरू हुए विवाद पर अब करीना कपूर खान ने प्रतिक्रिया देने से इनकार कर दिया। फिल्म दायरा के ट्रेलर लॉंच इवेंट में जब मीडिया ने करीना से इस विवाद और एक्ट्रेसेस की सोशल मीडिया ट्रोलिंग पर सवाल पूछा, तो उन्होंने इस सवाल पर चुप्पी साधे रखी। करीना ने इस सवाल का जवाब पास में बैठीं डायरेक्टर मेघना गुलजार से देने को कहा।

सवाल सुनते ही डायरेक्टर की तरफ किया इशारा इवेंट में रिपोर्टर ने करीना कपूर से पूछा कि सोशल मीडिया पर एक्ट्रेसेस के कपड़ों और उनके रिप्रेजेंटेशन को लेकर काफी ट्रोलिंग होती है, ऐसे में एक एक्ट्रेस होने के नाते उनकी क्या सीमाएं होनी चाहिए। सवाल पूरा सुनते ही करीना ने खुद बोलने के बजाय माइक डायरेक्टर मेघना गुलजार की तरफ बढ़ा दिया। करीना के इशारा करने के बाद डायरेक्टर मेघना गुलजार ने सवाल का जवाब दिया। मेघना ने कहा, ₹फिल्मों या स्क्रीन पर किसी महिला या पुरुष कलाकार का लुक और कपड़े उनके किरदार पर निर्भर करते हैं। यह डायरेक्टर की सोच के हिसाब से तय होता है।₹ मेघना ने आगे कहा कि इस तरह के मामलों में सिर्फ किसी एक एक्टर से सवाल पूछना या उसे कटघरे में खड़ा करना सही नहीं है।



# शबाना आजमी बोलीं- मुझे और जावेद अख्तर को हिंदू-मुस्लिम दोनों बर्दाश्त नहीं करते

शबाना आजमी ने हालिया इंटरव्यू में कहा है कि उन्हें और जावेद अख्तर को हिंदू और मुस्लिम हर वर्ग से नफरत मिलती है। उन्होंने कहा कि कई बार उन पर फतवे लगाए गए और कई बार उन्हें आतंकवादी तक कहा जाता है।

शबाना आजमी ने जूम को दिए इंटरव्यू में कहा है, ह्यजावेद और मेरे हम दोनों के सिर पर ये श्रेय है कि हमें दोनों इनटोलरेंट कम्युनिटी के जो हिस्से हैं, वो बर्दाश्त नहीं कर पाते। हिंदू कट्टरपंथी और मुस्लिम कट्टरपंथी दोनों। तो फिर हमें लगता है कि हमारी धर्मनिर्पेक्ष सोच तो साबित होती है।

आगे शबाना आजमी ने कहा, ह्यकभी मौलवी हमें फतवा दे रहा है, कभी कोई हमें आतंकवादी कह रहा है। मुझे ये लगता है कि हमें हिंदू-मुस्लिम नेरेटिव से ऊपर उठना होगा। और मुझे लगता है कि सिर्फ एक ही तरीका है, जिससे ये हो सकता है, वो ये कि जब हमें हिंदू- मुस्लिम के झगड़े में धकेला जाए, तो हम इसमें फंसे न। ये लड़ाई हिंदू मुस्लिम की नहीं बल्कि उदार और कट्टर रसोच रखने वाले लोगों की होनी चाहिए। लिब्रल हिंदू और लिब्रल मुस्लिम को एक साथ होना चाहिए और इनटोलरेंट हिंदू-मुस्लिम को एक साथ होना चाहिए। ऐसे ही हमारे अंदर से धर्म का जहर का निकलेगा।

शबाना आजमी ने हाल ही में बयान दिया है कि सनी देओल स्टारर उनकी फिल्म बंटवारा 1947, इसलिए फ्लॉप हुई, क्योंकि लोग सनी देओल को एक मुस्लिम शख्स के किरदार में नहीं देख पाए। फिल्म के डायरेक्टर राजकुमार संतोषी ने इसका विरोध किया। उन्होंने वैराइटी इंडिया को दिए इंटरव्यू में कहा, मुझे इसका कोई मतलब समझ नहीं आता। अमिताभ बच्चन ने कुली (1983) में मुस्लिम हीरो का किरदार निभाया था। मनमोहन देसाई की कई फिल्मों में मुस्लिम हीरो थे। आगे उन्होंने कहा, क्या हम ऐसे दौर में पहुंच गए हैं, जहां दूसरे समुदाय के हीरो को स्वीकार नहीं कर सकते? हम समझदार, अच्छे और पढ़े-लिखे लोग हैं। वे कैसे कह रहे हैं कि फिल्म में बड़ी गलती है?

## जासूस बनिए....अंतर ढूंढो...





## रंग भरकर चित्र बनाओ







## जोक्स

पप्पू अपनी पत्नी से-
अच्छा ये बताओ 'बिदाई' के समय तुम लड़कियां इतनी रोती क्यों हो?
पत्नी- 'पागल' अगर तुझे पता चले...
अपने घर से दूर ले जाकर कोई तुमसे 'बर्तन मंजवाएगा' तो तू क्या नाचेगा...



पब्लिक टॉयलेट में लिखा था
'दुनिया चांद पर पहुंच गयी
और तू यहीं
पर बैठा है'
पप्पू ने अपना दिमाग लगाया
और नीचे लिखा
'चांद पर पानी नहीं था
इसलिए वापस आ गया'



### बाएं से दाएं

1. कथा, गाथा-3
3. भगौना-3
5. पुष्पहार-2
6. वायदा, कसम-2
8. अभिष्ट इच्छापूर्ति, वर-4
11. योग्य, उपयुक्त-3
13. चिंतन, सोच-विचार-3
14. ताश का एक खेल-2
15. संजय दत्त की पहली फिल्म-2
16. चेहरा, शक्ल-3
18. चाकू, खंजर-3
20. उकसाना, चकमा देना-4
23. लक्ष, सौ हजार-2
25. ईश्वर, भगवान-2
26. विदा, गमन-3
27. लेखनी, पेन-3

### ऊपर से नीचे

1. हुनर, फन-2
2. शांति, वीराना-3
3. चिलमन, ओट, घूंघट-3
4. ज्वालामुखी से निकला गर्म पदार्थ-2
5. माजरा, मुद्दा-3
7. आंगन, बरामदा-3
9. भागना (अंग्रेजी-2)
10. चटपटा, क्षारीय-4
12. कारनामा, करिश्मा-4
16. अच्छे सुर का ज्ञाता-3
17. मालिक, स्वामी-2
19. प्रेम प्रतिद्वंदी (उर्दू-3)
21. बेदखल करना-3
22. फिज़ूल, व्यर्थ-2
24. गधा, गर्दभ-2
25. एक प्रकार की विदेशी शराब-2

## वर्ग पहेली



## माथा पच्ची

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 68 | | 5 | | 32 | | 45 | = | 86 |
| | ■ | | ■ | | ■ | | ■ | |
| 38 | | 22 | | 31 | | 30 | = | 77 |
| | ■ | | ■ | | ■ | | ■ | |
| 2 | | 10 | | 5 | | 10 | = | 25 |
| | ■ | | ■ | | ■ | | ■ | |
| 40 | | 2 | | 10 | | 20 | = | 10 |
| = | ■ | = | ■ | = | ■ | = | ■ | = |
| 20 | | 19 | | 15 | | 5 | = | [illegible] |

**संकेत**

खाली जगहों में आपको केवल (+), (-), (x) व (÷) के निशान लगाने हैं, जिनका उत्तर (=) पूर्णत: मेल खाता हो.

## शब्दों का जाल



शब्दजाल में "प्राण" की दस फिल्मों के नाम ढूंढिए. दिए गए नाम ऊपर से नीचे व तिरछे हो सकते हैं.

उपकार, शराबी, नसीब, हीर रांझा, आदमी, जंजीर, कुर्बानी, धर्मा, गंगा की सौगंध, राम और श्याम

## अष्टयोग

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | 5 | 4 | 3 | | | |
| | 34 | | 30 | | 28 | 2 |
| 7 | | 1 | 6 | | 5 | 4 |
| | 25 | | 33 | 6 | 41 | |
| 1 | 3 | 2 | | 5 | 7 | |
| | 28 | 5 | 33 | | 38 | 3 |
| 4 | | | 6 | | 2 | |

प्रस्तुत खेल सुडोकू व जोड़ की पद्धति का मिश्रण है. खड़ी व आड़ी पंक्तियों में 1 से 7 तक के अंक लिखना अनिवार्य है. गहरे काले वर्ग में लिखी संख्या चारों ओर के 8 वर्गों की संख्या का कुल योग होगी. सीधी अथवा आड़ी पंक्तियों में 1 से 7 तक के अंक होना अनिवार्य है.

### माथा पच्ची का हल



### अष्टयोग का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 2 | 1 | 6 | 3 | 5 | 4 |
| 2 | 34 | 7 | 30 | 4 | 28 | 2 |
| 6 | 5 | 4 | 3 | 2 | 7 | 1 |
| 3 | 30 | 6 | 32 | 6 | 39 | 5 |
| 1 | 3 | 2 | 4 | 5 | 7 | 6 |
| 5 | 28 | 5 | 33 | 7 | 38 | 3 |
| 4 | 5 | 3 | 6 | 1 | 2 | 7 |

### शब्दजाल का हल



## सूडोकु नवताल-

★★★★★ कठिनतम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | 5 | 1 | 4 | | |
| | | | 7 | | | | 2 | |
| | | 8 | | | | | | 3 |
| | 1 | | | | | | | 8 |
| 5 | | | | 4 | | | | 9 |
| 7 | | | | | | | 6 | |
| 4 | | | | | | 7 | | |
| | 2 | | | | 6 | | | |
| | | 3 | 9 | 8 | | | | |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 7 | 6 | 3 | 5 | 2 | 9 | 1 | 8 |
| 5 | 9 | 8 | 6 | 7 | 1 | 4 | 3 | 2 |
| 2 | 3 | 1 | 8 | 9 | 4 | 7 | 6 | 5 |
| 6 | 8 | 5 | 7 | 3 | 9 | 2 | 4 | 1 |
| 3 | 2 | 4 | 5 | 1 | 6 | 8 | 7 | 9 |
| 7 | 1 | 9 | 4 | 2 | 8 | 3 | 5 | 6 |
| 8 | 4 | 3 | 2 | 6 | 5 | 1 | 9 | 7 |
| 1 | 5 | 2 | 9 | 4 | 7 | 6 | 8 | 3 |
| 9 | 6 | 7 | 1 | 8 | 3 | 5 | 2 | 4 |

## चित्रकूट में बाढ़ से 80 मकान गिरे:बिहार में पुल के ऊपर से 2 फीट पानी बहा

**नई दिल्ली।** बिहार के जहानाबाद में दरधा नदी में अचानक पानी आने के कारण जाफरगंज पुल के ऊपर 2 फीट से ज्यादा पानी बह रहा है। उत्तराखंड के देहरादून में देर रात तेज बरसाती बहाव में क्रेटा कार बह गई। हादसे के वक्त कार में तीन लोग थे। रऊअफ्र टीम ने रेस्क्यू अभियान चलाकर एक को बाहर निकाला, वहीं दो लोगों की मौत हो गई। उत्तराखंड में पिछले तीन दिनों से रुक-रुककर बारिश का दौर जारी है। मौसम विभाग ने आज अधिकांश जिलों में हल्की से मध्यम बारिश और गरज के साथ बौछारों की संभावना जताई है। देहरादून और टिहरी में भारी से बहुत भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है बंगाल की खाड़ी के उत्तर-पश्चिमी हिस्से और उससे सटे पश्चिम बंगाल-ओडिशा तट पर बना निम्न दबाव का क्षेत्र झारखंड की ओर बढ़ रहा है। इसके प्रभाव से आज रांची समेत राज्य के लगभग सभी स्थानों पर बारिश होने की संभावना है। बिहार में मौसम विभाग ने पटना समेत प्रदेश के 14 जिलों में बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। इन जिलों में आकाशीय बिजली गिरने को लेकर विशेष चेतावनी दी गई है। वहीं, बाकी 24 जिलों में मौसम सामान्य रहने की संभावना है। ज्यादातर जिलों में तापमान 34 से 36 डिग्री के आसपास रह सकता है। मौसम विभाग के अनुसार, 4 सितंबर को भी बिहार के कई जिलों में बारिश होने की संभावना है।

## मुंबई-बुर्का पहने 2 महिलाओं को अस्पताल के गेट पर रोका

**मुंबई।** मुंबई के बीएमसी संचालित कूपर अस्पताल में बुर्का पहनकर पहुंचीं दो महिलाओं को गेट पर रोकने का मामला सामने आया है। दोनों महिलाएं अस्पताल में अपने रिश्तेदार से मिलने पहुंची थीं। इसी दौरान अस्पताल में तैनात महिला पुलिसकर्मी और महिलाओं के बीच बहस हो गई। घटना का वीडियो सोमवार को वायरल हुआ। रिपोर्ट के मुताबिक, सुरक्षाकर्मी ने गेट पर आने वाले लोगों की पहचान की जांच के लिए सुरक्षा संबंधी सावधानियों का हवाला दिया। इस दौरान उन्होंने बच्चों की चोरी जैसी घटनाओं की आशंका भी जताई। वायरल वीडियो में एडवोकेट जहरा शेख और उनकी एक दोस्त अस्पताल के गेट पर नजर आ रही हैं। शेख बुर्का हटाने की मांग का विरोध करती दिखाई देती हैं। उनका कहना था कि इस तरह की मांग उनकी गरिमा, निजता और धार्मिक स्वतंत्रता के संवैधानिक अधिकार में हस्तक्षेप है। उनके साथ आए एक व्यक्ति ने पूरी घटना का वीडियो बनाया। हालांकि, उपलब्ध जानकारी के मुताबिक अस्पताल प्रशासन ने अभी तक घटना की आधिकारिक पुष्टि नहीं की है। इसकी भी पुष्टि नहीं हुई है कि अस्पताल में एंट्री से रोकने के लिए कोई लिखित नियम लागू था या घटना के दौरान सुरक्षाकर्मियों ने मौके पर ही पहचान सत्यापन के लिए ऐसा कदम उठाया था। यह भी सामने नहीं आया है कि अस्पताल की ओर से इस मामले में कोई औपचारिक शिकायत दर्ज कराई गई है। घटना की सूचना स्थानीय पुलिस को दिए जाने की भी जानकारी नहीं है।

## प्रयागराज एयरफोर्स स्टेशन के पास पटाखा फैक्ट्री में विस्फोट, 11 की मौत

**प्रयागराज।** यूपी में सोमवार को प्रयागराज और कौशांबी बॉर्डर पर एक पटाखा फैक्ट्री में विस्फोट हो गया। इस हादसे में फैक्ट्री के आसपास के घरों में रहने वाले 8 बच्चों समेत 11 लोगों की मौत हो गई। रेलवे कर्मी का पूरा परिवार खत्म हो गया है। घर सिर्फ एक बेटी जिंदा बची। पुलिस के मुताबिक, विस्फोट इतना भीषण था कि पूरी फैक्ट्री जमींदोज हो गई। 100 मीटर के दायरे में बने 8 मकान क्षतिग्रस्त हो गए। दीवारों में 8 फीट लंबे और चौड़े छेद हो गए। 5-6 मकान पूरी तरह ढह गए। धमाके से करीब 500 मीटर दूर प्रयागराज-कानपुर रेल मार्ग पर (ओवरहेड इलेक्ट्रिक) लाइन प्रभावित हो गई। इसके चलते कानपुर से प्रयागराज की ओर आने वाली ट्रेनों का संचालन करीब डेढ़ घंटे प्रभावित रहा। इंजीनियर्स ने मरम्मत कर लाइन को दोबारा चालू किया। धमाके की आवाज 2 किमी दूर तक सुनाई दी। कुछ ही देर में धुएं का गुबार चारों तरफ छा गया। ग्रामीण झुलसे लोगों को चारपाई पर ले जाते दिखे।

## 30 साल में हिमालय की 7,339 वर्ग किमी बर्फ पिघली:

**नई दिल्ली।** हिमालय के ग्लेशियर लगातार सिकुड़ रहे हैं। पिछले 3 दशकों में बर्फ का बड़ा हिस्सा गायब हो चुका है और अब इसका असर सिर्फ पहाड़ों तक सीमित नहीं है। ग्लेशियरों में हो रहे बदलाव आने वाले समय में पानी की उपलब्धता और हिमालयी इलाकों में आपदा के खतरे को भी प्रभावित कर सकते हैं। इंटरनेशनल सेंटर फॉर इंटीग्रेटेड माउंटेन डेवलपमेंट की 1990 से 2020 तक के आंकड़ों पर आधारित रिपोर्ट में सामने आया है कि पूरे हिंदू कुश हिमालय में ग्लेशियरों का क्षेत्रफल 11.6% घट गया। खास बात ये है कि 2010 के बाद ग्लेशियरों के सिकुड़ने की रफ्तार और तेज हुई है। उत्तराखंड से जुड़े ऊपरी गंगा क्षेत्र में भी तीन दशक में ग्लेशियरों का क्षेत्रफल 18.6% कम हुआ है। हालांकि, कई इलाकों में ग्लेशियरों की संख्या बढ़ी है, लेकिन फिर भी बर्फ से ढका कुल क्षेत्रफल घट गया।

## चिकन के ज्यादा पीस खाने पर दोस्त का मर्डर

**बेंगलूरू।** कर्नाटक में मामूली विवाद पर दो हत्या हो गईं। बेलगावी में चिकन खाने को लेकर हुए झगड़े में दोस्त ने अपने ही दोस्त की हत्या कर दी, जबकि मंगलुरु में मोबाइल चलाने को लेकर हुए विवाद में छोटे भाई ने बड़े भाई को चाकू घोंपकर मौत के घाट उतार दिया। उत्तर प्रदेश के पीलीभीत जिले के कबीरगंज गांव के रहने वाले सीताराम और अरुण बेलगावी में स्टील फैक्ट्री में काम करते थे। रविवार को छुट्टी होने के कारण दोनों ने शराब पार्टी की।

# बाढ़: नेपाल में प्रिंसिपल ने 900 छात्रों की जान बचाई



## चेतावनी मिलते ही स्कूल खाली कराया; कुछ देर में पूरी इमारत बही; अब तक 955 की मौत

**ब्रह्मास्त्र** ▸▸ काठमांडू

नेपाल में 26 अगस्त को आई भीषण बाढ़ के दौरान एक स्कूल प्रिंसिपल के समय पर लिए फैसले से करीब 900 छात्रों की जान बच गई। त्रिशूली सेकेंडरी स्कूल के प्रिंसिपल राजेंद्र दवाड़ी को बाढ़ की चेतावनी मिली तो उन्होंने तुरंत स्कूल खाली करा दिया और छात्रों को ऊंची जगह भेज दिया।

स्कूल में कुल 1,643 छात्र पढ़ते थे। हादसे के वक्त करीब 900 छात्र कैंपस में मौजूद थे। दवाड़ी छात्रों के साथ पास की पहाड़ी पर पहुंचे। कुछ ही देर बाद पानी, कीचड़, चट्टानों और मलबे का तेज बहाव स्कूल की पूरी इमारत को बहा ले गया। स्कूल के दो कर्मचारी समय पर बाहर नहीं निकल सके और अब भी लापता हैं। 26 अगस्त को तिब्बत में ग्लेशियर टूटने के बाद नेपाल के कई इलाकों में अचानक बाढ़ और भूस्खलन हुआ। इस आपदा में नेपाल और तिब्बत में अब तक 955 लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि 4400 से ज्यादा लोग लापता हैं।

नेपाल में बाढ़ के दौरान पेड़ों पर चढ़कर जान बचाने वाला 8 साल का जोयल घाले अपनी मां से मिल गया। रसुवा में बाढ़ आने के बाद जोयल अपने दोस्त के साथ स्कूल से निकलकर जंगल की ओर भागा और पेड़ों पर चढ़ गया था।

बुधवार को बाढ़ के बाद वह घायल हालत में मिला। उसका पैर टूट गया था और चेहरे पर चोटें आई थीं। गुरुवार को उसे रसुवा से एयरलिफ्ट कर नुवाकोट के अस्पताल लाया गया। बाद में बेहतर इलाज के लिए उसे काठमांडू भेज दिया गया।

# होर्मुज में समुद्री माइंस से टकराया सुपर टैंकर

**ब्रह्मास्त्र** ▸▸ वाशिंगटन



होर्मुज स्ट्रेट में एक सुपर टैंकर दो समुद्री माइंस से टकरा गया। ईरान के रिवोल्यूशनरी गार्ड्स कॉर्प्स के मुताबिक, टकराने के बाद टैंकर में भीषण आग लग गई और वह पूरी तरह रुक गया। ईरान ने जहाज का नाम और चालक दल की संख्या नहीं बताई है। टैंकर बिना अनुमति वाले समुद्री रास्ते से गुजर रहा था। ईरान ने होर्मुज स्ट्रेट में अपने तय सुरक्षा नियमों का पालन नहीं करने वाले दूसरे जहाजों को भी कार्रवाई की चेतावनी दी है।

इस बीच अमेरिका ने करीब एक महीने बाद ईरान पर फिर सैन्य कार्रवाई की है। अमेरिकी सेना ने रविवार को होर्मुज स्ट्रेट के पास ईरान के लारक द्वीप पर दो रॉकेट लॉन्चर्स को निशाना बनाया। अमेरिका के मुताबिक, ईरान के रिवोल्यूशनरी गार्ड्स के जवान होर्मुज स्ट्रेट में रॉकेट और समुद्री माइंस लॉन्च करने की तैयारी कर रहे थे। ईरानी मीडिया ने हमले में कई सैनिकों और नागरिकों के मारे जाने की बात कही है।

अमेरिकी हमले के बाद ईरान ने जॉर्डन में दो अमेरिकी एयरबेस पर बैलिस्टिक मिसाइलें दागने का दावा किया। ईरानी मीडिया के मुताबिक, मिसाइलों को अमेरिकी एयरबेस के तकनीकी और मेंटेनेंस इंफ्रास्ट्रक्चर तथा लड़ाकू विमानों की तैनाती वाले क्षेत्रों को निशाना बनाकर दागा गया। वहीं, अल अरबिया के मुताबिक, जॉर्डन की एयर डिफेंस ने ईरानी मिसाइलों को रोक दिया। लारक द्वीप ईरान के प्रमुख बंदरगाह बंदर अब्बास के पास है और होर्मुज के ठीक बीच में स्थित है। यह समुद्री रास्ता दुनिया के लिए बेहद अहम है, क्योंकि युद्ध से पहले दुनिया के इस्तेमाल होने वाले करीब 20% तेल और लिक्विफाइड नेचुरल गैस की आवाजाही इसी रास्ते से होती थी।

रिपोर्ट के मुताबिक, ईरान फिलहाल इस द्वीप के पास से गुजरने वाले टैंकरों की जांच कर रहा है और जहाजों से स्ट्रेट पार करने के लिए 20 लाख डॉलर यानी करीब ?19 करोड़ तक टैक्स वसूल रहा है।

अमेरिकी सेना ने पिछले हफ्ते होर्मुज स्ट्रेट के अंतरराष्ट्रीय शिपिंग रूट से समुद्री बारूदी सुरंगें हटाने का काम पूरा किया था। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने भी कहा था कि अंतरराष्ट्रीय जल क्षेत्र में मौजूद सभी सुरंगों को हटा दिया गया या निष्क्रिय कर दिया गया है।

ट्रम्प ने चेतावनी दी थी कि अगर कोई जहाज या नाव होर्मुज स्ट्रेट में नई समुद्री सुरंगें बिछाने की कोशिश करेगी, तो उसे नष्ट कर दिया जाएगा। अमेरिकी अधिकारी के मुताबिक, ईरानी रिवोल्यूशनरी गार्ड्स की गतिविधियों पर नजर रखी जा रही थी।

अमेरिकी राष्ट्रपतिट्रम्प होर्मुज स्ट्रेट को न्यू यूएस टेरिटरी यानी नया अमेरिकी इलाका बता चुके हैं। 18 अगस्त को उन्होंने पहली बार होर्मुज पर अमेरिकी नियंत्रण की बात कही थी।

## पाकिस्तान, तुर्किये और सऊदी की पहली रक्षा बैठक:तीनों देशों के विदेश और रक्षा मंत्री मिले




**ब्रह्मास्त्र** ▸▸ मक्का

पाकिस्तान, तुर्किये और सऊदी अरब के बीच मक्का संयुक्त रक्षा समझौते के तहत पहली बैठक सोमवार को इस्तांबुल में हुई। इसमें तीनों देशों के विदेश और रक्षा मंत्री के साथ सैन्य प्रमुख भी शामिल हुए। बैठक में सुरक्षा और रक्षा सहयोग मजबूत करने पर सहमति बनी। जारी किए गए जॉइंट स्टेटमेंट के मुताबिक तीनों देश रक्षा उद्योग, नई सैन्य तकनीक और हथियारों के संयुक्त उत्पादन में मिलकर काम करेंगे। इसका मकसद सेनाओं को मजबूत करना और आपसी तालमेल बढ़ाना है।

तीनों देशों ने क्षेत्र में शांति और स्थिरता के लिए साथ काम करने का भी फैसला किया। आपसी रक्षा साझेदारी बढ़ाने के लिए सऊदी अरब में संयुक्त कार्यालय बनाया जाएगा। इसके महासचिव का पद पहले 3 साल तक पाकिस्तान के पास रहेगा। तीनों देशों ने 7 अगस्त को मक्का में संयुक्त रक्षा समझौते पर हस्ताक्षर किए थे। इसके तहत किसी एक देश पर हमला तीनों देशों पर हमला माना जाएगा। पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के बीच इस समझौते को तीनों देशों के लिए अहम माना जा रहा है। पाकिस्तान और सऊदी अरब के बीच मक्का में हुए रक्षा समझौते को अब आधिकारिक नाम मिल गया है। तुर्किये के विदेश मंत्री हाकान फिदान ने बताया कि तीनों देशों के गठबंधन का नाम मक्का डिफेंस अलायंस रखा गया है। तुर्किये के विदेश मंत्री हाकान फिदान ने कहा कि मक्का रक्षा समझौते के साथ क्षेत्र में सुरक्षा और सहयोग का नया ढांचा बनाने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। दूसरे क्षेत्रीय देश भी इस गठबंधन में शामिल हो सकते हैं। उन्होंने बताया कि गठबंधन के लिए रणनीतिक, राजनीतिक और रक्षा समिति बनाई गई है। साथ ही जरूरी संस्थागत ढांचा तैयार करने का काम भी शुरू हो चुका है।

### पाक बोला- 6-7 मुस्लिम देश मक्का अलायंस में शामिल होना चाहते हैं

पाकिस्तान के विदेश मंत्री ने कहा है कि 6 से 7 मुस्लिम बहुल देश मक्का डिफेंस समझौते में शामिल होने में रुचि दिखा रहे हैं। हालांकि उन्होंने इस समझौते में कथित रुचि देखा रहे देशों का नाम नहीं लिया है। इस समझौते के तहत भविष्य में अन्य देशों के जुड़ने की संभावना है। बांग्लादेश पहले ही इस समझौते में रुचि दिखा चुका है। विदेश राज्य मंत्री हुमायूं कबीर ने कहा कि इस समझौते में शामिल होने से बांग्लादेश के दूसरे देशों के साथ संबंध प्रभावित नहीं होंगे और वह अपनी विदेश नीति को संतुलित तरीके से आगे बढ़ाएगा। हालांकि, बांग्लादेश को अभी तक इस समझौते में शामिल होने का औपचारिक न्योता नहीं मिला है। विदेश मंत्री खलीलुर रहमान ने कहा है कि अगर ऐसा प्रस्ताव आता है तो बांग्लादेश उस पर सकारात्मक रूप से विचार करेगा।

## उज्बेकिस्तान में मोदी ने छात्रों से बात की, कविताओं को हिंदी में सुनाया



**ब्रह्मास्त्र** ▸▸ उज्बेकिस्तान

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उज्बेकिस्तान के दो दिवसीय दौरे में ताशकंद के महात्मा गांधी सेंटर का दौरा किया। यहां उज्बेक छात्रों ने हिंदी में मोदी की लिखी कविताएं सुनाईं। अपनी कविताएं छात्रों से सुनकर मोदी भावुक हो गए। उन्होंने कहा कि हिंदी छात्रों की मातृभाषा नहीं है, फिर भी उन्होंने कविताओं की भावनाओं को बिल्कुल वैसे ही समझकर पेश किया, जैसी भावनाएं उनके दिल में थीं। नमस्ते शब्द से परिचित है। भारतीय कला, नृत्य, संगीत, दर्शन और योग में भी लोगों की दिलचस्पी बढ़ रही है। उज्बेकिस्तान ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को अपने सर्वोच्च नागरिक सम्मान 'ऑली दाराजली डस्टलिक' से सम्मानित किया है। रविवार को उज्बेकिस्तान के राष्ट्रपति शौकत मिर्जियोयेव ने उन्हें यह सम्मान प्रदान किया। यह किसी विदेशी देश की ओर से प्रधानमंत्री मोदी को मिला 36वां सर्वोच्च सम्मान है।इस सम्मान के साथ पीएम मोदी भारत के उन प्रधानमंत्रियों में शामिल हैं, जिन्हें सबसे अधिक अंतरराष्ट्रीय सम्मान प्राप्त हुए हैं। पीएम मोदी ने तमिल साहित्य की प्रसिद्ध रचना तिरुक्कुरल का भी जिक्र किया। उन्होंने संस्थान की 80वीं वर्षगांठ का उल्लेख करते हुए सुझाव दिया कि इसका उज्बेक भाषा में अनुवाद किया जाना चाहिए। मोदी ने कहा कि तिरुक्कुरल के उज्बेक अनुवाद से वहां के लोगों को भारतीय दर्शन और विचारों को समझने में मदद मिलेगी।

## गरीब-दलित, अल्पसंख्यकों की बात करना दिमागी नक्सल नहीं

**ब्रह्मास्त्र** ▸▸ नई दिल्ली

इंडियन ओवरसीज कांग्रेस के चेयरमैन सैम पित्रोदा ने पीएम मोदी, फ्रर प्रमुख मोहन भागवत और केंद्र सरकार पर कई मुद्दों को लेकर निशाना साधा। उन्होंने प्रधानमंत्री के ह्यदिमागी नक्सलह्न वाले बयान पर कहा कि गरीबों, दलितों और अल्पसंख्यकों के पक्ष में बोलना नक्सलवाद या कम्युनिज्म नहीं है।

मंगलवार को पित्रोदा ने कहा कि इंसानियत को हर चीज से ऊपर रखना चाहिए और सभी लोग एक ही जगह से आए हैं। वहीं फ्रर प्रमुख मोहन भागवत के बयान पर उन्होंने कहा कि मुस्लिम, ईसाई, बौद्ध और यहूदी लोगों से पूछना चाहिए कि वे आज भारत में कैसा महसूस करते हैं। दरअसल, 15 अगस्त के भाषण में मोदी ने कहा था कि देश से नक्सलवाद खत्म हो गया, लेकिन दिमागी नक्सल अभी भी मौजूद हैं।

सिर्फ यह कहना काफी नहीं है कि मुस्लिम, ईसाई, यहूदी और बौद्ध का सम्मान किया जाता है। अगर व्यवहार में इसके उलट होता है तो कथनी और करनी में अंतर दिखाई देता है। किसी के बारे में कही गई बातों से ज्यादा महत्वपूर्ण उसके साथ किया जाने वाला व्यवहार है। वास्तविक स्थिति समझने के लिए लोगों के अनुभवों को देखना जरूरी है।

2014 से पहले की सरकारों के काम पर: आज देश में जो कई सुविधाएं और संस्थान दिखाई दे रहे हैं, उनमें से बड़ी संख्या पिछले 70 सालों में तैयार हुई। पहले की सरकारों से भी गलतियां हुई होंगी, लेकिन देश में बड़ी संख्या में संस्थान और व्यवस्थाएं खड़ी की गईं। संस्थानों से निकले लोग आज दुनियाभर में काम कर रहे हैं और यह देश के शुरूआती नेतृत्व द्वारा तैयार की गई व्यवस्था का परिणाम है। 2014 के बाद में ऐसे कौन से बड़े नए संस्थान बनाए गए, जिनकी तुलना उस दौर की संस्थागत विरासत से की जा सके। सिर्फ बढ़ना ही पर्याप्त नहीं है। यह देखना जरूरी है कि इस आर्थिक वृद्धि का फायदा किसे मिल रहा है। क्या यह विकास देश के आम लोगों तक पहुंच रहा है और क्या इसका लाभ समान रूप से बंट रहा है।

# चीन ने युद्ध की तैयारी के लिए बदला रक्षा कानून

### आम लोगों के संसाधन इस्तेमाल कर सकेगी सरकार; आदेश नहीं मानने पर सजा होगी

**ब्रह्मास्त्र** ▸▸ बीजिंग

चीन ने अपने रक्षा कानून में बड़ा बदलाव किया है। अब युद्ध या बड़े संकट के समय सरकार सिर्फ सेना पर निर्भर नहीं रहेगी। जरूरत पड़ने पर आम लोगों, निजी कंपनियों और देश के दूसरे संसाधनों का भी इस्तेमाल किया जा सकेगा। चीन की संसद (नेशनल पीपुल्स कांग्रेस) ने 28 अगस्त को राष्ट्रीय रक्षा लामबंदी कानून में बदलाव को मंजूरी दी। नया कानून 1 अक्टूबर से लागू होगा। नए कानून में सिर्फ संसाधन लेने की ही नहीं, उन्हें सरकार के कब्जे में लेने की व्यवस्था भी है। आदेश मानने से इनकार या जानबूझकर देरी करने पर कार्रवाई और जुमार्ने का प्रावधान है।

राष्ट्रीय रक्षा लामबंदी कानून 2010 में बनाया गया था। अब पहली बार इसमें बड़ा बदलाव किया गया है। नए कानून में 14 अध्याय और 82 अनुच्छेद हैं। चीन के मुताबिक, इसका मकसद यह है कि किसी खतरे के समय देश शांति से युद्ध की स्थिति में तेजी से जा सके। इसके लिए आर्थिक और सामाजिक ताकत को भी रक्षा के काम में लगाया जा सकेगा। नए कानून में देश की संप्रभुता, एकता, क्षेत्रीय अखंडता और सुरक्षा के साथ विकास हितों की रक्षा को भी शामिल किया गया है।

अमेरिका के जेम्सटाउन फाउंडेशन की विशेषज्ञ सामंथा हॉफमैन के मुताबिक, नए कानून में पार्टी के नेतृत्व, संगठन, रिजर्व फोर्स, भर्ती, जरूरी सामान के भंडार और रक्षा से जुड़ी शिक्षा जैसे क्षेत्रों में बदलाव किए गए हैं। कानून के अनुच्छेद 3 और 16 में राष्ट्रीय रक्षा लामबंदी की व्यवस्था को कम्युनिस्ट पार्टी की केंद्रीय समिति के अधीन किया गया है। पहले इसमें स्टेट काउंसिल और सेंट्रल मिलिट्री कमीशन की प्रमुख भूमिका थी।

नए कानून के मुताबिक परिवहन, डाक, दूरसंचार, साइबर सुरक्षा, चिकित्सा और दवा आपूर्ति, खाद्य और अनाज आपूर्ति और इंजीनियरिंग जैसे क्षेत्रों को राष्ट्रीय रक्षा से जुड़ी जिम्मेदारियों के लिए तैयार रहना होगा। इन क्षेत्रों की इकाइयों को विशेष टीमें बनानी होंगी। उन्हें ट्रेनिंग भी दी जाएगी, ताकि जरूरत पड़ने पर वे तुरंत काम कर सकें। साइबर सुरक्षा को खास तौर पर शामिल किया गया है। कानून में नई और उन्नत तकनीकों के इस्तेमाल से रक्षा क्षमता बढ़ाने की बात भी कही गई है। रिजर्व फोर्स तैयार करने, भर्ती व्यवस्था मजबूत करने और रणनीतिक रूप से जरूरी सामान का भंडार बढ़ाने के भी प्रावधान हैं।

अब चीन में विकास भी राष्ट्रीय सुरक्षा का मुद्दा

2010 के कानून में चीन की संप्रभुता, एकता, क्षेत्रीय अखंडता और सुरक्षा को खतरा होने पर रक्षा व्यवस्था सक्रिय करने की बात थी। अब इसमें ह्यविकास हितोंह्न को भी शामिल कर दिया गया है। यानी चीन के लिए खतरा सिर्फ सीमा या देश की सुरक्षा से जुड़ा नहीं होगा। अर्थव्यवस्था, जरूरी संसाधनों तक पहुंच, विदेशों में मौजूद चीनी संपत्तियां और तकनीकी विकास से जुड़े हित भी राष्ट्रीय सुरक्षा का हिस्सा माने जा सकते हैं। जेम्सटाउन फाउंडेशन की विशेषज्ञ सामंथा हॉफमैन के मुताबिक, यह बदलाव 2020 में संशोधित चीन के राष्ट्रीय रक्षा कानून से भी जुड़ा है। उस कानून में भी देश के विकास हितों को खतरा होने पर रक्षा लामबंदी शुरू करने की व्यवस्था की गई थी।

### नया कानून विदेश में रहने वालों पर भी लागू हो सकता है

चीन के कुछ कानून देश की सीमा के बाहर रहने वाले लोगों पर भी लागू हो सकते हैं। यानी विदेश में किया गया कोई काम भी चीन के कानून के दायरे में आ सकता है। 1 जुलाई 2026 को चीन ने जातीय एकता और प्रगति संवर्धन कानून लागू किया था। इसकी धारा 63 में कानून को देश के बाहर भी लागू करने का प्रावधान है। इसका एक उदाहरण 2023 में सामने आया था। हांगकांग की छात्रा युएन चिंग-टिंग उस समय जापान में पढ़ रही थीं। सोशल मीडिया पर कुछ पोस्ट करने के बाद जब वह हांगकांग लौटीं, तो उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया। उन्हें 2020 के राष्ट्रीय सुरक्षा कानून के तहत दो महीने जेल में रखा गया था। नए कानून के बाद यह सवाल उठ रहा है कि क्या चीन सच में युद्ध की तैयारी कर रहा है। इस पर विशेषज्ञों की राय अलग-अलग है। ब्रसेल्स स्थित सेंटर फॉर रूस यूरोप एशिया स्टडीज की निदेशक थेरेसा फॉलन ने नए कानून पर चिंता जताई। उन्होंने पर कहा कि दुनिया में युद्ध का खतरा बढ़ रहा है और इसे नजरअंदाज करना मुश्किल है। उन्होंने सवाल किया कि क्या अमेरिका के सैन्य भंडार में कमी, रूस-यूक्रेन युद्ध और ईरान से जुड़ा इजराइल-अमेरिका संघर्ष जैसे हालात चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग को यह सोचने पर मजबूर कर रहे हैं कि युद्ध का समय करीब आ रहा है। वहीं, एशिया सोसाइटी पॉलिसी इंस्टीट्यूट के लाइल मॉरिस का कहना है कि इस कानून को चीन की अचानक शुरू हुई युद्ध तैयारी नहीं माना जाना चाहिए। उनके मुताबिक, चीन पिछले 10 साल से ज्यादा समय से ऐसी तैयारी कर रहा है।

■ वर्ष-12 अंक-298 मूल्य- 2 रु. मध्यप्रदेश छत्तीसगढ़ गुजरात महाराष्ट्र राजस्थान उत्तरप्रदेश उत्तरांचल

मालवा डिवीजन 402/2024-2026 आर एन आई क्रमांक 2013/57651

यदा यदा हि धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत। अभ्युत्थानमधर्मस्य तदात्मानं सृजाम्यहम्॥

दैनिक ब्रह्मास्त्र

उज्जैन, मंगलवासरः 01 सितम्बर, 2026

## सुभाषितानि

यस्य स्नेहो भयं तस्य स्नेहो दु:खस्य भाजनम्।
स्नेहमूलानि दु:खानि तानि त्यक्त्वा वसेत्सुखम्।।

**भावार्थ** : जो प्रेम करता है, वह उससे भी डरता है। प्रेम सभी दुखों की जड़ है, इसलिए प्रेम के बंधनों को तोड़कर सुख से रहना चाहिए।

विद्या मित्रं प्रवासेषु,भार्या मित्रं गृहेषु च।
व्याधितस्यौषधं मित्रं, धर्मो मित्रं मृतस्य च।।

**भावार्थ** : विदेश में, कर्तव्यनिष्ठ, अच्छे स्वभाव वाली और घर में अच्छी पत्नी, नशा करने वाला और धर्मपरायण मृतक के सबसे अच्छे दोस्त होते हैं।

## सर्वे सम्मिलिताः-प्रायः पुलिसविभागस्य अन्तः

ब्रह्मास्त्र ▸▸ रांची

सः तर्कयति स्म यत् एषः संक्षिप्तः द्विनिमेषात्मकः आदानप्रदानः अनुपातात बहिः उड्डीयमानः अस्ति। जयराम महतोः प्रतिपादितवान् यत् यदि पुलिससङ्गठनं अपशब्दप्रयोगे आक्षेपं करोति तर्हि वरिष्ठाधिकारिणां विरुद्धं अपि स्वरं उत्थापयितुं अर्हति। सः दावान् अकरोत् यत् दुरुपयोगीभाषायाः प्रसङ्गाः-वरिष्ठाधिकारिभ्यः कनिष्ठाधिकारिभ्यः यावत् सर्वे सम्मिलिताः-प्रायः पुलिसविभागस्य अन्तः भवन्ति, तथापि संस्था तान् समानरूपेण प्रश्नं न करोति। एकः विधायकः इति कारणेन मम विरुद्धं षड्यंत्रम् जयराम महतोः सम्पूर्णं विवादं स्वविरुद्धं षड्यंत्रम् इति उक्तवान्।

## सम्पादकीयम्

### विशेषशक्त्यः

अनुच्छेदः २७ इत्यस्य आह्वानं कृत्वा- एषः नियमः संस्थायाः न्यायिकसमित्याः कृते विशेषाधिकारं ददाति अमेरिकीराष्ट्रपतिना डोनाल्ड ट्रम्पस्य कारणेन फीफा स्वनिर्णयं विपर्ययितुं बाध्यः इति दावानां विषये विवादः उत्पन्नः; तदनन्तरं ट्रम्पः फीफा-सङ्घस्य धन्यवादं कृतवान्। पारदर्शितायाः अभावः अयं सम्पूर्णः प्रकरणः यथा प्रकटितः तत् स्वाभाविकतया फुटबॉल-प्रेमिषु शङ्का उत्पन्नवती। फीफा सामान्यतया अनुशासनात्मकविषयेषु कठोरवृत्त्या प्रसिद्धः अस्ति, अतः अस्य आकस्मिकस्य यू-टर्नस्य पृष्ठतः कारणानि विषये प्रश्नाः उत्थापिताः सन्ति। विशेषशक्तयः असाधारणपरिस्थितौ एव प्रयोक्तुं अभिप्रेताः सन्ति। यदि अस्मिन् सन्दर्भे एतादृशाः परिस्थितयः यथार्थतया आसन् तर्हि फीफा-संस्थायाः स्थितिः स्पष्टीकर्तुं अर्हति; अन्यथा अस्य लेखस्य मनमाना प्रयोगसम्बद्धाः भयाः स्थास्यन्ति। ट्रम्पस्य प्रशंसकः जियानी : यूईएफए (यूरोपीय-फुटबॉल-क्रीडायाः शासकीय-संस्था) इत्यादिभ्यः च प्रतिक्रियाभिः स्पष्टं भवति यत एषा घटना सर्वान् आश्चर्यचकितं कृतवती अस्ति फीफा-राष्ट्रपतिः जियानी इन्फान्टिनो इत्ययं पूर्वमेव ट्रम्पस्य समीपस्थत्वस्य आरोपानाम् सामनां करोति; सः गतदिसम्बरमासे अमेरिकीराष्ट्रपतिं फीफा-संस्थायाः उद्घाटनशान्तिपुरस्कारं प्रदत्तवान् आसीत्। उत्तरदायित्वस्य पूर्तये असफलता : विश्वस्य लोकप्रियतमस्य क्रीडायाः प्रबन्धनस्य दायित्वं फीफा-सङ्घस्य न्यस्तम्।

### त्रुपतिराजपूतस्य प्रकरणस्य अन्वेषणं- यस्य कथितं यत् सः सर्वकारीय-अधिकारीरूपेण अभिनयं

# प्रभावितं कृतवान्, 'भारतसर्वकारः' इति चिह्नितस्य इनोवा-इत्यस्य, नकली-सीबीआई-परिचयपत्रस्य

ब्रह्मास्त्र ▸▸ भोपाल

त्रुपतिराजपूतस्य प्रकरणस्य अन्वेषणं-यस्य कथितं यत् सः सर्वकारीय-अधिकारीरूपेण अभिनयं कृत्वा जनान् प्रभावितं कृतवान्, 'भारतसर्वकारः' इति चिह्नितस्य इनोवा-इत्यस्य, नकली-सीबीआई-परिचयपत्रस्य, नकली-पत्र-पत्रस्य, जाली-पत्र-शिरः-प्रयोगेन, भव्य-जीवनशैलीं च निर्वाहितवान्-अधुना भोपाल-नगरं यावत् विस्तारिता अस्ति चण्डेरीपुलिसः त्रृप्तिं तस्याः भ्रातरं च भोपालम् आनयत्, तस्याः बाघमुगलिया-नगरस्य निवासस्थाने, अलकापुरी-नगरे तस्याः श्वशुरगृहे च छापाम् अकरोत्। अस्मिन् अभियाने पुलिसैः नकली सीबीआई कार्ड्, सर्वकारीयपत्रशिराः, धोखाधड़ीसम्बद्धाः विविधाः दस्तावेजाः च बरामदः। अधुना अन्वेषणस्य व्याप्तिः विस्तारिता अस्ति यत् अन्येषां परिचयः भवति ये नकलीपरिचयस्य निमार्णे, जनान् प्रभावितुं च तस्य उपयोगे संलग्नाः भवितुम् अर्हन्ति इति।

पुलिसस्य अनुसारं त्रुपतिराजपूतस्य उपरि आईएएस-अधिकारिणः, मध्यप्रदेशपर्यटनविभागस्य अतिरिक्तप्रमुखस्य च अभिनयस्य आरोपः अस्ति। एतस्य कथितस्य नकलीपरिचयस्य, सर्वकारीयपदसम्बद्धस्य प्रभावस्य च लाभं गृहीत्वा सा एकं व्यापारिणं फसयति स्म। अस्मिन् प्रकरणे ९.८० लक्षरूप्यकाणां कथितं धोखाधड़ी अस्ति। पुलिस-अनुसन्धानेन एतस्याः कथितस्य नकली-परिचयस्य आधारेण सा व्यापारिणं विवाहितवती इति अपि ज्ञातम् अस्ति। इदानीं अधिकारिणः निर्धारयितुं प्रयतन्ते यत् एषा एकैकं व्यक्तिं लक्ष्यं कृत्वा



एकान्तघटना आसीत् वा अन्येषां अपि समानरूपेण कार्यप्रणालीं प्रयुज्य धोखाधड़ी कृता आसीत वा इति।

त्रुप्तिविरुद्धं प्रकरणं गम्भीरं परिवर्तनं प्राप्तवान् यदा पुलिसैः तस्याः कथितक्रियाकलापयोः सर्वकारीयसंस्थानां नामपरिचयः च उपयुज्यते इति संकेताः प्राप्ताः नकली सीबीआई कार्ड्, लेटरहेड् च प्राप्तेः अनन्तरं पुलिस अन्वेषणं कुर्वती अस्ति यत् एते दस्तावेजाः कुत्र निर्मिताः, तेषां आपूर्तिं कर्तुं बाह्यजालं सम्मिलितम् आसीत् वा इति। अन्वेषणसंस्थानां कृते सर्वकारीयपरिचयसम्बद्धदस्तावेजानां जालीकरणं जनान् प्रभावितं कर्तुं तेषां उपयोगः च अन्वेषणस्य महत्त्वपूर्णः पक्षः अस्ति, यतः अभियुक्ताः कियत्कालं यावत् एतां पद्धतिं प्रयुञ्जते इति प्रकाशयितुं शक्यते भोपाले छापेमारीषु पुलिसैः बाघमुगलियानगरे तृप्तेः निवासस्थानं, अलकापुरीनगरे तस्याः श्वशुरगृहं च अन्वेषितम्। तस्याः कथितस्य नकलीपरिचयस्य पुष्टिं कर्तुं वा तस्याः जालस्य विषये सूचनां दातुं वा शक्नुवन्ति इति दस्तावेजाः, वस्तूनि च पुलिसैः केन्द्रीभूता। अन्वेषणकाले बरामदवस्तूनि-यथा नकली सीबीआई-परिचयपत्रं, पत्रशिरः, अन्यदस्तावेजाः च-अतिनिर्णयसाक्ष्यरूपेण व्यवह्रियन्ते। तृप्तिः केन सह सम्पर्कं कृतवती, सर्वकारीयाधिकारिणां वा संस्थानां वा नाम कथं शोषणं भवति इति निर्धारयितुं अधिकारिणः एतेषां उपयोगं कुर्वन्ति। सम्भवतः अस्य प्रकरणस्य सर्वाधिकं रोचकं तत्त्वं भारतसर्वकारः इति शिलालेखयुक्तं इनोवाकारं सम्बद्धम् अस्ति। पुलिस-अनुसारं तृप्तिः तस्याः सहकारिभिः सह एतत् किरायेण गृहीतं वाहनम्-भारतसर्वकारम् इति चिह्नितं-प्रकल्पस्य स्थितिं अधिकारं च प्रयुक्तवान्; एतादृशाः आधिकारिकचिह्नाः सामान्यतया सामान्यजनस्य मध्ये तत्कालं सम्मानं प्रभावं च आज्ञापयन्ति। अन्वेषकाः अधुना वाहनस्य स्वामित्वं, किरायास्त्रोतः, आधिकारिकसरकारीचिह्नप्रदर्शनस्य अधिकृतीकरणं वा व्यवस्थां वा कृतवान् इति च अनुसन्धानं कुर्वन्ति। यत्र वाहनस्य उपयोगः अभवत् तस्य स्थानानां विषये सूचनाः अपि एकत्रिताः सन्ति।

### भाजपायाः उपरि राजनैतिक-आक्रमणं

# कृत्वा सः प्रतिपादितवान् यत् आगामिषु विधानसभानिर्वाचने

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इन्दौर

इतरथा काङ्ग्रेसपक्षेण सम्पूर्णं वक्तव्यं महङ्गानां चक्षुषा दृष्टम्। पटवारी आरोपितवान् यत् सर्वकारनेतृभिः सामान्यपरिवारानाम् आर्थिककष्टानि अवगन्तुं अर्हन्ति। भाजपायाः उपरि राजनैतिक-आक्रमणं कृत्वा सः प्रतिपादितवान् यत् आगामिषु विधानसभानिर्वाचने अस्य प्रतीयमानस्य अपमानस्य प्रतिक्रिया जनसमूहः दास्यति इति।

शर्करामूल्यानां विषये बहसः तस्मिन् समये उत्पन्नः यदा दैनिकभोजनवस्तूनाम् मूल्ये उतार-चढावः गृहेषु बजटं प्रत्यक्षतया प्रभावितं करोति। शर्करायाः मूल्यवृद्ध्या न केवलं घरेलु-उपभोगः अपितु चायस्य, मिष्टान्नस्य, बेकरी-वस्तूनाम्, विविध-संसाधित-आहारस्य च उत्पादनव्ययः अपि प्रभावितः भवति; फलतः तस्य मूल्यसम्बद्धाः राजनैतिकवक्तव्याः शीघ्रमेव चचार्याः विषयाः भवन्ति।

मन्त्रिणः वक्तव्यस्य अन्यः पक्षः अस्ति यत् सः बालकानां कृते किफायती शर्कराप्रदानस्य आवश्यकतां स्वीकृतवान्। अस्य तात्पर्यं यत् तस्य दृष्ट्या समाजस्य सर्वेषु वर्गेषु शर्करामूल्यानां प्रभावः एकरूपः नास्ति, बालयुक्ताः परिवाराः सर्वकारस्य वितरणव्यवस्थायाः माध्यमेन राहतं प्राप्नुयुः परन्तु अस्मिन् विषये नूतनाः योजनाः अतिरिक्तव्यवस्था वा सः न घोषितवान्।

इदानीं कृते विजयवर्गीयस्य वचनं परितः राजनैतिकवाक्पटुता तीव्रताम् अवाप्नुयात्। भाजपा स्वास्थ्यसल्लाहस्य, शर्करायाः मूल्येषु सम्भाव्यं न्यूनतायाः च सन्दर्भे एतत् पश्यति, यदा तु काङ्ग्रेसपक्षः महङ्गायेन सह विषयं सम्बद्ध्य सर्वकारं लक्ष्यं कुर्वती अस्ति। शर्करामूल्यानां विषये प्रश्नेन आरब्धः विवादः अधुना राजनैतिकसंवेदनशीलतायाः, औसतग्राहकस्य कष्टानां च चिन्तायां वर्धितः अस्ति।

## राशिफल

**मेष** : अपने साथी को खुश रखें। आज के दिन जरूरी मुद्दों को सुलझाएं। क्लाइंट से काफी तारीफ भी हासिल होगी।

**वृषभ** : आज काम का प्रेशर ज्यादा बढ़ सकता है। आज का दिन अपनी पॉजिटिव एनर्जी को बढ़ाने के बारे में है।

**मिथुन** : आपका दिन काफी पॉजिटिव रहने वाला है। अपनी इस पॉजिटिव एनर्जी को जरूरी काम में लगाएं।

**कर्क** : आज कुछ लोग पुराने रिश्ते में वापस जा सकते हैं। आज आपको बड़ा इन्वेस्टमेंट करने से बचना चाहिए।

**सिंह** : आज महिलाओं को अपने ससुराल पक्ष से समस्याएं हो सकती हैं, जिसके बारे में बात करना जरूरी है।

**कन्या** : आज सिंगल लोगों की मुलाकात आज अपने क्रश से हो सकती है। प्रोडक्टिविटी पर फोकस बढ़ाएं।

**तुला** : आज सेहत आपकी ठीक-ठाक रहने वाली है। तुला राशि के लोगों के लिए उतार-चढ़ाव से भरपूर दिन रहने वाला है।

**वृश्चिक** : आज मेंटल हेल्थ पर ध्यान दें। आपका दिन मिला-जुला रहने वाला है। सेहत के मामले में थोड़ी बहुत परेशानी झेलनी पड़ेगी।

**धनु** : कुछ लोगों का आज का दिन काफी शानदार रहने वाला है। पैसों के मामले आज आपको कोई अच्छी खबर मिल सकती है।

**मकर** : आज लव के मामले में प्रॉब्लम्स को सॉल्व करें। पेट से जुड़ी छोटी- मोटी प्रॉब्लम हो सकती है।

**कुंभ** : करियर में आपको कुछ जरूरी टास्क मिल सकते हैं, जो आपकी क्रिएटिविटी दिखाने का मौका हैं।

**मीन** : आज का आपका दिन काफी बिजी-बिजी रहने वाला है। काम के सिलसिले में क्लाइंट के ऑफिस के चक्कर लगाने पड़ सकते हैं।

## ज्योतिष/वास्तु

# आज का दिन 3 राशियों के लिए रहेगा खास, नवपंचम और लाभ दृष्टि योग से मिलेगा धन-करियर में लाभ

1 सितंबर को दो प्रभावशाली योग नवपंचम योग और लाभ दृष्टि योग का निर्माण होगा। इन ग्रहों की स्थिति कुछ राशि के जातकों के लिए विशेष रूप से लाभकारी साबित हो सकती है। करियर, आर्थिक स्थिति, कारोबार और शिक्षा से जुड़े मामलों में इन्हें अच्छे अवसर मिलने के संकेत हैं। आइए जानते हैं कौन-सी हैं ये भाग्यशाली राशियां।

सितंबर की शुरूआत ज्योतिषीय दृष्टि से काफी खास रहने वाली है। महीने के पहले ही दिन दो प्रभावशाली योग नवपंचम योग और लाभ दृष्टि योग का निर्माण होगा। ज्योतिष शास्त्र में इन दोनों योगों को शुभ परिणाम देने वाला माना जाता है। नवपंचम योग का संबंध गुरु और शनि की विशेष स्थिति से है। जब ये दोनों ग्रह एक-दूसरे से पांचवें और नौवें भाव के संबंध में होते हैं, तब यह योग बनता है। वहीं लाभ दृष्टि योग का निर्माण बुध और मंगल के बीच होगा। 1 सितंबर को दोनों ग्रहों के बीच 60 डिग्री का कोण बनेगा, जिसे ज्योतिष में अनुकूल माना जाता है।

इन ग्रहों की स्थिति कुछ राशि के जातकों के लिए विशेष रूप से लाभकारी साबित हो सकती है। करियर, आर्थिक स्थिति, कारोबार और शिक्षा से जुड़े मामलों में इन्हें अच्छे अवसर मिलने के संकेत हैं। आइए जानते हैं कौन-सी हैं ये भाग्यशाली राशियां।



**कर्क राशि-** कर्क राशि के जातकों के लिए सितंबर की शुरूआत काफी शुभ रह सकती है। गुरु आपकी राशि में मौजूद हैं और शनि के साथ उनका नवपंचम संबंध बन रहा है। इसका सकारात्मक प्रभाव आपके कामकाज पर देखने को मिल सकता है। लंबे समय से रुके कार्य गति पकड़ेंगे और आपकी योजनाएं आगे बढ़ेंगी। नौकरी करने वालों को नई जिम्मेदारी या पदोन्नति मिल सकती है। कार्यक्षेत्र में वरिष्ठ अधिकारियों का सहयोग प्राप्त होगा। जो लोग नौकरी बदलने की तैयारी कर रहे हैं, उनके लिए भी यह समय अच्छे अवसर लेकर आ सकता है। व्यापारियों को लाभ के नए सौदे मिलने की संभावना है।

**तुला राशि-** तुला राशि वालों के लिए महीने की शुरूआत सकारात्मक ऊर्जा लेकर आएगी। ग्रहों की अनुकूल स्थिति से करियर में आगे बढ़ने के अवसर प्राप्त हो सकते हैं। आपकी मेहनत का उचित परिणाम मिलने की संभावना है। नौकरी में बदलाव की योजना बना रहे हैं तो प्रयास तेज कर सकते हैं। प्रमोशन या बेहतर पद मिलने के योग बन सकते हैं। आर्थिक मोर्चे पर भी स्थिति मजबूत होने के संकेत हैं। आय बढ़ाने के नए साधन मिल सकते हैं और धन संबंधी परेशानियों में कमी आने की संभावना है।

**मीन राशि-** मीन राशि के जातकों के लिए भी सितंबर का शुरूआती समय कई अच्छे अवसर लेकर आ सकता है। शिक्षा और करियर से जुड़े मामलों में सकारात्मक परिणाम मिलने की संभावना है। आपकी आर्थिक स्थिति मजबूत हो सकती है। लेखन, शोध और अन्य बौद्धिक कार्यों से जुड़े लोगों को विशेष लाभ मिल सकता है। नौकरी की तलाश कर रहे युवाओं को अच्छी खबर मिल सकती है। पुराने निवेश से फायदा मिलने के संकेत हैं। विद्यार्थियों का पढ़ाई में ध्यान केंद्रित रहेगा। कारोबारियों की कोई महत्वपूर्ण डील अंतिम रूप ले सकती है।

**इन राशियों के जातक रखें खास ध्यान-** हालांकि ग्रहों की स्थिति कई मामलों में अनुकूल रहेगी, लेकिन 1 सितंबर को कुछ चुनौतीपूर्ण ग्रह कोण भी बनेंगे। इसलिए किसी भी महत्वपूर्ण काम में जल्दबाजी करने से बचें। खासतौर पर बड़े निवेश या आर्थिक निर्णय लेने से पहले सभी पहलुओं की अच्छी तरह जांच कर लें।

### इंस्टाग्राम पर इमोशनल पोस्ट की, लिखा- यह फैसला बेहद मुश्किल और दर्दनाक

# मेसी ने इंटरनेशनल फुटबॉल से संन्यास लिया

ब्रह्मास्त्र ▸▸ अर्जेन्टीना

स्टार फुटबॉलर लियोनेल मेसी ने इंटरनेशनल फुटबॉल को अलविदा कह दिया है। उन्होंने सोमवार को सोशल मीडिया पर हाथ से लिखे नोट की तस्वीर के साथ संन्यास का ऐलान किया।

39 साल के मेसी ने बताया कि फाइनल के 2 दिन बाद 21 जुलाई को ही उन्होंने संन्यास का फैसला लिख लिया था। उनका आखिरी मैच वर्ल्ड कप फाइनल था, जिसमें अर्जेंटीना को स्पेन से हार मिली थी। मेसी ने लिखा कि उनके पिता जॉर्ज मेसी की मौत के बाद उन्हें लगा कि अर्जेंटीना के लिए करियर खत्म करने का यही सही समय है।' जॉर्ज मेसी का 8 अगस्त को सेंट्रल अर्जेंटीना के रोसारियो शहर के एक अस्पताल में निधन हुआ था। वे 68 साल के थे।

**मेसी ने पोस्ट में क्या लिखा-** मेसी ने लिखा, ह्ययह फैसला लेना तकलीफदेह था और आज भी दिल के अंदर तक दुख देता है, लेकिन मैं समझता हूं कि अब समय आ गया है। मैंने हमेशा अपना सब कुछ दिया है। सिर्फ उन पिछले कुछ



सालों में नहीं, जब हमने सब कुछ जीता, बल्कि उससे पहले भी। मैंने इस जर्सी के लिए हमेशा संघर्ष किया। मैदान पर अपना सब कुछ छोड़ा, ताकि आपको खुशी दे सकूं। फुटबॉल के जरिए आपको अर्जेंटीनियन होने पर गर्व महसूस करा सकूं। समय कम बचा है और अध्याय खत्म होते हैं। यह भी ऐसा ही एक अध्याय है, जो मुझे बहुत दुख देता है। मुझे राष्ट्रीय टीम का हिस्सा बनना पसंद था, पसंद है और हमेशा रहेगा। मैंने अपने पास मौजूद सब कुछ दे दिया है। अब मेरे पास देने के लिए कुछ नहीं बचा है। इसके अलावा, कई बेहतरीन युवा खिलाड़ी आ रहे हैं, जो यहां होने के हकदार हैं।

**पिता के निधन के बाद कहा था- ज्यादा नहीं खेल पाऊंगा-** मेसी ने अपने पिता की मौत के बाद एक पोस्ट में लिखा था कि उन्हें इस बात को लेकर काफी संदेह था कि वे ज्यादा समय तक अर्जेंटीना के लिए खेल पाएंगे या नहीं। उन्होंने स्पेन के खिलाफ वर्ल्ड कप फाइनल में अपने प्रदर्शन को लेकर भी लिखा था, मेरे पैर अब आगे नहीं बढ़ पा रहे थे। इस बार मैंने अपनी शारीरिक सीमाओं से आगे जाने की कोशिश की, लेकिन मैं ऐसा नहीं कर सका।

### फैंस और साथियों को शुक्रिया कहा

- मेसी ने अर्जेंटीना के फैंस को पिछले 20 साल के प्यार के लिए शुक्रिया कहा। उन्होंने लिखा, मुझे मैदान से आपकी आवाज सुनना बहुत याद आएगा। अब मैं आप ही में से एक रहूंगा और बाहर से टीम का समर्थन करूंगा, अच्छे समय में भी और बुरे समय में भी, खासकर बुरे समय में।
- मेसी ने अपने परिवार को साथ देने के लिए धन्यवाद किया। उन्होंने कहा कि यह सफर बहुत खूबसूरत और मुश्किल रहा। मेसी ने हर कोच, साथी खिलाड़ी और अधिकारी को भी धन्यवाद दिया, जिनके साथ उन्होंने यह सफर तय किया। उन्होंने लिखा कि वे अपने साथ कभी न भूलने वाली यादें और पल लेकर जा रहे हैं।
- मेसी ने कहा, ह्यमैं इस शांति और गर्व के साथ जा रहा हूं कि मैंने अपने साथियों के साथ मिलकर आपको वे पल दिए, जिनका हमने कभी सिर्फ सपना देखा था। आप सभी के साथ यह अनुभव जीना शानदार रहा। मैं आपसे प्यार करता हूं। उन्होंने अंत में लिखा, मुझे अर्जेंटीनियन बनाने के लिए धन्यवाद, भगवान! लेट्स गो, अर्जेंटीना!'

### अर्जेंटीना को 2022 में फुटबॉल वर्ल्ड कप जिताया

मेसी अपने देश के सबसे ज्यादा गोल करने वाले और सबसे ज्यादा मैच खेलने वाले खिलाड़ी हैं। उन्होंने 2005 में अर्जेंटीना के लिए डेब्यू किया था। वे टीम के लिए 6 वर्ल्ड कप खेले चुके हैं। मेसी ने 2022 में कतर में अर्जेंटीना को वर्ल्ड कप जिताया। अर्जेंटीना तीसरा वर्ल्ड कप जीता था और 36 साल का सूखा खत्म किया। मेसी ने 2021 कोपा अमेरिका जीतकर अर्जेंटीना का 28 साल का ट्रॉफी सूखा भी खत्म किया था।

# वैभव सूर्यवंशी ने 81 गेंदों पर 92 रन बनाए

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

वैभव सूर्यवंशी ने सोमवार को दलीप ट्रॉफी के पहले सेमीफाइनल में ईस्ट जोन के लिए 81 गेंदों पर 92 रन की पारी खेली। उन्होंने 7 छक्के और 7 चौके लगाए। इसके साथ ही वैभव दलीप ट्रॉफी के इतिहास में सबसे कम उम्र में अर्धशतक लगाने वाले बल्लेबाज बन गए।

ईस्ट जोन और सेंट्रल जोन के बीच यह सेमीफाइनल बेंगलुरु में खेला गया। सेंट्रल जोन ने पहली पारी में 266 रन बनाए थे। जवाब में ईस्ट जोन ने भी 266 रन बनाए। वैभव ने 42 गेंदों पर अपना अर्धशतक पूरा किया। उन्होंने हाल ही में श्रीलंका के खिलाफ डेब्यू करने वाले सारांश जैन की गेंद पर छक्का लगाकर फिफ्टी पूरी की। अर्धशतक तक पहुंचने के दौरान उन्होंने 5 चौके और 3 छक्के लगाए थे। इसके बाद भी उन्होंने आक्रामक बल्लेबाजी जारी रखी और शतक से सिर्फ 8 रन दूर रह गए। हर्ष दुबे ने उन्हें आउट किया।

# पीसीबी ने कोच समेत 7 प्लेयर्स को वापस बुलाया

### इंग्लैंड से 2 टेस्ट हारने के बाद फैसला, 9 सितंबर से बर्मिंघम में तीसरा मैच

ब्रह्मास्त्र ▸▸ लाहौर

पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने सोमवार को इंग्लैंड के खिलाफ तीसरे और आखिरी टेस्ट से पहले अपनी टीम में बड़ा बदलाव किया। बोर्ड ने 7 खिलाड़ियों को घर वापस बुला लिया है। उनकी उनकी जगह सात नए खिलाड़ियों को मौका दिया गया है।

पीसीबी ने मोहम्मद रिजवान, इमाम-उल-हक, सलमान अली आगा, अली उस्मान, आमिर जमाल, मुहम्मद अवैस जफर और खुर्रम शहजाद को रिलीज किया गया है। ये बदलाव लीड्स और लॉर्ड्स टेस्ट में पाकिस्तान के हारने के बाद हुए हैं। टीम 3 मैचों की सीरीज में 2-0 से पीछे है। तीसरा और आखिरी मैच 9 सितंबर से शुरू होगा।



सात नए खिलाड़ियों में सैम अयूब, अब्दुल्ला फजल, अराफात मिन्हास, साद बैग, मुहम्मद रंधावा, रजाउल्लाह और मुहम्मद इमरान जूनियर शामिल हैं। इनमें से पांच प्लेयर इंटरनेशनल क्रिकेट खेल चुके हैं। जबकि, मुहम्मद रंधावा और रजाउल्लाह ने कोई इंटरनेशनल मैच नहीं खेला है। ये सभी प्लेयर्स तीसरे टेस्ट से पहले पाकिस्तान की टीम से जुड़ेंगे। सैम अयूब ने आठ टेस्ट और अब्दुल्ला फजल ने दो टेस्ट खेले हैं। लेफ्टी स्पिन बॉलिंग ऑलराउंडर अराफात मिन्हास पाकिस्तान के लिए तीन वनडे और चार टी-20 इंटरनेशनल खेल चुके हैं। पाकिस्तानी बोर्ड ने मुख्य कोच सरफराज अहमद और गेंदबाजी कोच उमर गुल को भी रिलीज कर दिया है। अब माइक हेसन को मुख्य कोच और एशले नॉफ्के को गेंदबाजी कोच बनाया गया है।

## खबर एक नजर...

### शोरूम संचालक की हत्या करने वालों को भेजा जेल

**उज्जैन।** हार्न बजाकर साइड मांगने पर गुरूवार-शुक्रवार रात दमदमा में ट्रेक्टर शोरूम संचालक यश पिता विजयनारायण मित्तल निवासी ऋषिनगर की सात बदमाशों ने चाकू मारकर हत्या कर दी थी। माधवनगर थाना पुलिस ने मृतक के दोस्त अमित पालीवाल की शिकायत पर सागर तनोरिया, विशाल ठाकुर, विजय ठाकुर, करण गाठिया, आकाश रायकवार, आयुष शर्मा और आयुष उर्फ सेंटू कुशवाहा के खिलाफ हत्या का प्रकरण दर्ज किया था। 2 दिन में सभी आरोपियों की गिरफ्तारी की गई और चाकू बरामद किया गया। थाना प्रभारी गजेन्द्र पचौरिया ने बताया कि सोमवार सभी आरोपियों को कोर्ट में पेश किया गया था, जहां न्यायिक हिरासत में जेल भेजा गया है। विदित हो कि बदमाशों ने साइड मांगने पर यश और उसके दोस्तों को धमकी भरे अंदाज में कहा था कि यह दमदमा है, हमारे बारे में यहा पता कर लेना हम कौन है, गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने उन्ही के अंदाज में दमदमा ले जाकर बदमाशों को कानून के डंडे का खौफ दिखाया था।

### उड़ीसा के गांजा तस्कर को 8 दिन की रिमांड पर लिया

**उज्जैन।** चिमनगंज थाना पुलिस ने 8 दिन पहले कानीपुरा रोड से कार सवार आदर्श नायक ग्राम इटावा तराना हाल मुकाम राज रॉयल कालोनी, तेजस वर्मा देवनगर आगररोड और साहिल हैला निवासी बड़ा मोहल्ला पानबिहार को के पास से 53 किलो से अधिक गांजा बरामद किया था। तीनों से रिमांड के दौरान गांजा तस्कर सचिन उर्फ जतीन पिता प्रकाशचंद्र डिगल 33 साल निवासी भुवनेश्वर का सुराग मिला था, पुलिस की एक टीम सचिन को उड़ीसा से गिरफ्तार कर उज्जैन लाई थी। जिसे सोमवार को न्यायालय में पेश कर 8 दिनों की रिमांड पर लिया गया है। थाना प्रभारी विवेक कनोडिया ने बताया कि उड़ीसा के तस्कर से पूछताछ में गांजा सप्लाई की कई जानकारी सामने आ सकती है, संभावना है कि उससे जुड़े कुछ ओर आरोपी भी गिरफ्त में आ सकते है।

### क्षेत्र में मिला जिलाबदर बदमाश, पुलिस ने लगाई रासुका

**उज्जैन।** तराना थाना पुलिस ने सरस्वती कालोनी में रहने वाले बदमाश जगदीश पिता भीमा 45 साल को कुछ माह पहले अपराधिक गतिविधियों के चलते जिलाधीश के आदेश पर संभाग की सीमा से जिलाबदर कर दिया था। उसे बिना अनुमति जिले में प्रवेश की अनुमति नहीं थी। बावजूद जिलाबदर बदमाश रविवार रात सरस्वती कालोनी के सामने रूपाखेड़ी मार्ग पर घूम रहा था। बदमाश के बिना अनुमति नगर में प्रवेश करने की सूचना मिलने पर एएसआई आनंदसिंह झाला टीम के साथ रूपाखेड़ी मार्ग पहुंचे और घेराबंदी कर जिलाबदर बदमाश को पकड़ा गया। जिसके खिलाफ मध्यप्रदेश राज्य सुरक्षा अधिनियम की धारा 14 में प्रकरण दर्ज किया और सोमवार को न्यायालय में पेश किया, जहां से जेल भेजा गया है। तराना पुलिस के अनुसार बदमाश के खिलाफ कई संगीन मामले पूर्व में दर्ज हो चुके है। लेकिन उसकी अपराधिक गतिविधियां कम नहीं हो रही थी। जिसके चलते उसे जिलाबदर किया गया था, बदमाश मूलरूप से देवली का रहने वाला है और वर्तमान में सरस्वती कालोनी में निवास कर रहा था।

### युवक की मौत के 13 दिन बाद दर्ज हुआ केस

**उज्जैन।** इंगोरिया थाना क्षेत्र के ग्राम खरसौदखुर्द पावर हाऊस के पास 18 अगस्त की रात सड़क दुर्घटना में मोहन पिता बगदीराम परमार 35 साल निवासी खरसौदखुर्द की मौत हो गई थी। घटनाक्रम के दौरान चार पहिया वाहन चालक द्वारा टक्कर मारना सामने आया था। पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर मृतक का पोस्टमार्टम कराया था। 13 दिन बाद रविवार को पुलिस ने मामले में चालक के खिलाफ लापरवाही से वाहन चलाकर युवक की जान लेने का प्रकरण दर्ज किया है।

### देवासरोड पर कार-बाइक भिड़ंत में एक घायल

**उज्जैन।** देवासरोड पर बोलासा फंटा पर सोमवार दोपहर कार-बाइक की भिड़ंत हो गई। बाइक पर सवार राहुल पिता गंगाराम चौधरी 52 साल निवासी जैन कालोनी नरवर गंभीर घायल हो गया। दुर्घटना की खबर मिलने पर नरवर पुलिस मौके पर पहुंची। घायल को अस्पताल पहुंचाया गया और उसके रिश्तेदार बालूसिंह चौधरी की शिकायत पर कार क्रमांक 25 बीएच 6739 एम नम्बर सामने आने पर चालक के चालक खिलाफ मामला दर्ज किया। बताया जा रहा है कार दूसरे प्रदेश की है। दुर्घटना का दूसरा मामला शांति पैलेस ब्रिज के पास हुआ। एक्टिवा पर सवार तनीषा नामक युवती को तेजगति से दौड़ती कार ने टक्कर मार दी थी। पुलिस ने सूचना मिलने पर घायल युवती को अस्पताल पहुंचाया और स्वयं दुर्घटना पर संज्ञान लेते हुये कार चालक के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया, जो मौके से भाग निकला था।

### उधार दिये रूपयों को लेकर युवक के साथ मारपीट

उज्जैन। खाचरौद थाना क्षेत्र के ग्राम बडागांव में प्रहलाद पिता भुवान चौधरी 32 साल के साथ गांव में रहने वाले नारायण और उसके साथियों मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने प्रहलाद की शिकायत पर नारायण और उसके साथियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है। प्रहलाद ने बताया कि उधार दिये रुपए वापस मांगने पर उसके साथ मारपीट की गई है।

| | | |
|---|---|---|
| दिन | 600-6 | 360-9 |
| मेन बाजार | 378-8 | 670-3 |
| मिलन डे | 588-1 | 268-6 |
| मिलन नाइट | 468-8 | 246-2 |

| | | |
|---|---|---|
| 5 | 8 | 0 |

पांच स्थानों पर लगाये थे, एक माह में आरक्षक ने किये तैयार

# महाकाल की सवारी में स्वदेशी पोर्टेबल कैमरों से निगरानी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

बाबा महाकाल की पांचवीं सवारी में सोमवार को पांच स्थानों पर स्वदेशी पोर्टेबल कैमरों से निगरानी की गई। कैमरों को रेडियो शाखा में पदस्थ प्रधान आरक्षक ने एक माह में तैयार किया था। सवारी में शामिल मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कैमरे देखे तो आरक्षक के नवाचार की सराहना कर पीठ थपथपाई।

एसपी प्रदीप शर्मा ने बताया कि धार्मिक नगरी में श्रद्धालुओं की सुरक्षा, यातायात व्यवस्था, भीड़ प्रबंधन को लेकर पूरे शहर में सीसीटीवी कैमरे लगे है, बावजूद बाबा महाकाल की पांचवी सवारी में पांच स्थानों पर बिना बिजली से चलाने वाले पांच स्वदेशी पोर्टेबल सीसीटीवी कैमरे लगाकर निगरानी की गई। स्वेदशी कैमरे पुलिस विभाग की रेडियो शाखा में पदस्थ प्रधान आरक्षक गौरव जयसवाल द्वारा तैयार किये गये है, जो सवारी मार्ग पर पूरी तरह कारगर साबित रहे। पांचों स्वदेशी कैमरे सवारी मार्ग गुदरी चौराहा, हरसिद्धि पाल, रामघाट, रामानुजकोट और कमरी मार्ग पर लगाये गये थे। प्रधान आरक्षक द्वारा



एक माह की मेहनत के बाद पांच कैमरे तैयार किये गये थे। 10 कैमरे ओर तैयार कराये जा रहे है, जिनका उपयोग शहर में प्रमुख स्थानों पर लगाकर किया जायेगा। सवारी में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव शामिल हुये थे, जिन्हे स्वदेशी कैमरों से अगवत कराया गया, उन्होने कम लागत में कैमरे तैयार करने वाले प्रधान आरक्षक सराहना करते उज्जवल भविष्य की कामना की।



#### बिना बिजली 24 घंटे होगी निगरानी

स्वदेशी पोर्टेबल कैमरे बिना बिजली 24 घंटे निगरानी रख सकता है। कैमरे को सोलर पैनल, बेटरी और सीम के साथ डिजाइन किया गया है। दिन में सौर उर्जा से चार्ज होता है, जहां वाईफाई या इंटरनेट नहीं होता है वहां सीम कार्ड के माध्यम से फोन पर लाइव फुटेज देखी जा सकती है। कैमरे में किसी तरह की वायरिंग या बिजली बोर्ड की जरूरत नहीं होती है।

#### कम लागत में हाईटेक विकल्प

पोर्टेबल होने के कारण कैमरे को आवश्यकता के अनुसार अलग-अलग संवेदनशील स्थानों पर आसानी से स्थापित किया जा सकता है। कम लागत में तैयार यह स्वदेशी समाधान बड़े धार्मिक आयोजनों, जुलूसों और भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में पुलिसिंग को तकनीक से जोड़ने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

**पांचवी सवारी में कम रहा वारदतों का ग्राफ-** सोमवार को बाबा महाकाल की पांचवी सवारी निकाली गई। श्रद्धालुओं की संख्या भी कम रही लेकिन आस्था का सैलाब दिखाई दिया। इस बीच सवारी में श्रद्धालुओं के साथ वारदात होने के मामले भी कम सामने आये। महाकाल मंदिर से निकली वाली बाबा महाकाल की सवारी का मार्ग 2 थाना क्षेत्र के बीच से गुजरता है। पिछली चार सवारी के दौरान दर्जनों श्रद्धालुओं के पर्स, मोबाइल और चेन चोरी के मामले सामने आये थे। पांचवी सवारी में वारदातों को ग्राफ कम रहा। खाराकुआ थाना क्षेत्र के मार्ग पर 3 श्रद्धालुओं के मोबाइल चोरी की शिकायत पुलिस के पास पहुंची। वहीं महाकाल थाना क्षेत्र में पांच से छह मोबाइल गुम होने की शिकायत श्रद्धालुओं ने पहुंचकर की। पुलिस ने कुछ संदिग्धों को हिरासत में लिया था, जिनसे कुछ सामने नहीं आ पाया। रात में कुछ संदिग्धों को छोड़ दिया गया, कुछ से पूछताछ जारी है। पिछली चार सवारी के दौरान पुलिस ने वारदात के लिये बाहर से कई गैंग की महिला और पुरूषों को पकड़ा था। वहीं महाराष्ट्र के बदमाश को गिरफ्तार कर उसके पास से चौथी सवारी में चोरी की गई चार सोने की चेन और 2 मंगलसूत्र बरामद किये थे। अब पुलिस के लिये आगामी सोमवार को निकलने वाली शाही सवारी चुनौती भरी होगी। शाही सवारी में देशभर से लाखों की संख्या में श्रद्धालु शामिल होगें। सवारी मार्ग भी 3 थाना क्षेत्रों का होगा।

# आस्था, सेवा और मानवता का संदेश देती फिल्म हनुमान अंश, दर्शकों को भावुक कर रही कहानी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

आध्यात्मिकता, आस्था और मानव सेवा के संदेश को केंद्र में रखकर बनाई गई फिल्म ह्यहनुमान अंशह्न इन दिनों चर्चा में है। फिल्म नीम करौली बाबा के जीवन और उनके आध्यात्मिक व्यक्तित्व से प्रेरित है। फिल्म में चमत्कारों से अधिक प्रेम, सेवा, त्याग और मानवता को महत्व दिया गया है, जो इसे सामान्य धार्मिक फिल्मों से अलग पहचान देता है।

फिल्म की कहानी दर्शकों को एक ऐसी आध्यात्मिक यात्रा पर ले जाती है, जहां जीवन के संघर्षों के बीच सेवा और विश्वास की शक्ति को सामने रखा गया है। फिल्म का भावनात्मक पक्ष इसकी प्रमुख विशेषता है। कई दृश्यों में आध्यात्मिक वातावरण और पात्रों की भावनाएं दर्शकों से सीधे जुड़ती हैं।




निर्देशक विशाल चतुर्वेदी ने कहानी को भव्यता के बजाय सहजता के साथ प्रस्तुत करने का प्रयास किया है। फिल्म का उद्देश्य केवल किसी संत के जीवन की घटनाओं को पर्दे पर दिखाना नहीं, बल्कि उनके विचारों और मानवता के संदेश को दर्शकों तक पहुंचाना नजर आता है।

फिल्म की गति कुछ दर्शकों को धीमी लग सकती है। खासकर वे दर्शक जो तेज-तर्रार मनोरंजन या व्यावसायिक मसाले की अपेक्षा रखते हैं, उनके लिए फिल्म की शांत और आध्यात्मिक शैली अलग अनुभव हो सकती है। लेकिन आस्था, अध्यात्म और संत जीवन से जुड़ी कहानियां पसंद करने वाले दर्शकों के लिए फिल्म प्रभाव छोड़ती है।

#### चमत्कार से ज्यादा सेवा पर जोर

हनुमान अंश की सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि फिल्म आस्था को केवल चमत्कारों तक सीमित नहीं करती। फिल्म में यह संदेश उभरकर आता है कि मानव सेवा ही सबसे बड़ी साधना है और प्रेम ही आध्यात्मिकता का मूल आधार है। यही विचार फिल्म को भावनात्मक गहराई देता है।

#### समीक्षा की नजर से

कहानी, भावनात्मक प्रस्तुति और आध्यात्मिक वातावरण फिल्म की ताकत हैं। वहीं इसकी धीमी गति और सीमित व्यावसायिक मनोरंजन कुछ दर्शकों को कम पसंद आ सकता है। कुल मिलाकर हनुमान अंश ऐसी फिल्म है जिसे केवल मनोरंजन के नजरिए से नहीं, बल्कि आस्था और जीवन के मूल्यों के संदेश के रूप में देखना अधिक उचित होगा। फिल्म उन दर्शकों को विशेष रूप से पसंद आ सकती है, जो संतों के जीवन, अध्यात्म और भारतीय संस्कृति से जुड़ी कहानियों में रुचि रखते हैं।

## महाकाल दर्शन की कतार में बालक को स्ट्रीट डॉग ने काटा

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

परिवार के साथ महाकाल दर्शन की कतार में लगे बालक को स्ट्रीट डॉग ने काट लिया। बालक को परिजन लोगों की मदद से मंदिर परिसर स्थित डिस्पेंसरी लेकर पहुंचे। जहां से सोमवार सुबह बालक को रैबिज वैक्सीन डोज के लिये चरक अस्पताल लगाया गया।

बताया जा रहा है कि नोएडा से मिश्रा परिवार महाकाल दर्शन करने आया था। परिवार रविवार रात दर्शन की कतार में लगा था। उसी दौरान बैरिकेट्स के बीच अचानक स्ट्रीट डॉग आ गया और उसने मिश्रा परिवार के 8 वर्षीय पुत्र विवान को काट लिया। कतार में खड़े श्रद्धालुओं ने बालक की चीख सुनकर स्ट्रीट डॉग को भगाया। परिवार विवान को मंदिर परिसर स्थित डिस्पेंसरी लेकर पहुंचा। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार दिया। सोमवार सुबह परिवार बालक को लेकर चरक अस्पताल पहुंचा था, जहां पिता करण मिश्रा ने बताया कि घटना कार्तिकेय मंडप के पास हुई। वह दो दिन की यात्रा पर उज्जैन आये थे। चरक अस्पताल में बालक को रैबिज वैक्सीन का पहला डोज लगाया। विदित हो कि महाकाल मंदिर परिसर में स्ट्रीट डॉग के श्रद्धालुओं को काटने का यह पहला मामला नहीं है। पूर्व में भी कई श्रद्धालु मंदिर परिसर और आसपास के क्षेत्र में शिकार हो चुके है। यहीं नहीं कुछ माह पहले तो स्ट्रीट डॉग ने मंदिर की महिला कर्मचारी को काट लिया था। पूर्व में श्रद्धालुओं के साथ हुई घटना को देख नगर निगम टीम द्वारा मंदिर परिसर और आसपास क्षेत्र में अभियान चलाया था और कई स्ट्रीट डॉग पकड़े थे, लेकिन एक बार फिर मंदिर के आसपास स्ट्रीट डॉग की मौजूदगी दिखाई दे रही है।

## सवारी में उत्कृष्ट कार्य पर पुलिसकर्मियों का सम्मान



ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

बाबा महाकाल की पांचवी और भादौ माह की पहली सवारी में सुरक्षा-व्यवस्था की कमान संभालकर उत्कृष्ट कार्य करने पर पुलिसकर्मियों को एसपी प्रदीप शर्मा द्वारा सम्मान किया गया। नीलकंठ द्वारा प्रशस्ती पत्र सौंपते उन्होने सभी भविष्य में इसी प्रकार निष्ठा और लगन के साथ कार्य करने की अपेक्षा व्यक्त की।

परिवहन निरीक्षक के पास मिली थी आय से अधिक संपत्ति

# 14 साल बाद 4 साल की सजा, 60 लाख का जुर्माना

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

आय से अधिक संपत्ति मामले में 14 साल बाद आये फैसले में तत्कालीन परिवहन निरीक्षक को 4 साल की सजा सुनाई गई है, साथ ही 60 लाख के अर्थदंड से दंडित किया गया है। अर्थदंड जमा नहीं करने पर सजा का एक साल बढ़ जायेगा।

लोकायुक्त संगठन भोपाल को वर्ष 2011 में परिवहन निरीक्षक सेवाराम खांडेगर के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति की शिकायत मिली थी। 11 सितंबर 2011 को मामले में प्रकरण दर्ज कर लोकायुक्त



उपपुलिस अधीक्षक ओपी सागोरिया की टीम ने परिवहन निरीक्षक के अलखनंदा नगर स्थित मकान पर छापा मारा था। आलीशान मकान में विलासिता का हर सामान, आभूषण, नगदी, वाहन मिलना सामने आये थे। प्रकरण की विवेचना उपपुलिस अधीक्षक एसएस उदावत ने शुरू की थी, इस दौरान सामने आया था कि निरीक्षक खांडेगर की आय से 572 प्रतिशत अधिक संपत्ति उनके पास है। उनकी कुल आय 27.37 लाख से कुछ अधिक रही है, लेकिन उनके पास 1.84 करोड़ से अधिक की संपत्ति है। विवेचना पूरी होने पर भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धारा 13 (1ई), 13 (2), का प्रकरण दर्ज कर 30 अगस्त 2014 को अभियोग पत्र लोकायुक्त की ओर से विशेष न्यायालय में प्रस्तुत किया गया था। इस दौरान लम्बी सुनवाई न्यायालय में चली और 14 साल बाद सोमवार को विशेष न्यायाधीश (भ्रष्टाचार निवासी अधिनियम) फैसला सुनाते हुये तत्कालीन निरीक्षक को आय से अधिक संपत्ति का दोषी करार देते हुये 4 साल की सजा और 60 लाख के अर्थदंड से दंडित किया।

#### एक साल की बढ़ सकती है सजा

विशेष न्यायालय की ओर से सजा के साथ सुनाये 60 लाख के अर्थदंड पर कहा गया कि अगर जुमार्ना अदा नहीं किया गया तो आरोपी को सजा एक साल अतिरिक्त भुगतना होगा। फैसले के बाद न्यायालय में मौजूद आरोपी को लोकायुक्त टीम ने अपनी कस्टडी में लिया और भैरवगढ़ जेल भेज दिया। प्रकरण में लोकायुक्त संगठन की ओर से विशेष लोक अभियोजक मनोज पाठक और बाद में अंश पैरवीकर्ता संजय मीणा डीडीपी द्वारा अभियोजन का संचलान किया। प्रकरण में आरक्षक संजीव कुमारिया ने सहयोग किया।

# श्मसान में जलती चिता से किन्नर अघोरी ने मांस निकालकर खाया, वीडियो वायरल

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

धर्मनगरी उज्जैन के श्मसान चकतीर्थ पर एक हैरान करने वाला मामला सामने आया है। सोश्यल मीडिया के इंस्टाग्राम प्लेटफार्म पर तेजी से वायरल हो रहे वीडियो में खुद को अघोरी एक जलती चिता के पास नजर आ रही हैं। वीडियो में वह चिता से निकालकर मास खाती नजर आ रही है। इस वीडियो के सामने आने पर संतों ने गुस्सा जताया है। मामले में पुलिस नगर निगम की प्रतिवेदन का इंतजार कर रही है।

वायरल हो रहे इस वीडियो में संबंधित अघोरी हाथ में तलवार लिए जलती चिता के पास खड़ी दिखाई दे रही है। श्मसान वासी के नाम से जारी वीडियो में अघोरी कहती हुई सुनाई देती है कि अब इंसान को खाएंगे आप लोग जय भवानी ये देखो गरम गरम है अभी निकाला बहुत टेस्टी है तुम्हारा जीवन से भी ऐसा खेलूंगी बहुत बड़े-बड़े तांत्रिकों को सबका मार दिया मेरे से बच के



रहना। इंसान को खाना, गरम-गरम राख लगाना, भूत प्रेत से खेलना, खोपड़ी से खेलना ये हमारा काम है। हमारे से बच के रहो। ऐसा गरम-गरम इंसान को खा रहे हैं हम। किसी के बस की बात नहीं है इंसान को गरम-गरम उठा के खाना। ये हमारा जीवन है। ये हम क्या कर सकते हैं तुम्हारा सोच के बाहर है। तुम सोच लो मैं क्या कर सकता हूँ। ऐसा गर्म-गर्म इंसान को खाने वाली। ये देखो फिर पेट भर गया। वीडियो अघोरी ने अपने ही इंस्टाग्राम अकाउंट से शेयर किया गया था, जिसके बाद यह तेजी से वायरल हुआ है हालांकि, इस वीडियो की प्रामाणिकता की आधिकारिक तौर पर स्वतंत्र पुष्टि नहीं हो सकी है।

- वायरल वीडियो को लेकर जूना अखाडा के महामंडलेश्वर शैलेषानंद गिरी महाराज बोले – ये बर्दाश्त नहीं। देखिए, अघोर साधना को गोपनीय रखना जरूरी है, उनको सार्वजनिक नहीं किया जा सकता। जो भी साधक सार्वजनिक करता है वो कहीं ना कहीं ढोंगी हो सकता है। इस प्रकार का कृत्य जो कि मानव मांस के भक्षण का दृश्यांकन करने वाला हो, वो नर पिशाच की श्रेणी में आता है। इस बात को समझना होगा। बहुत तेजी के साथ इस प्रकार की कुचेष्टाएँ हो रही हैं। इसको शासन को संज्ञान में लेना होगा।
- विडियों को लेकर अब तक सामने नहीं आया है कि ये कब का है। किस दिन इसे बनाया गया है और श्मसान में ऐसा किया गया है। इधर सोमवार अपरांह जीवाजीगंज थाना पुलिस को कुछ संगठनों की और से शिकायती आवेदन पहुंचे थे। नगर निगम की और से इसे लेकर कोई शिकायत किए जाने की बात सामने नहीं आई है।

## बाबा महाकाल की सवारी में निगम के स्वच्छता रथ ने दिया स्वच्छता का संदेश




ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

बाबा महाकाल की सवारी में नगर पालिक निगम उज्जैन द्वारा स्वच्छता रथ के माध्यम से श्रद्धालुओं एवं आमजन को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया। इसी क्रम में सोमवार को महापौर मुकेश टटवाल द्वारा स्वच्छता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। बाबा महाकाल की सवारी में नगर पालिक निगम उज्जैन द्वारा निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा के निर्देश अनुसार स्वच्छता रथ के माध्यम से श्रद्धालुओं एवं आमजन को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया। स्वच्छता रथ के द्वारा उज्जैन नगर पालिक निगम द्वारा स्वच्छता जन जागरण में किए जा रहे कार्यों के बारें में नागरिको को जानकारी दी गई साथ ही स्वच्छता रथ में आकर्षक प्रस्तुतियों के माध्यम से लोगों को स्वच्छता का संदेश दिया गया। स्वच्छता का जादू द्वारा नागरिकों को गीले एवं सूखे कचरे को अलग-अलग रखने और उचित तरीके से निस्तारण करने का संदेश दिया गया। वहीं प्लास्टिक के दानव के माध्यम से सिंगल यूज प्लास्टिक के दुष्परिणामों के बारे में लोगों को जागरूक किया गया तथा प्लास्टिक का उपयोग नहीं करने की अपील की गई।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संदीप मेहता द्वारा अवंतिका ऑफसेट 2, महाकाल मंदिर मार्ग, मालीपुरा, उज्जैन (म.प्र.) से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-संदीप मेहता 9827771777 फोन : 0734-4012777 Email -dainikbrahmastra@gmail.com